# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, मंगलवार 23 दिसम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 216 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




रांची में दिशोम गुरु शिबू सोरेन इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान का शुभारंभ करते सीएम हेमंत सोरेन

## आने वाली पीढ़ी के साथ खड़ी है झारखंड सरकार : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि आज एक नया अध्याय हम लोगों ने आने वाली पीढ़ी के लिए तैयार किया है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के नाम से यह संस्थान अपनी ऊंचाइयों को छुए, इसके लिए ऐतिहासिक प्रयास की शुरुआत हुई है। इस संस्थान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जो मोशन संस्था आई है उसके सभी सदस्यों का मैं हार्दिक स्वागत करता हूं। श्री सोरेन ने कहा कि अब यहां से बच्चे मेडिकल और इंजीनियरिंग की निःशुल्क कोचिंग लेकर बेहतर कॉलेजों में दाखिला ले सकेंगे। इसके लिए आप सभी बच्चों को तराशा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह



परिसर कभी नेताओं के भाषण का बहुत बड़ा उपयोगी स्थान रहा है लेकिन आज इस मैदान में इतना बड़ा कैंपस और इस कैंपस में भविष्य की सोच रखने वाली योजना अपना अस्तित्व ले रही है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप सभी बच्चे अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। यहां बच्चों के लिए खेलकूद की भी व्यवस्था हो, वे सभी गतिविधि में शामिल हों, इसका ध्यान रखा जाए। बच्चों के बेहतर भविष्य, उनकी पढ़ाई-लिखाई के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, प्री और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ भी लाखों बच्चों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी परेशानी को हम अपने कंधों में लें और आपका भविष्य बनाने का प्रयास करें, इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। मेडिकल, इंजीनियरिंग की कोचिंग हमारा पहला पड़ाव है, इसके बाद जेपीएससी, यूपीएससी, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, मैनेजमेंट समेत अन्य परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग सेंटर बनाने की तैयारी में हम लोग हैं ताकि आपकी उपस्थिति वहां भी दर्ज हो सके। श्री सोरेन ने कहा कि पूरी सरकार हमारी आने वाली पीढ़ी के साथ खड़ी है, आप मेहनत कीजिए, आपकी सफलता ही हमारे लिए सबसे बड़ा उपहार होगा। आप पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ अपनी संस्कृति के आदान-प्रदान करने का भी कार्य करें।

## तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी टक्कर, दो लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** झारखंड के सरायकेला-चाईबासा मुख्य मार्ग पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। थोलको गांव के पास चाईबासा की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने सरायकेला की ओर जा रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों की तत्परता से तुरंत सरायकेला सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने बाद में सामान्य कराया। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है और उसकी तलाश की जा रही है। इस



हृदय विदारक घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। प्रत्यक्षदर्शी दीपक कुमार ने बताया कि वह सरायकेला-चाईबासा मार्ग से गुजर रहे थे। उन्होंने तुरंत एम्बुलेंस को सूचना दी और घायल को अस्पताल पहुंचाया। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। सदर अस्पताल सरायकेला के डॉक्टर आयुष ने बताया कि मरीज की स्थिति नाजुक है और उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर करने की तैयारी की जा रही है। खबर लिखे जाने तक मृतक और घायल व्यक्ति के नाम की जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### गैंगस्टर ने सोना कारोबारी से मांगी एक करोड़ की रंगदारी

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले में एक ज्वेलरी कारोबारी रंजीत सोनी से गैंगस्टर प्रिंस खान ने एक करोड़ की रंगदारी मांगी है। रंजीत सोनी की मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के रेडमा इलाके में ज्वेलरी की दुकान है। गैंगस्टर ने सोशल मीडिया के माध्यम से रंजीत सोनी को एक वॉइस मैसेज भेजा है जिसके माध्यम से उन्होंने कारोबारी से एक करोड़ रुपए रंगदारी की मांग की है। पीड़ित रंजीत सोनी के द्वारा मेदिनीनगर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

### पीट-पीटकर युवक की हत्या

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** धनवार थाना अंतर्गत सिरसाय गांव में 17 दिसंबर को मानिकबाद निवासी कमलेश सिंह की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। सोमवार को पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है जबकि अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला और भी तूल पकड़ता जा रहा है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बाईपास बलियापुर रोड स्थित डांगी मोड़ के पास सोमवार को सड़क दुर्घटना में विनोद नगर निवासी डब्लू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब डब्लू कुमार अपने काम से जा रहे थे और एक अनियंत्रित वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने डांगी मोड़ के पास मुख्य सड़क को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी वाहन चालकों की लापरवाही और सड़क सुरक्षा के अपर्याप्त इंतजामों को लेकर विरोध जता रहे थे।

### 20 दिनों से लापता युवक का मिला शव

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय से सटे हुए जंगल में चंदवा थाना क्षेत्र के बनहरदी गांव निवासी मनोज उरांव नामक युवक का शव बरामद हुआ है। मामले की जानकारी होने के बाद डीएसपी अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के द्वारा स्पेशल टीम को बुलाया गया है। मृतक के पास ही एक मोटरसाइकिल भी पड़ी हुई थी। मृतक के परिजनों का आरोप है कि मनोज उरांव की हत्या हुई है जो पिछले 20 दिनों से लापता था।

### नवजात का क्षत-विक्षत शव बरामद

**गोड्डा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पथरगामा थाना क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास सोमवार सुबह एक नवजात शिशु का क्षत-विक्षत शव मिला। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## 24 दिसंबर तक 21 मेमू पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन रद्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** चक्रधरपुर रेल मंडल के चक्रधरपुर-राउरकेला व चाईबासा डीपीएस रेलखंड की रेल पटरियों के आसपास हाथियों के मूवमेंट के कारण 21 मेमू ट्रेनों को 24 दिसंबर तक के लिए कैंसिल कर दिया गया है। रेलवे ने हाथियों की सुरक्षा व जानमाल के नुकसान होने की संभावित कारणों से ट्रेनों का परिचालन कैंसिल किया है। 22 से 24 दिसंबर तक 21 मेमू पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन रद्द किए गए हैं। उक्त ट्रेनें टाटा नगर से राउरकेला, चक्रधरपुर से राउरकेला, टाटानगर से चाईबासा भाया डीपीएस, बिरमित्रापुर-बरसुआं, हटिया-राउरकेला रूट पर चलती हैं। इन रेल रूटों पर हाथियों के झुंड होने की सूचना पर रेलवे ने ट्रेनों को 24 दिसंबर तक कैंसिल किया है। मालूम हो कि पिछले एक सप्ताह से लगातार ट्रेनें कैंसिल हो रही हैं। रेलवे स्टेशन में पांच साल नौ महीने बाद हावड़ा-कांताबाजी इस्पात सुपरफास्ट एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हो गया। रविवार को शाम करीब साढ़े पांच बजे ट्रेन करीब छह घंटे विलंब से स्टेशन पहुंची तो लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। बता दें कि कोरोना काल के बाद जब ट्रेनों का परिचालन सामान्य हुआ तो सितंबर 2023 में रेलवे ने हावड़ा-टिटलागढ़ इस्पात एक्सप्रेस का स्टॉपेज दिया था लेकिन सप्ताह में चार दिन चलने वाली हावड़ा-कांताबाजी इस्पात एक्सप्रेस का ठहराव रेलवे की चूक के कारण शुरू नहीं हो सका था। इससे यात्रियों में इस्पात एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रहती थी।

## 2026 में रांची सदर अस्पताल में शुरू हो जाएगा बोन मैरो ट्रांसप्लांट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** आयुष्मान भारत योजना के लिए देश के सर्वश्रेष्ठ सदर अस्पतालों में शुमार हो चुका रांची का सदर अस्पताल एक और इतिहास बनाने की ओर बढ़ गया है। देश का यह पहला ऐसा सदर अस्पताल बनने की ओर अग्रसर है जहां 'बोन मैरो ट्रांसप्लांट' की सुविधा उपलब्ध होगी। कैबिनेट द्वारा सदर अस्पताल में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव पारित होने के बाद इसके लिए जरूरी संसाधन निर्माण के लिए साढ़े छह करोड़ रुपया भी जारी किया जा चुका है। रांची सदर अस्पताल के उपाधीक्षक और पैथोलॉजी विभाग के हेड डॉ बिमलेश कुमार सिंह ने कहा कि सदर अस्पताल में 'बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट' अलग होगा और इसे सदर अस्पताल की नई बिल्डिंग के आठवें तल्ले पर बनाया जाएगा। यह बिल्कुल अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त होगा। डॉ सिंह ने बताया कि रांची सदर अस्पताल में शुरू होने वाले 'बोन मैरो ट्रांसप्लांट' के लिए एक डॉक्टर उपलब्ध है, सरकार जल्द ही अन्य डॉक्टरों की नियुक्ति करेगी। उन्होंने बताया कि रांची सदर अस्पताल में शुरू होने वाले बोन मैरो ट्रांसप्लांट को विशेषज्ञ एवं तकनीकी सहयोग सीएमसी वेल्लोर की ओर से दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस सहयोग के लिए सीएमसी वेल्लोर से सहमति भी मिली हुई है। झारखंड में बड़ी संख्या में रक्त से जुड़ी अनुवांशिक बीमारियां जैसे थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया के मरीज हैं। अलग-अलग तरह के रक्त कैंसर से जूझ रहे रोगियों की भी काफी संख्या है। इन गंभीर बीमारियों के इलाज में बोन मैरो ट्रांसप्लांट काफी कारगर भूमिका निभाता है।लेकिन वर्तमान समय में झारखंड ही नहीं बल्कि आसपास के राज्यों के सरकारी अस्पतालों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस वजह से झारखंड के ब्लड कैंसर और ब्लड से जुड़ी अनुवांशिक बीमारियों के इलाज के लिए जब बोन मैरो ट्रांसप्लांट की बात होती है तो इलाज के लिए मरीज को वेल्लोर, मुम्बई, दिल्ली या फिर हैदराबाद जैसे बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता है और इसमें काफी अधिक पैसे भी खर्च करने पड़ते हैं।

## गांजा के साथ विक्रेता गिरफ्तार

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** हैदरनगर थाना पुलिस ने एक राशन दुकान से 3.270 किलोग्राम गांजा बरामद करने के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को सूचना मिली कि कुकही गांव निवासी गुड्डू कुमार (35) अपनी राशन दुकान में गांजा छिपाकर उसकी बिक्री करता था। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पलामू पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया। उनके निर्देश पर प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। इस टीम ने कुकही पहुंच कर गुड्डू कुमार की राशन दुकान में छापा मारा। छापेमारी के दौरान दुकान की तलाशी ली गई जिसमें एक प्लास्टिक थैले में छिपाकर रखा गया 3.270 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजे को नियमानुसार जब्त कर सीलबंद किया गया। मौके से आरोपी गुड्डू कुमार को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया।


## सड़क हादसे में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला सहित दो लोगों की जान चली गई। एक दुर्घटना में स्कूल बस और बाइक की टक्कर हुई जबकि दूसरी घटना में एक बुजुर्ग महिला को बाइक ने टक्कर मार दी। पहला हादसा हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला-छतरपुर मुख्य सड़क पर गम्हरिया गांव के पास हुआ। यहां एक स्कूल बस और बाइक की सीधी टक्कर में बाइक सवार धर्मेंद्र यादव (निवासी छपरदाग सिकनी) गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सोनू चौधरी, सीओ पंकज कुमार और बीडीओ सुनील वर्मा मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास



किया। स्कूल बस में सवार सभी बच्चे सुरक्षित बताए गए हैं। दूसरी घटना चैनपुर थाना क्षेत्र के कटुवल गांव में हुई। यहां स्वर्गीय सूरज भुइयां की 72 वर्षीय पत्नी शांति कुंवर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार शांति कुंवर टेंपो से उतरकर अपने घर जा रही थीं तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल शांति कुंवर को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोमवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने बाइक चालक अख्तर अंसारी को अस्पताल से हिरासत में लेकर चैनपुर थाना को सौंप दिया है।



## देवघर पहुंची भाजपा सांसद कंगना रनौत, भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** भाजपा सांसद एवं बॉलीवुड अदाकारा कंगना रनौत ने बाबाधाम पहुंचकर भगवान बैद्यनाथ की पूजा अर्चना की। अभिनेत्री कंगना रनौत ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और मनोकामना मांगी। इधर, भाजपा सांसद के दौरे को लेकर मंदिर में भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। तीर्थ पुरोहितों द्वारा विधि विधान से संकल्प करवाने के बाद गर्भ गृह में मौजूद शिवलिंग की पूजा कराई गई। अभिनेत्री कंगना रनौत के पूजा करने के दौरान गर्भगृह में अन्य भक्तों को रोक दिया गया था जिसके बाद सांसद कंगना रनौत ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और उनका आशीर्वाद लिया। बाबाधाम में पूजा करने के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री देवघर से दुमका के बासुकीनाथ मंदिर के लिए



रवाना हो गईं। दुमका में बाबा बासुकीनाथ दरबार में पूजा अर्चना के बाद वे देवघर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान कर सकती हैं और उसके बाद वे दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगी। इससे पहले देवघर एयरपोर्ट पर भाजपा सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत ने लोगों के उत्साह को देखते हुए अपना हाथ हिलाकर वहां खड़े सभी का अभिवादन किया। देवघर एयरपोर्ट पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद एवं बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अभिनेत्री कंगना रनौत की एक झलक पाने के लिए एयरपोर्ट पर लोगों की भीड़ जुटी थी। इस दौरान एयरपोर्ट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें गाड़ी में बैठाकर बाबाधाम के लिए रवाना किया। भाजपा सांसद कंगना रनौत के देवघर पहुंचने से पहले ही एयरपोर्ट पर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। वहीं जिला प्रशासन की तरफ से अभिनेत्री कंगना रनौत को विशेष गेट से बाहर निकाला गया था ताकि आम लोगों की भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा कि बैद्यनाथ धाम में पूजा करने के बाद मन में शांति की अनुभूति हो रही है। सनातन धर्म में विश्व का कल्याण हो और सबको सद्बुद्धि मिलने की बात कही जाती है। सनातन धर्म की इसी सोच के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा की और आने वाले नए साल में अपने और पूरे देशवासियों के बेहतर भविष्य की कामना की है।

C M Y K

# उपायुक्त के निर्देश पर अपर समाहर्ता ने राजस्व, निबंधन व भूमि सुधार से जुड़ी बैठक की, दिए जरूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता, बिजय सिंह बीरूआ ने राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार से जुड़ी बैठक की। बैठक में अपर समाहर्ता द्वारा अंतर विभागीय भूमि हस्तांतरण म्यूटेशन, म्यूटेशन अपील भूमि सीमांकन, किराया संग्रह, परिशोधन, पीजीपोर्टल सीपीजीआरएएमएस, ई-राजस्व न्यायालय आरसीएमएस समेत अन्य के प्रतिवेदनों पर बिंदुवार समीक्षा की गई।

इस दौरान जितने भी लंबित आवेदन है उन्हें कैंप लगाकर जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही भारत सरकार एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों को भूमि हस्तांतरण की समीक्षा करते हुए उन्होंने भूमि हस्तांतरण हेतु प्राप्त अधियाचना की अंचलवार अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। समीक्षा के क्रम में




लंबित म्यूटेशन के आवेदनों को लेकर अपर समाहर्ता ने कहा कि निर्धारित समय सीमा में ही आवेदनों का निष्पादन करना सुनिश्चित करें। वैसे आवेदन जो 90 दिनों से ज्यादा लंबित हैं उन्हें यथाशीघ्र निष्पादित करें। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न अंतर विभागीय भूमि हस्तांतरण मामलों की भी जानकारी ली, साथ ही उनके यथाशीघ्र निष्पादन करने को भी कहा। वहीं जिन क्षेत्रों में भूमि हस्तांतरण का कार्य लंबित है, वहां के संबंधित अंचलाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए भूमि चिह्नित कर प्रस्ताव जल्द से जल्द भेजने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने संबंधित अंचल अधिकारी को विभिन्न परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित भूमि के म्यूटेशन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का भी निर्देश दिया बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, अभी अंचलाधिकारी, जिला अवर निबंधक, सभी अवर निबंधक समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# कर्जन स्टेडियम में प्रमंडलीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव संपन्न

## सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रतियोगिताओं में सात जिलों के युवाओं ने दिखाया हुनर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** निदेशक, खेल एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के निदेशानुसार प्रमंडलीय स्तर राष्ट्रीय युवा महोत्सव का सफल आयोजन जिला खेल कार्यालय, हजारीबाग द्वारा कर्जन स्टेडियम परिसर में किया गया। इस महोत्सव में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के सात जिलों—हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, रामगढ़, गिरिडीह, धनबाद एवं बोकारो के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

महोत्सव के दौरान जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव के विजेता प्रतिभागियों ने समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य, चित्रकला, कविता लेखन एवं भाषण (डिक्लेमेशन) जैसी विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे—

**समूह लोकनृत्य**

प्रथम-रामगढ़ जिला, द्वितीय-धनबाद जिला, तृतीय-गरिडीह जिला।

**चित्रकला**

प्रथम-सुचित कुमार (हजारीबाग), द्वितीय-अभिषेक चौधरी (धनबाद), तृतीय-रवि प्रकाश (कोडरमा)।



**कविता लेखन**

प्रथम-रोहित कुमार रोशन (कोडरमा), द्वितीय-अंशु रानी (हजारीबाग), तृतीय-शालिनी रतन (रामगढ़)।

**भाषण (डिक्लेमेशन)**

प्रथम-आर्यन बादल (हजारीबाग), द्वितीय-श्रुति कुमारी (गिरिडीह), तृतीय-निहारिका श्रीवास्तव (धनबाद)।

**समूह लोकगीत**

प्रथम-गिरिडीह जिला, द्वितीय - हजारीबाग जिला, तृतीय-रामगढ़ जिला।

प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी आगामी 27 दिसंबर से रांची में आयोजित राज्य स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम उपस्थित रहे। साथ ही तरंग म्यूजिकल ग्रुप के सचिव अमित गुप्ता, कार्यक्रम की एंकर मानस्वी पाठक, जिला खेल कार्यालय के कर्मचारी, खेल प्रशिक्षक, शारीरिक शिक्षक एवं सहयोगी स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मानसरोवर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने पारसनाथ व खंडोली पार्क का किया शैक्षणिक भ्रमण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के घंघरी स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल द्वारा बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सोनू कुमार ने विद्यार्थियों को मधुबन में स्थित जैन मंदिरों की अद्भुत कलाकृतियां से संबंधित कई अहम जानकारियां दी। प्रधानाध्यापक ने बताया कि बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान खंडोली पार्क का भी भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चे काफी उत्साहित दिखें। कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का मानसिक विकास होता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष भर में कम से कम एक बार ऐसे भ्रमण का आनंद अवश्य लेना चाहिए।



भ्रमण में शिक्षक रोहित कुमार, मुकेश कुमार, योगेश कुमार, कौशल पांडेय, विनय कुमार, बबलू कुशवाहा, दुलारचंद प्रसाद, सोनू कुमार, अर्जुन सिंह, मनोज यादव, दर्शन, शंकर, अजय ,एकता कुमारी, प्रिया कुमारी, अंशु कुमारी, दीपा कुमारी, मनीषा कुमारी, मधुमिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, मुस्कान परवीन, अदिति कुमारी, अंजली कुमारी आदि थे।

# आदिवासी किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चुरचू हजारीबाग।** चुरचू प्रखंड के चनारो पंचायत अंतर्गत चीची कला पैक्स अमृत नगर प्रांगण में गौरियाकर्मा के तत्वावधान में बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नवतम महिला-पुरुष किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के चार गांव—बेलगाड़ा, चीची खुर्द, चीची कला एवं चनारो—के लगभग 100 किसानों के बीच चना, सरसों, मसूर दाल एवं सब्जी किट का वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जनजाति वर्ग के किसानों को उन्नत गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराकर बेहतर एवं आधुनिक खेती के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

# सरकारी गोदाम मरम्मत में भ्रष्टाचार की बू

## विष्णुगढ़ के 500 एमटी गोदाम में जीर्णोद्धार के नाम पर दिखावा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विष्णुगढ़ हजारीबाग।** विष्णुगढ़ प्रखंड में स्थित 500 मीट्रिक टन क्षमता वाले सरकारी गोदाम के जीर्णोद्धार कार्य में गंभीर अनियमितता सामने आई है। मरम्मत के नाम पर ठेकेदार द्वारा केवल बाहरी दीवारों की लीपा-पोती कर सरकारी राशि की खानापूर्ति किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है, जबकि भवन की मूलभूत संरचनात्मक समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।

स्थानीय पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी सहित आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि गोदाम की दीवारों में दरारें मौजूद हैं तथा जल निकासी की व्यवस्था बदहाल है, जिससे बरसात के मौसम में गोदाम को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रहती है। इन खामियों की शिकायत कई बार की गई, लेकिन ठेकेदार द्वारा किसी प्रकार का ठोस सुधार कार्य नहीं किया गया।

पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी ने आरोप लगाया कि सरकारी धन का खुलेआम दुरुपयोग



किया जा रहा है और संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। उन्होंने पूरे जीर्णोद्धार कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषी ठेकेदारों और लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो सरकारी संपत्ति के साथ-साथ अनाज भंडारण की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। अब देखना यह है कि शिकायतों के बाद प्रशासन इस मामले में संज्ञान लेता है या सरकारी कार्यों में लापरवाही का यह सिलसिला यूं ही चलता रहेगा। ठेकेदार ने कहा जहां जहां काम में लापरवाही हुई है उसे जल्द ठीक कर दिया जाएगा।

# मानवता की मिसाल बने आपदा मित्र ठंड में जरूरतमंदों के बने सहारा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ बिरहोर परिवारों के बीच कंबल, ऊनी वस्त्र व अन्य सामग्री का वितरण

**चौपारण, हजारीबाग।** कड़ाके की ठंड में राहत और संवेदना का संदेश लेकर आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन ने एक बार फिर जरूरतमंदों की सेवा में सराहनीय पहल की। फाउंडेशन की ओर से चौपारण प्रखंड के कठंबा गांव स्थित बिरहोर टोला में कंबल, ऊनी कपड़े, टोपी, मौजा, बिस्कुट सहित अन्य आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य से न सिर्फ जरूरतमंद परिवारों को ठंड से राहत मिली, बल्कि उनके चेहरों पर मुस्कान भी दिखाई दी।

सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम में आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष बिनोद स्वर्णकार के नेतृत्व में समाजसेवा से जुड़े कई लोग शामिल हुए। इस दौरान करीब डेढ़ सौ कंबल तथा तीन दर्जन से अधिक बच्चों के लिए ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में सफल व्यवसायी धीरेंद्र केशरी, चौपारण क्वींस की संस्थापक सुषमा अग्रवाल, दिलीप राणा, हेमंत साहु, मनीष साहु, उपमुखिया संजय यादव, सचिव शशि शेखर सहित अन्य सहयोगियों की सक्रिय सहभागिता रही। फाउंडेशन अध्यक्ष बिनोद स्वर्णकार ने बताया कि वर्ष 2020 से संस्था लगातार ठंड के मौसम में गरीब, आदिवासी और विकास से वंचित परिवारों के बीच ऊनी वस्त्रों का वितरण कर रही है। कोरोना काल से ही आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन समाजसेवा के विभिन्न कार्यों में निरंतर सक्रिय है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य है कि समाज के संपन्न वर्ग के सुख-दुख के अवसरों को सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाए, ताकि हर आयोजन मानवता का उत्सव बन सके। इस अवसर पर चौपारण के प्रसिद्ध व्यवसायी धीरेंद्र केशरी ने अपनी शादी की पच्चीसवीं वर्षगांठ पर सौ कंबलों का सहयोग दिया, वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के प्रमुख चंदन गुप्ता ने दो सौ टोपियां प्रदान कीं। बच्चों के ऊनी कपड़ों के लिए समाजसेवी राकेश पांडेय, संजय राणा, राकेश केशरी, शिक्षक अनिल केशरी, शिक्षक बद्दी उज्जमा सहित पूरी टीम ने सहयोग किया। कंबल, टोपी, मौजा और ऊनी वस्त्र पाकर बच्चे और बुजुर्ग बेहद प्रसन्न नजर आए। फाउंडेशन का संकल्प है कि कोई भी जरूरतमंद ठंड में असहाय न रहे। आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन का यह प्रयास सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवता की भावना का प्रेरणादायक उदाहरण है।

# गणित से ही संभव है विकास व नवाचार का मार्ग : राजेंद्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बरही में रामानुजन जयंती पर विविध गणितीय गतिविधियों का आयोजन

**बरही (हजारीबाग)।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बरही में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन अयंगर की जयंती उत्साह और शैक्षणिक वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद मेहता ने कहा कि गणित मानव जीवन की मूल आधारशिला है, जिसके बिना विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और अर्थव्यवस्था की कल्पना अधूरी है। गणित की सटीकता, तार्किकता और विश्लेषणात्मक क्षमता ने मानव को निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच गणित आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया



गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने चार्ट एवं मॉडल के माध्यम से विभिन्न गणितीय अवधारणाओं और प्रणालियों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। छात्रों ने दैनिक जीवन में गणित के व्यवहारिक उपयोग—जैसे समय प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, भोजन निर्माण में अनुपात निर्धारण, घरेलू कार्यों में गणना तथा तार्किक सोच—पर प्रभावी प्रकाश डाला। विद्यालय के चारों हाउस के छात्रझछात्राओं ने पूरे उत्साह और एकाग्रता के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में शंकर पंडित, सागर कुमार, मनीषा कुमारी, प्राची गुप्ता, सुमन कुमारी सहित अन्य छात्रझछात्राएं शामिल रहीं। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षक पिंकु कुमार, इम्तियाज अहमद, संजय कुमार यादव, त्रिलोकी प्रसाद, प्रभात प्रसाद, सकलदेव सिंह, भगवान सिंह, राकेश कुमार, उज्जवल कुमार, दालेश्वर कुमार समेत अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# भीषण ठंड में बीमार हुए दो बिरहोर, किया गया प्राथमिक उपचार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ शकुंतला मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा कंबल और गर्म कपड़ा कराया गया उपलब्ध

**बरही हजारीबाग।** बरही प्रखंड अंतर्गत जरहिया के जंगल में बीते रात अखलेश बिरहोर और तांबा बिरहोर ठंड से बीमार हो गए थे। जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने इस बात की जानकारी उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी को दी। वहीं उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी के निर्देश पर 108 एंबुलेंस के माध्यम से दोनों को रात्रि में ही बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां दोनों का बेहतर उपचार किया गया।

जिसके बाद सोमवार सुबह शकुंतला मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा ठंड से बचने के लिए दोनों को कंबल और जैकेट उपलब्ध कराया गया।



जिसे पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर संतोष और राहत साफ दिखाई दी। मौके पर कई अन्य लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस कमेटी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलने को लेकर जोरदार प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** टावर चौक पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलने को लेकर एक जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और महिलाओं की भागीदारी रही कार्यकर्ता गांधी का नाम मिटाना बंद करो गोडसेबाद मुदार्बाद नारे लगाते हुए सड़क के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए टावर चौक पर पहुंचे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केडिया ने कहा कि पहले इन लोगों गांधी जी की हत्या की उसके बाद भी जब गांधी इस देश के विचारधारा में जिंदा रहे तो आज गोडसे वादी विचारधारा गांधी के नाम को मिटाने की कोशिश कर रही है।

## श्री श्याम समर्पण महोत्सव का भव्य शुभारंभ

# शोभायात्रा से लेकर भजनों तक श्याममय हुआ परिसर



नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** श्री श्याम टाबरिया द्वारा आयोजित श्री श्याम समर्पण महोत्सव का सोमवार को अत्यंत भव्य और श्रद्धामय शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः श्री राणी सती दादी मंदिर प्रांगण से बाबा श्याम की भव्य शोभायात्रा के साथ की गई। शोभायात्रा में श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और जयकारों के साथ बाबा श्याम की भक्ति में सराबोर नजर आए।

दोपहर सवा तीन बजे से भजनों की प्रस्तुति का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक रवि बेरीवाल और कनिका ग्रोवर ने एक से बढ़कर एक श्याम भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भजनों के दौरान पूरा परिसर 'जय श्री श्याम' के जयकारों से गूंज उठा। महोत्सव की भव्यता को और बढ़ाने के लिए कोलकाता से विशेष श्रृंगार सामग्री, जयपुर से सुगंधित इत्र और काशी वाराणसी से पवित्र चंदन मंगवाया गया, जिससे बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया गया। इस अद्भुत श्रृंगार ने श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित किया। पूजा में यजमान के रूप में प्रहलाद अग्रवाल और रामा देवी बैठी! महोत्सव में पुरुष, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए और पूरे उत्साह व उमंग के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से सराबोर यह आयोजन पूरे दिन श्याममय वातावरण में संपन्न हुआ।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स डे का भव्य आयोजन, खेल भावना व अनुशासन का प्रेरक प्रदर्शन

## मार्च पास्ट, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कराटे प्रदर्शन व विविध खेल प्रतियोगिताओं के बीच विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह, उत्कृष्ट खिलाड़ियों व टीमों को किया गया सम्मानित

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, अनुशासन और सर्वांगीण विकास के लिए पहचाने जाने वाले शंकरपुर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में प्रत्येक वर्ष की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी वार्षिक स्पोर्ट्स डे 2025 का आयोजन अत्यंत भव्य, सुव्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया।

सोमवार को प्रातः लगभग 9:00 बजे विद्यालय परिसर एक विशाल खेल उत्सव में परिवर्तित हो गया, जहां छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक एवं अभिभावकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ हुआ, जिसके पश्चात विद्यालय के चारों हाउस चैम्पियंस, चैलेंजर्स, एक्सप्लोरर्स एवं सुपीरियर्स द्वारा आकर्षक एवं अनुशासनबद्ध मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की एकरूप चाल, समन्वय और



आत्मविश्वास ने खेलों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का जीवंत प्रदर्शन किया। मार्च पास्ट के उपरांत मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रसन्न मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि विद्यालय बोर्ड के ट्रस्टी एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह द्वारा वार्षिक स्पोर्ट्स डे का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर निशा जायसवाल एवं प्रिंसिपल पायल बंसल की उपस्थिति रही, जिनके कुशल मार्गदर्शन में पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। खेल प्रतियोगिताओं की विधिवत शुरूआत मशाल प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय के कप्तान एवं विभिन्न खेलों के कप्तानों ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल की उपस्थिति में संयुक्त रूप से मशाल जलाकर खेल दिवस का शुभारंभ किया। यह क्षण खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा,

■ जीवन में निरंतर प्रयास, अनुशासन और सकारात्मक सोच से हर चुनौती पर विजय पाई जा सकती है : डॉ. प्रसन्न मिश्रा

■ खेल बच्चों के शारीरिक,मानसिक और नैतिक विकास की मजबूत नींव होते हैं : निशा जयसवाल

■ खेल हार-जीत के साथ अनुशासन व संतुलन सिखाते हैं: श्रद्धानंद सिंह

एकता और खेल भावना का प्रतीक बना। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को रंगारंग बना दिया। नन्हे विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके बाद ड्रिल प्रदर्शन तथा विद्यार्थियों की कराटे की अनुशासित एवं सशक्त प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। बच्चों की फुर्ती, संतुलन और आत्मरक्षा कौशल ने विद्यालय में दी जा रही समग्र शिक्षा एवं अनुशासन को स्पष्ट रूप से दर्शाया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के उपरांत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं 800 मीटर दौड़, रिले रेस, हर्डल रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद, लेग रेस, थ्री लेग रेस, ब्रिज रेस, टनल बॉल, ऑब्स्टेकल रेस तथा टग ऑफ वॉर जैसी रोचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक स्पर्धाएं शामिल रहीं। इस वार्षिक खेल दिवस में विद्यालय के चारों हाउस के लगभग 56 खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ भाग लिया। पूरे दिन चले खेल आयोजनों में अभिभावकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रत्येक गतिविधि में मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करते नजर आए। कार्यक्रम की सफलता के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा कई दिनों से निरंतर तैयारी की जा रही थी, जिसका सकारात्मक परिणाम आयोजन के सुव्यवस्थित एवं सफल संचालन के रूप में सामने आया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न खेल स्पधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं सर्वश्रेष्ठ टीमों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। विजेता खिलाड़ियों के चेहरे पर आत्मविश्वास और खुशी स्पष्ट रूप से झलक रही थी। परिणामों की घोषणा में चैलेंजर्स हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि एक्सप्लोरर्स हाउस द्वितीय, सुपीरियर्स हाउस तृतीय एवं चैम्पियंस हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा।

# मनरेगा को कमजोर करने के खिलाफ भाकपा माले का समाहरणालय में धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मनरेगा को कमजोर किए जाने के प्रयासों के खिलाफ भाकपा माले ने सोमवार को गिरिडीह जिला मुख्यालय में एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। धरना के माध्यम से पार्टी ने मनरेगा को मजबूत करने, न्यूनतम 200 दिन का काम देने की गारंटी, 600 रुपये दैनिक मजदूरी लागू करने तथा जीरामजी को खारिज करने की मांग उठाई। धरना को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा को धीरे-धीरे कमजोर करने का प्रयास कर रही है। रोजगार के सीमित अधिकारों को समाप्त किया जा रहा है और फंडिंग पैटर्न में बदलाव कर राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाला जा रहा है। जॉब कार्ड रैशनलाइजेशन, अनिवार्य डिजिटल उपस्थिति और भुगतान में देरी जैसी व्यवस्थाओं से मजदूरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# वित्त मंत्री ने छतरपुर प्रखंड क्षेत्र की पांच सड़कों का किया शिलान्यास

## लगभग पौने सात करोड़ की लागत से बनेगी 10 किलोमीटर सड़क



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** छतरपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने पांच सड़कों का किया शिलान्यास किया। मंत्री ने लगभग पौने सात करोड़ की लागत से सुदृढ़ीकरण होने वाले दस किलोमीटर लंबी सड़कों की आधारशिला रखी। उन्होंने सड़क की बुनियादी ढांचे को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इन योजनाओं पर कुल 6 करोड़ 83 लाख 50 हजार की लागत आएगी। 10.06 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इनमें खजुरी उच्च विद्यालय से लेवाड़ तक, नौडीहा मोड़ से नौडीहा तक, मुख्य पथ से खेन्द्रा खूर्द तक, चेराई से हुलसम मंझौली तक, मुख्य पथ से चुचरुमोड़ विद्यालय तक पथ सुदृढ़ीकरण का कार्य शामिल है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सुदृढ़ सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं होती बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व व्यापार को मजबूती प्रदान करती हैं। इन पथों के सुदृढ़ीकरण से स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही कृषि उत्पादों के परिवहन में सहूलियत होगी। साथ ही क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि घोर उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र छतरपुर में सड़कों का निर्माण व सुदृढ़ीकरण विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन योजनाओं से न केवल आवागमन सुलभ होगा, बल्कि सुरक्षा, प्रशासनिक पहुंच व सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। रोटी, कपड़ा और मकान के बाद नागरिकों को सड़क, बिजली और सिंचाई की जरूरत होती है।मौके पर मोहन जयसवाल, अशोक सोनी, प्रशांत किशोर, हरेन्द्र सिंह, मुन्ना कुमार सिंह, राजेश्वर राम, गोपाल सिंह, गणेश सिंह, पन्नू यादव, कैलाश यादव, राजन सिंह व लखन यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अवैध बालू खनन से कराह रही हरिहरगंज की जीवन रेखा बटाने नदी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** हरिहरगंज की जीवन रेखा कही जाने वाली बटाने नदी इन दिनों बालू माफियाओं के निशाने पर है। अवैध बालू खनन व तस्करी ने नदी को पूरी तरह बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया है। बटाने डेम से निकलने वाली यह नदी हरिहरगंज प्रखंड की कई पंचायतों व गांवों से होकर बिहार की सीमा में प्रवेश करती है। कभी इस नदी का अपना अलग अस्तित्व व समृद्ध जलधारा हुआ करता था। लेकिन अवैध बालू खनन के कारण आज नदी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। स्थिति यह है कि नदी की तलहटी से बालू पूरी तरह निकाल ली गई है। अब वहां केवल मिट्टी ही शेष रह गई है। विशेषज्ञों के अनुसार नदी भूमिगत जलस्तर को रिचार्ज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन अवैध बालू कटाव के कारण भू-गर्भ जल पर इसका सीधा व गंभीर असर पड़ा है। कुछ वर्ष पहले क्षेत्र में भू-गर्भ जल स्तर लगभग 50 फीट पर उपलब्ध हो जाता था। लेकिन अब यह 100 फीट तक नीचे चला गया है। सबसे अधिक अवैध खनन कटैया, लंगुराही, कटकोम्बा, रजवार, बिजनीबार, सिमरबार व खड़गपुर घाट पर किया गया है। नियमों के अनुसार नदी पर बने पुल से कम से कम 500 मीटर की दूरी तक खनन प्रतिबंधित है। लेकिन माफियाओं दने पुल के ठीक नीचे तक बालू की अवैध कटाई की है। इससे नदी पर बने करोड़ों रुपये की लागत वाले पुलों के अस्तित्व पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इनके कभी भी ध्वस्त होने की आशंका बनी हुई है। प्रशासन की ओर से समय-समय पर कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन इन कार्रवाइयों का कोई स्थाई व ठोस प्रभाव देखने को नहीं मिला है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी कभी-कभार इस मुद्दे को उठाया परंतु वह भी प्रभावी साबित नहीं हो सका। बताया जाता है कि हरिहरगंज प्रखंड से अवैध रूप से बालू निकालकर झारखंड-बिहार सीमा से सटे बिहार के क्षेत्रों में तस्करी की जाती है। शाम होते ही अवैध बालू लदे ट्रैक्टर सड़कों पर दौड़ने लगती हैं। इससे आम लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है। स्थानीय लोगों, समाजसेवियों व प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध बालू खनन पर अविलंब पूर्ण रोक लगाई जाए। बालू तस्करों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। इससे बटाने नदी व क्षेत्र का भविष्य सुरक्षित रह सके।

# हैदरनगर पुलिस ने कुकही गांव में राशन दूकान से 3.270 किलोग्राम गाजा किया बरामद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** हैदरनगर पुलिस ने कुकही गांव के राशन दूकान से 3.270 किलोग्राम गाजा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई छापेमारी में गांजा की खरीद बिक्री का पता चला है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर थाना लाई। कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया गया। इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन ने बताया कि 21 दिसंबर को लगभग 4 बजे गुप्त सूचना मिली कि कुकही गांव के 35 वर्षीय गुड्डु कुमार अपने राशन दूकान की आड़ में गांजा छुपाकर रखता है। साथ ही गांजा की खरीद बिक्री करता है। प्राप्त सूचना के संबंध में पुलिस अधीक्षक को सूचित किया गया। निर्देशानुसार उनके नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल के साथ ग्राम कुकही अवस्थित गुड्डु कुमार के राशन दूकान पहुंचकर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में गुड्डु कुमार की राशन दूकान की विधिवत तालाशी ली गई । इसमें गुड्डु कुमार के राशन दूकान से एक प्लास्टिक के थैला में रखा 3.270 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इसे विधिवत जप्त कर शील बंद किया गया।अभियुक्त गुड्डु कुमार को विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में हैदरनगर थाना कार्ड संख्या 92/25, 21 दिसंबर 25, धारा-20(बी) (ii) (बी) /25 एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त गुड्डु कुमार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन, पुनि सह हुसैनाबाद अंचल निरीक्षक विनोद राम, हैदरनगर थाना के पुअनि धनंजय गोप, पुअनि अमर सिंह व हैदरनगर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## एसटी छात्रावास में रह रही छात्राओं के बीच डीएलएसए ने किया कंबल वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा के निर्देश पर बुधवार को महिला एसटी छात्रावास में रह रही छात्राओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि डालसा सचिव राकेश रंजन के निर्देश पर पीएलवी के माध्यम से गरीब लाचार, वृद्ध दिव्यांगों को चिन्हित कर बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए कंबल वितरण कराया जा रहा है। विदित हो कि छात्रावास में दूर- दराज की लड़कियां रहकर पढ़ाई करती हैं। वैसे छात्राएं जिन्हें परेशानी है, को चिन्हित कर कम्बल दिया गया। डालसा का प्रयास है कि गरीबों को सरकारी योजना का लाभ मिले। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय, नीतू सिंह, एलएडीसी ऑफिस असिस्टेंट अमित कुमार विश्वकर्मा, पीएलभी विनय प्रसाद, अमोद कुमार सिंह, ओम प्रकाश व अनीश कुमार उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री का बयान तुष्टिकरण की है पराकाष्ठा : अविनाश वर्मा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने कहा कि झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी के उस बयान की निंदा की है जिसमें उन्होंने बिहार में घटित नियुक्ति प्रमाण पत्र कार्यक्रम के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा एक महिला अभ्यर्थी के चेहरे से नकाब हटाने पर उसे अपमान बताते हुए झारखंड में 3 लाख रुपए मासिक की नौकरी देने का प्रस्ताव दिया है। अपने बयान में अविनाश कुमार वर्मा ने झारखंड सरकार के मंत्री के प्रस्ताव व बयान को तुष्टिकरण का एक बहुत बड़ा सबूत बताया। कहा कि झारखंड में साधन व सुविधा के अभाव में मरीजों की हालत खराब है। अस्पताल खूद इलाज को तरस रहे हैं। ताजा उदाहरण चाईबासा की दुखद घटना है। एक दंपति अपने चार माह के मृत पुत्र के शव को सुविधा व साधन के अभाव में अस्पताल से झोले में लेकर जाने को मजबूर हुआ। अविनाश वर्मा ने कहा कि मंत्री की चिंता अगर भारतीयता व इंसानियत के आधार पर होती तो गत दिनों पड़ोसी देश बांग्लादेश में एक गरीब परिवार के लड़के को लाठियां से पीट कर हत्या कर सार्वजनिक रूप से जला देने वाली घटना पर भी निष्पक्ष प्रतिक्रिया आनी चाहिए थी। मगर ऐसा न होकर बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे झारखंड की लच्चर स्वास्थ्य सेवाओं पर से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए हल्की व बेतुकी बातों से सरकार व झारखंड का नाम बदनाम करने पर आमादा हैं। अविनाश वर्मा ने आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा कि जिस राज्य में स्वास्थ्य विभाग व स्वास्थ्य मंत्रालय में किसी अधिकारी या पदाधिकारी को तीन लाख महीने का वेतन निर्धारित नहीं हो उस राज्य में किस आधार पर हर महीने इतनी बड़ी राशि का प्रस्ताव वेतन के रूप में दिया गया। वह भी दूसरे राज्य के अभ्यर्थी को वगैर किसी आधार के। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग चर्चा में बने रहने के लिए गैर तो गैर, अपनों को भी ठगने से पीछे नहीं हटते। इसका जीता जागता उदाहरण मंत्री ने उस संदर्भ में दिया गया बयान है, जो बेहद दुखद, हास्यास्पद, निंदनीय व चिंतनीय है।

# डीएम की अध्यक्षता में योजनाओं की गहन समीक्षा, अनाथ-बेसहारा बच्चों के कल्याण पर विशेष जोर



**नवबिहार टाइम्स बयूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य फोकस अनाथ एवं बेसहारा बच्चों के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की प्रगति, प्रभाव और जमीनी क्रियान्वयन पर रहा। समीक्षा के दौरान डीएम ने लाभुकों की पहचान, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और संरक्षण से जुड़ी सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी पात्र अनाथ एवं बेसहारा बच्चों को समयबद्ध तरीके से योजनाओं का लाभ मिले, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने कहा कि कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों का समग्र विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करेगा। बैठक में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बिहार शताब्दी कुष्ठ कल्याण योजना के अंतर्गत कुल 471 पात्र लाभार्थियों को परवरिश योजना से आच्छादित किया जाए। वहीं, सभी बीडीओ को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। आरटीपीएस के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा में बताया गया कि कुल 54,797 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 14,180 आवेदन अस्वीकृत किए गए जबकि 27,959 लाभुकों के खातों में राशि अंतरित की जा चुकी है। डीएम ने दस्तावेज सत्यापन के बाद नियमानुसार आय प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया। पर्यवेक्षण गृहों की समीक्षा के दौरान सुरक्षित आवास, भोजन, वस्त्र और चिकित्सा सुविधाओं पर विशेष चर्चा की गई। डीएम ने कहा कि सभी संस्थानों में निर्धारित मानकों के अनुरूप बच्चों की सुरक्षा, देखभाल और सुविधाएं सुनिश्चित हों। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रभावी संचालन, त्वरित शिकायत निवारण और बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य व पुनर्वास व्यवस्था पर विशेष बल दिया गया। बाल श्रम उन्मूलन एवं किशोर श्रम निषेध को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षा में बताया गया कि जिले के सभी प्रखंडों और पंचायत स्तर पर टास्क फोर्स का गठन कर नियमित निगरानी की जा रही है। जानकारी दी गई कि 1 अप्रैल 2014 से अब तक 452 बाल श्रमिकों को विमुक्त किया गया है, जिनमें से 167 को मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता राशि प्रदान की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में धावादल के माध्यम से 15 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है। इसके अलावा, प्रवासी श्रमिकों के निबंधन के लिए बिहार प्रवासी कामगार ऐप के माध्यम से अब तक लगभग 45 हजार कामगारों का पंजीकरण किया जा चुका है, जबकि ई-श्रम पोर्टल पर जिले में 6.40 लाख से अधिक असंगठित श्रमिक पंजीकृत हैं। बैठक में सिविल सर्जन नवादा, सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, कार्यपालक पदाधिकारी नवादा, हिसुआ एवं वारिसलीगंज, नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी कुमारी सहित सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भारतीय रेडक्रास सोसाइटी की ओर से कंबल वितरण आज

**जहानाबाद/नबिटा ब्यूरो।** 23 दिसम्बर, पूर्वाह्न 11 बजे दिन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी,जहानाबाद के द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। सोसायटी प्रबंध समिति के मान्य सदस्यों द्वारा चिह्नित जरूरतमंद लोगों के बीच अनुमंडल पदाधिकारी-सह-वाइस प्रेसिडेंट, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी,जहानाबाद राजीव रंजन सिन्हा द्वारा कम्बल वितरण का कार्य रेडक्रॉस भवन, पश्चिम गांधी मैदान के सभाकक्ष में सम्पन्न होगा।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/723, दिनांकः** 19.12.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेलवे म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई–टेंडर आमंत्रित किए जाते हैंः **क्रम सं. 1, निविदा संख्या : ईएल–एचडब्ल्यूएच –25–21–3306–आर, कार्य का नाम :** "एईएन/डीकेएई के खंड में कॉर्ड लाइन पर उथले गर्डर ब्रिज नंबर 82 को हटाने के लिए धनियाखाली में आरयूबी के निर्माण" के सबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 7,78,106/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 15,600/–, **क्रम सं. 2, निविदा संख्या : ईएल–एचडब्ल्यूएच –25–21–3417–आर, कार्य का नाम :** "हावड़ा में जल निकासी प्रणाली और पानी की आपूर्ति सहित कोल्विन कोर्ट के स्टाफ क्वार्टरों के सुधार और नवीनीकरण" के सबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 7,93,530/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 15,900/–, **क्रम सं. 3, निविदा संख्या : ईएल–एचडब्ल्यूएच –25–21–3508–आर, कार्य का नाम :** हावड़ा आर्थोपेडिक अस्पताल के इनडोर ब्लॉक और इमर्जेंसी ब्लॉक में 60 महीने के लिए दो पैसेंजर–कम–बेड लिफ्ट (प्रस्तुतकारक थिसेनक्रुप एलिवेटर) का व्यापक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य :** रु. 21,66,055/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 43,300/–, **पूर्णता अवधि:** 60 माह। **क्रम सं. 4, निविदा संख्या : ईएल–एचडब्ल्यूएच –25–21–3512, कार्य का नाम :** "हावड़ा मंडल के महत्वपूर्ण एलसी गेट पर सीसीटीवी की स्थापना का प्रस्ताव" के सबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 4,87,076/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 9,800/–, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन (क्रम सं. 1, 2 एवं 4 प्रत्येक हेतु)। **समापन तिथि एवं समयः** दिनांक 09.01.2026 को 15.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें। HWH-477/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# लूटकांड के चार आरोपित गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** कल्याणबिगहा थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस कार्रवाई में लूटे गए नकद एवं मोबाइल की बरामदगी के साथ-साथ घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और अवैध हथियार भी बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने घटना में संलिप्त सभी अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया है। सदर एसडीपीओ 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि रविवार की संध्या बराह गांव निवासी सिंदु कुमार, पिता मोहन महतो ने थानाध्यक्ष कल्याणबिगहा को सूचना दी कि बराह जाने वाली सड़क पर तिनामा मोड़ के पास मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने पिस्तौल के बट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया और 80 हजार नकद तथा मोबाइल फोन लूट लिया। इस संबंध में कल्याणबिगहा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। कांड दर्ज होते ही थानाध्यक्ष राजकुमार चौधरी के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित अनुसंधान शुरू किया। जांच के दौरान वादी के साथी दीपक लाल (उम्र 20 वर्ष) के मोबाइल के व्हाट्सएप कॉल डिटेल्स की जांच की गई, जिससे उसकी संलिप्तता उजागर हुई। कड़ाई से पूछताछ में दीपक लाल ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ लूट की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की। दीपक लाल की निशानदेही पर पुलिस ने शिवशंकर कुमार उर्फ दुर्लभ कश्यप, बिट्टु कुमार, एवं प्रफुल कुमार—सभी निवासी बराह, थाना कल्याणबिगहा—को गिरफ्तार किया। इनके पास से 72,000 नकद, वादी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (बीआर 01एफएम7592) और एक देशी कट्टा भी जब्त किया गया। बरामद अवैध हथियार के संबंध में पुलिस द्वारा अलग से विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में उपस्थापित किया जा रहा है तथा उनके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।


**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं. 232_2025–26, दिनांक 19.12.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेलवे म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **वरिष्ठ डीईएन/2/ हावड़ा। ई–निविदा सं. 232_2025–26, कार्य का विवरण :** पीडब्ल्यूआई /वेस्ट बीडब्ल्यूएन सेक्शन में 2 (यूनिट–5 और यूनिट–1) तथा पीडब्ल्यूआई/ ईस्ट बीडब्ल्यूएन सेक्शन में 3 (यूनिट–2, यूनिट–5 और यूनिट–6) के गैंग हट का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 97,74,162.38, **बयाना राशिः** रु. 1,95,500/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 12.01.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-478/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**सं. ओ–एसी–टी–126 से 129–25–26 (खुली), दिनांक 19.12.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैंः **क्रम सं. 1, केस सं. ओ–एसी–टी–126–25–26, कार्य का नामः** आसनसोल मंडल के तहत विभिन्न स्थानों में 40 आरसीसी बफर के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,49,53,744.92, **बयाना राशि :** रु. 2,24,800/–, **कार्य की समापन अवधिः** 06 माह। **क्रम सं.2, केस सं. ओ–एसी–टी–127–25–26, कार्य का नामः** एसएसई/ सिग./मधुपुर, एसएसई/सिग./जसीडीह, एसएसई/सिग/1/आसनसोल और एसएसई/सिग./आरआरआई/आसनसोल की शाखा में स्टेशनों पर एस एंड टी मेन्टेनर के रूम एवं स्टोर रूम के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 9,38,49,399.61, **बयाना राशि :** रु. 6,19,200/–, **क्रम सं.3, केस सं. ओ–एसी–टी–128–25–26, कार्य का नामः** एसएसई/सिग1/अंडाल, एसएसई/सिग/2/अंडाल की शाखा में स्टेशनों पर एस एंड टी मेन्टेनर के रूम एवं स्टोर रूम के प्रावधान और अंडाल में एस एंड टी सुपरवाइजर के कार्यालय तथा आसनसोल मंडल में नए ओएफसी रूम के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 8,41,33,090.93, **बयाना राशि :** रु. 5,70,700/–, **क्रम सं.4, केस सं. ओ–एसी–टी–129–25–26, कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधीन आसनसोल मंडल के तहत एटी वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति एवं एटी वेल्ड के निष्पादन के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,49,70,859.30, **बयाना राशि :** रु. 2,24,900/–, **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह (क्रम सं. 2, 3 एवं 4 प्रत्येक हेतु)। **बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 14.01.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-283/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

**सं. सीओएम/पीयूबी/पीआरओ/ई–ऑक्शन/2025** **दिनांकः** 19.12.2025

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार हैः **कैटलॉग सं.:** एएसएन–एमएसएस–31–12, **ई–नीलामी शुरू होने की तिथि और समय :** 05.01.2026 को 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं., विवरण** निम्नानुसार हैंः **एए/1, एमएसएस–एएसएन–डीजीआर–एमएसीएचआर–116–25–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सेवाएँ–रिलैक्सेशन चेयर), रफ स्केच प्लान के अनुसार उत्तरी भाग के बुकिंग कार्यालय के पास रिलैक्सेशन चेयर की स्थापना एवं परिचालन। **एए/2, एमएसएस–एएसएन–जेएसएमई–एमएसीएचआर–118–25–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सेवाएँ–रिलैक्सेशन चेयर), रफ स्केच प्लान में दर्शित निर्दिष्ट स्थान पर जसीडीह स्टेशन के पुराने सर्कुलेटिंग एरिया में रिलैक्सेशन चेयर की स्थापना एवं परिचालन। **एबी/1, एमएसएस–एएसएन–एएसएन–बीक्रश–117–25–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सेवाएँ–बोतल क्रशिंग मशीन), आसनसोल रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए विज्ञापन के प्रावधान के साथ 02 प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीन की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **एसी/1, एमएसएस–एएसएन–एमडीपी–एमईडीएसटीएन–18–25–2** (एमआईएससी –स्टैटिक–सेवाएँ–स्टेशन पर चिकित्सा सेवाएँ), आसनसोल मंडल के मधुपुर रेलवे स्टेशन में मेडिकल स्टोर का परिचालन। **एडी/1, एमएसएस–एएसएन–डीयूएमके–एसएस–115–25–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सेवाएँ–सलोन सेवाएँ), दुमका स्टेशन में सलोन सेवाओं की स्थापना एवं परिचालन। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को दी गई सूची के अनुसार उक्त ई–नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।। ASN-284/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# एसएसएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. दीपक कुमार हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** एस.एस.कॉलेज, जहानाबाद के प्राचार्य प्रो० डॉ० दीपक कुमार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के 44वें महाधिवेशन के अवसर पर हिन्दी भाषा एवं साहित्य के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट और दीर्घकालिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। महाधिवेशन के दौरान आयोजित भव्य एवं गरिमामय सम्मान समारोह में उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। संस्कृत एवं हिन्दी साहित्य के उद्भट विद्वान के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके प्रो० डॉ० दीपक कुमार को यह सम्मान भारतीय पत्रकारिता जगत के प्रख्यात मनीषी आशुतोष, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ० राजवर्धन आजाद तथा न्यायाधीश संजय कुमार के द्वारा प्रदान किया गया। प्राचार्य की इस उपलब्धि और मिले सम्मान से स्वामी सहजानंद सरस्वती कॉलेज, जहानाबाद के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कर्मियों में हर्ष और गौरव का वातावरण देखने को मिला। महाविद्यालय परिवार ने इस गौरवपूर्ण सम्मान पर उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य तथा सतत साहित्यिक साधना के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की हैं।

# अपराधियों ने थानाध्यक्ष नाक की तोड़ी

## ➩शराब तस्कर को पकड़ने गयी थी पुलिस टीम
## ➩आरोपितों ने पुलिस टीम पर किया हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सुपौल**। रतनपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रतनपुर पंचायत के पिपराही गांव में शराब तस्कर को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमले का मामला प्रकाश में आया है। इस हमले में थानाध्यक्ष राजू कुमार सहित करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। पुलिस ने एक आरोपित रोशन कुमार राय को गिरफ्तार किया है। इस संबंध ने थानाध्यक्ष राजू कुमार ने रामरतन राय, रोशन कुमार राय, कोशिला देवी, किरण कुमारी, कमलवती देवी, फूजन देवी, वीणा देवी व शिवचरण राय सहित 8-10 अज्ञात पर मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि रात में समकालीन अभियान के तहत छापेमारी के दौरान शराब तस्करी के वांछित अभियुक्त रामरतन राय को पिपराही स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर जैसे ही निकलने लगे तो उपरोक्त सभी आरोपित लाठी-डंडे तथा अन्य धारदार हथियार से पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में वो खुद समेत अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। उनका नाक फट गई। इसी क्रम में आरोपित को घर के पीछे के रास्ते से भगा दिया गया। वहीं, पीड़ित परिवार ने पुलिस पर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए महिला थाना में आवेदन दिया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि शराब तस्करी की सूचना पर पुलिस देर रात उनके घर पहुंची। पुलिस टीम घर में मौजूद लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान करीब 70 साल की बुजुर्ग महिला सहित घर में मौजूद बच्चों के साथ भी बेरहमी से मारपीट की। पीड़ित परिवार का कहना है कि राजनीतिक साजिश के कारण उनलोगों को भाजपा को वोट देने के कारण प्रताड़ित किया गया है।

## 70 लीटर शराब के साथ महिला समेत तीन गिरफ्तार

**शिवाजीनगर**। थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर शिवाजीनगर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। जानकारी देते हुए शिवाजीनगर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के काकड़ घाट एवं घिवाही गांव में अवैध शराब का निर्माण एवं बिक्री की जा रही है। सूचना की सत्यता की जांच एवं आवश्यक कार्रवाई को लेकर थाना पुलिस द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने दोनों स्थानों पर एक साथ छापेमारी की छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल 70 लीटर अवैध शराब बरामद की। साथ ही इस मामले में एक महिला सहित तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# गैराज जलने से छह कारें हुईं खाक

## लगभग दो करोड़ की हुई क्षति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनपुर**। थाना क्षेत्र के पीरगंज स्थित अनन्या ऑटोमोबाइल वर्कशॉप एवं सुधा कार सर्विस सेंटर में देर शाम भीषण आग लगने से डेढ़ से दो करोड़ रुपये की गाड़ियों का नुकसान होने की बात सुनी जा रही है। घटना के संबंध में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात बतायी जा रही है। दोनों संस्थानों से उठी आग की लपटें को देखकर स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना मोहनपुर पुलिस को दी।

करीब दो घंटे की काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों व दमकल कर्मियों की सक्रियता से आग पर काबू पाया जा सका। अनन्या ऑटोमोबाइल वर्कशॉप के संचालक दीपक कुमार सिंह ने बताया कि रोजाना की तरह वर्कशॉप को बंद कर घर चला गया था। अचानक घर पहुंचने पर वर्कशॉप में आग लगने की सूचना मिली। भागते हुये जब वह वर्कशॉप पहुंचा तो देखा वर्कशॉप भीषण आग की चपेट में आ गया है। घटनास्थल पर तबतक स्थानीय पुलिस भी पहुंच चुकी थी। मोहिउद्दीननगर से छोटी फायरबिग्रेड की गाड़ी भी आग बुझाने में लगी हुई थी। परंतु फायरबिग्रेड की क्षमता कम होने के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा रहा था।

घटना के करीब डेढ़ घंटे के बाद पटोरी से बड़ी फायरब्रिगेड की गाड़ी पहुंची तो आग को बुझाया जा सका। तबतक वर्कशॉप के अंदर रखी 6 फोर व्हीलर, एक बाइक, क्लाइंटमेंट, बैलेंसिंग मशीन, दो पोस्ट लिफ्ट, कंप्यूटर, प्रिंटर, पाट्र्स स्टॉक सहित कई सामान जलकर खाक हो चुका था। संचालक ने स्वाहा हो चुके सामानों अनुमानित कीमत डेढ़ से 2 करोड़ रुपये आंकी है। इधर, आग की लपेट से सुधा कार सर्विस सेंटर में लगी कई मशीनें भी जल गई। कार सर्विस सेंटर की संचालिका आरती सिंह ने बताया कि इस अगलगी में लगभग 6 लाख



रुपये के सामानों की क्षति हुई है।

घटना को लेकर अग्निपीड़ितों ने सोमवार को स्थानीय थाने में आवेदन दिया है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों में कानाफूसी है कि फायरब्रिगेड की टीम समय से पहुंचती तो करोड़ों की संपत्ति का नुकसान नहीं होता। मोहिउद्दीन नगर थाने में स्थित छोटी फायरबिग्रेड की गाड़ी से आगलगी की बड़ी घटना को रोकने के लिए कारगर नहीं है। स्थानीय विधायक राजेश कुमार सिंह ने जिला के वरीय अधिकारियों मोहिउद्दीननगर प्रखंड मुख्यालय में फायर ब्रिगेड की बड़ी गाड़ी की तैनाती का निर्देश कई वर्ष पूर्व ही दिया था, किंतु इस पर अबतक कोई अमल नहीं किया गया। फायरबिग्रेड की बड़ी गाड़ी पटोरी स्थित अनुमंडल मुख्यालय में उपलब्ध होने के कारण इन क्षेत्रों में पहुंचने में काफी देर लगती है।

# मलयागिरी प्रजाति के दो चंदन के पेड़ चोरी

## एसडीओ आवास के पास घटी घटना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर**। जिले में चोरी की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जिसने प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। चोरों ने किसी सुनसान या आम स्थान को नहीं, बल्कि अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) के सरकारी आवास से सटे नाथ मंदिर परिसर को अपना निशाना बनाया। यहां से करीब 50 साल पुराने मलयागिरी प्रजाति के बेशकीमती चंदन के दो पेड़ काटकर चोर फरार हो गए।

विशेष बात यह है कि यह नाथ मंदिर उसी नाथ संप्रदाय से जुड़ा है, जिससे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी संबंध रहा है। योगी आदित्यनाथ कई बार इस मंदिर में आ चुके हैं, जिससे परिसर की धार्मिक और ऐतिहासिक महत्ता और बढ़ जाती है। बावजूद इसके, चोरों ने पूरी तैयारी और सटीक योजना के साथ इस वारदात को अंजाम दिया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चोरों ने एसडीओ के छुट्टी पर बाहर रहने का फायदा उठाया। एसडीओ आवास की पिछली बाउंड्री वॉल पर चोरों के घुसने के स्पष्ट निशान मिले हैं। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि चोरों ने पहले से इलाके की रेकी की थी और सुरक्षा की खामियों को भांपकर ही वारदात को अंजाम दिया।

घटनास्थल से एसडीओ आवास की रस्सा-सीढ़ी भी बरामद हुई है। आशंका है कि इसी रस्सा-सीढ़ी के सहारे चोर दीवार फांदकर नाथ मंदिर परिसर में दाखिल हुए और वहां लगे चंदन के पेड़ों को काटकर ले गए। चोरी गए दोनों चंदन के पेड़ लगभग 25 फीट लंबे बताए जा रहे हैं। इनकी प्रजाति मलयागिरी है, जो अपने औषधीय गुणों और उच्च गुणवत्ता के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में अत्यंत महंगी मानी जाती है।

# रामानुजन जयंती पर बाल विज्ञान प्रदर्शनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के मान कुमारी बद्रीनारायण सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में भारत के महान गणितज्ञ एस रामानुजन की 138वीं जयंती समारोह गणित दिवस के रूप में मनाई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि औरंगाबाद जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ ऋत्विक सिंह, प्रबंध समिति के सचिव प्रेम कुमार सिंह उर्फ बादशाह बाबू, कोषाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह बबलू बाबू, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी, विद्यालय के प्राचार्य परशुराम ओझा सहित अन्य लोगों के द्वारा की गई।सर्वप्रथम उपस्थित लोगों द्वारा रामानुजन के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष पूर्ण जीवन व्यतीत करते हुए रामानुजन ने अपनी कार्यशैली से दुनिया में भारत का नाम रोशन



किया। वे एक ऐसे गणितज्ञ के रूप में जाने जाते थे जिनकी गणितीय संकल्पनाएं अद्भुत होती थी।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में जम्होर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह द्वारा विद्यालयी बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के विज्ञान से संबंधित मॉडल का अवलोकन किया गया। जिसमें,सौरमंडल, अन्य वैज्ञानिक उपकरणों को किस प्रकार से संचालित किया जाए इसकी प्रस्तुति की गई। साथ ही साथ बच्चों के द्वारा ही विशेष रूप से तैयार किए गए व्यंजनों का स्टाल भी लगाया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के खान-पान के सामग्री की प्रस्तुति की गई।म-ौके पर डॉ संजय कुमार सिंह रविंद्र कुमार शर्मा अरविंद कुमार सिंह डॉ सुरेंद्र पाल गुप्ता, शमीम अहमद, मुकेश कुमार सिंह,सुनिल मिश्रा, अनिल कुमार, बबलू कुमार,अमित पाठक, सुमन पाठक ,दिलजीत सिंह संजय सिन्हा, प्रेमचंद पाठक नंदकिशोर सिंह,चंदन कुमार गुलशन सतीश मिश्रा, वसुंधरा मिश्रा कालिंदी सहित अन्य उपस्थित थे।

## थावे मंदिर से मोबाइल चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज**। सोमवार को थावे दुर्गा मंदिर में मां भवानी के सोने के गहनों से किए गए श्रृंगार को देखने के लिए सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

मंदिर परिसर में भक्तों की उपस्थिति से उत्सव का माहौल बना रहा। इस अवसर पर पांडेय परिवार के कुचायकोट विधायक अमरेंद्र पांडेय और उनके बड़े भाई सतीश पांडेय ने माता को सोने का मुकुट और अन्य आभूषण अर्पित किए।

पूजा-अर्चना के दौरान भोजपुरी सिनेमा के हीरो रितेश पांडेय भी मंदिर पहुंचे। श्रद्धालु उनके साथ सेल्फी लेने में व्यस्त रहे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने रितेश पांडेय का मोबाइल चोरी कर लिया।

मंदिर में सुरक्षा के लिए भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और जवान तैनात थे। घटना के बाद पुलिस ने मोबाइल नंबर सर्विलांस पर डालकर खोजबीन शुरू कर दी है।

रितेश पांडेय बिहार विधानसभा चुनाव में करगहर विधानसभा क्षेत्र के जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी भी थे। हालांकि वह चुनाव हार गए थे।

# आरपीएफ की एस्कॉर्ट पार्टी पर फायरिंग व पथराव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा**। मुफस्सिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत जमीरा हाल्ट के समीप शनिवार की देर रात सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन में सवार आरपीएफ की एस्कॉर्ट पार्टी पर ताबड़तोड़ फायरिंग एवं पथराव किए जाने के मामले में भोजपुर पुलिस ने कांड में संलिप्त बदमाशों की तलाश तेज कर दी है।

करीब चार-पांच संदिग्धों को अभी तक चिन्हित किया गया है, जो जमीरा एवं आसपास के है। इस बीच रविवार की देर रात पुलिस ने जमीरा गांव में दबिश देकर दो संदिग्धों को उठाया है, जिनसे पूछताछ चल रही है।

हालांकि, चिह्नित बदमाश पुलिस के हाथ नहीं लग सके। मामला शराब तस्करी से जुड़ा है।

मालूम हो कि शनिवार की रात आनंद बिहार से जोगबनी की ओर जा रही थी। इस दौरान ट्रेन की एक बोगी में शराब लेकर तस्कर यूपी की ओर ही सवार हो गए थे। जानकारी के अनुसार, दानापुर आरपीएफ के जवान दिलदार नगर से सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन को एस्कार्ट करते हुए ले जा रहे थे।

इस दौरान जमीरा हाल्ट के पास पहले से बोगी में सवार शराब तस्करों ने ट्रेन को वैक्यूम कर दिया था।

अचानक ट्रेन के वैक्यूम होने पर एस्कार्ट पार्टी के जवान संबंधित बोगी में पहुंचे थे और गेट खोलकर टार्च की रोशनी में रेलवे ट्रैक पर करीब दस-बारह हथियार बंद बदमाश दिखाई दिए थे।

जिसमें कुछ पिस्टल लिए थे। इस दौरान जब एस्कार्ट पार्टी ने पकड़ने की कोशिश की थी तो झाड़ी में छुपकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी थी।

पथराव भी किए थे। बाद में तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए थे। इसे लेकर दानापुर आरपीएफ पोस्ट के जवान संजीव कुमार ने आरा के मुफस्सिल थाना में अज्ञात 10 अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है।

# विधायक को पर्यटन-उद्योग समिति का सभापति बनाए जाने पर बधाईयों का लगा तांता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रसूलपुर/एकमा (सारण)**। एकमा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित जदयू विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह को बिहार विधान सभा के पर्यटन-उद्योग समिति का सभापति बनाए जाने पर एकमा व रसूलपुर क्षेत्र समेत पूरे जिले में उत्साह व हर्ष का माहौल है। क्षेत्र में जश्न का दौर जारी है और कार्यकताओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधि, व्यवसायी व गणमान्य लोग लगातार विधायक धूमल सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं देने पहुंच रहे हैं। वहीं बिहार सरकार के विधायक व मंत्री भी उन्हें फोन व व्यक्तिगत रूप से शुभेच्छाएं प्रेषित कर रहे हैं।

इसी क्रम में सोमवार को सदर प्रखंड क्षेत्र के उमधा गांव निवासी व जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह उर्फ पप्पू भैया ने एकमा विधानसभा क्षेत्र में मांझी प्रखंड के भजौना गांव स्थित विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह के आवास पर पहुंचकर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंट कर धूमल सिंह को सम्मानित किया। साथ ही पप्पू भैया ने पर्यटन व उद्योग समिति का अध्यक्ष चुने जाने पर धूमल सिंह को हार्दिक बधाई देते हुए इसे एकमा विधानसभा



क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। इस मौके पर सम्होता पंचायत के मुखिया पति सुभाष सिंह, संजय सिंह, सरयूपार निवासी सोनू सिंह आदि अन्य भी मौजूद थे।

बताया गया कि बीते दिनों विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह को बिहार विधान सभा के पर्यटन-उद्योग समिति का सभापति बनाए जाने पर बधाई देने पहुंचने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता सुदामा तिवारी, मनोज कुमार सिंह उर्फ पप्पू भैया, एकमा प्रमुख प्रतिनिधि बच्चा सिंह, युवा नेता संदीप कुमार सिंह मन्नु, जेपी सेनानी डॉ रामजी तिवारी, आमडाढ़ी के पूर्व मुखिया ओमप्रकाश सिंह, डॉ. अमित तिवारी, मुखिया परमेंद्र कुमार सिंह उर्फ मनीष सिंह, पैक्स अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह उर्फ अंतिम सिंह, पूर्व मुखिया वेदप्रकाश सिंह उर्फ भोला सिंह, गणेश कुमार, रंजीत यादव, विकास कुमार, मुरली सोनी, विपिन सिंह, रौशन भवानी, जितेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र सिंह भवानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेन्द्रनाथ सिंह, भाजपा नेता बंटी ओझा, अविनाश चन्द्र उपाध्याय, विकेश तिवारी, जय राम तिवारी, मनोज कुमार सिंह, सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यवसायी व गणमान्य लोग शामिल हैं।

स्थानीय कार्यकताओं व आम नागरिकों ने इसे एकमा विधानसभा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताया है। लोगों का कहना है कि पहली बार एकमा विधानसभा क्षेत्र से किसी विधायक को इतनी महत्वपूर्ण समिति की जिम्मेदारी मिली है। संगठन के इस निर्णय से क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। विधायक धूमल सिंह को लगातार बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है।

## ठंड में कक्षा 8 तक की विद्यालयी गतिविधि पर रोक लगाने की मांग की




**औरंगाबाद**। जिला परिषद औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने जिला पदाधिकारी औरंगाबाद से मांग किया है कि औरंगाबाद जिले में अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर के प्रकोप बढ़ने से लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त है। खासकर छोटे बच्चे जो स्कूल पढ़ने जाया करते हैं उनकी हालत ठंड में और भी गंभीर हो गई है। ऐसी स्थिति में छोटे बच्चों के स्कूल को बंद करने की मांग की है।

अपने प्रेषित पत्र में यह भी बताया कि पिछले दिनों सदर प्रखंड के फेसर गांव में अत्यधिक धूंध के कारण एक बच्चे की मौत भी होगी जिस प्रकार से अन्य जिलों में जिलों की जिलाधिकारी ने वर्ग 1 से 8 कक्षाओं को बंद करने का आदेश दिया है उसी के निमित्त जिला पदाधिकारी औरंगाबाद से मांग किया गया कि यहां भी कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के शिक्षण कार्य को बंद किया जाए।

# फंदे से लटकी मिली इमाम की लाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेखपुरा**। शेखपुरा के माने गांव स्थित मस्जिद में इमाम ने फंदे से झूलकर अपनी जान दे दी। बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने मस्जिद में स्थित उनके कमरे का दरवाजा तोड़कर उनका शव बाहर निकाला। इसको लेकर चेवाड़ा थाना में यूडी केस दर्ज करके पुलिस अपनी जांच शुरू की है।

पुलिस ने इमाम के शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजन को सौंप दिया है। चेवाड़ा के थानाध्यक्ष ने बताया इमाम हाफिज जावेद सहरसा जिला के पुरैनी गांव के निवासी थे तथा पिछले 17 वर्षों से माने गांव की मस्जिद में इमाम के रूप में काम कर रहे थे। कुछ दिन पूर्व जावेद अपने घर आगे थे और मंगलवार को ही घर से वापस लौटे थे। बुधवार की सुबह नमाज के लिए अजान का समय होने पर आसपास के लोग इमाम को जगाने के लिए गए तो उनका दरवाजा भीतर से बंद था। कई आवाज के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो लोगों ने दरवाजा तोड़ा तब भीतर छत में लगी लोहे की कुंडी से का शरीर झूल रहा था। लोगों ने उन्हें उतारकर अस्पताल लाया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक इमाम के बहनोई नौशाद ने बताया कल उनके घर से आने पर हमसे उनकी कोई बात नहीं हुई थी। अनुमान लगाया जा रहा है पारिवारिक विवाद में इमाम ने यह कदम उठाया।

## दहेज की खातिर पत्नी को घर से निकाला, प्राथमिकी

**अररिया**। प्रखंड क्षेत्र के गड़हरा गांव में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पत्नी को घर से भगाकर पति द्वारा दूसरी शादी किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़िता ने पलासी थाना में पति सहित चार लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कराई है। जिसमें पति सतीश साह उर्फ बबलू, ससुर पुण्यानंद साह, सास सुशीला देवी व दीपक साह उर्फ बबुआ को आरोपित किया गया है। दर्ज मामले में पीड़िता ने उल्लेख किया है कि मेरी शादी करीब पांच वर्ष पूर्व हुई थी। जिसमें उपहार स्वरूप तीन लाख का कीमती सामान देकर गड़हरा गांव के सतीश साह उर्फ बबलू से शादी हुई थी। जिससे मुझे आठ माह का एक पुत्र भी है। बीते करीब दो वर्ष से पति सहित ससुराल वालों द्वारा दहेज स्वरूप दो लाख रुपये की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। साथ ही पति द्वारा दूसरी शादी करने की धमकी दी गई। इस क्रम में करीब एक वर्ष पूर्व पति सहित ससुराल वालों द्वारा मारपीट कर घर से भगा दिया गया। तब से मैं अपने मायके बरहट गांव में रह रही हूं। बीते 16 दिसंबर को जानकारी मिली कि सास ससुर ने मेरे पति की नकटाखुर्द की रेखा देवी से दूसरी शादी करवा दी।

# बढ़ती ठंड से लोग हलकान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद**। बिहार के जहानाबाद जिले में लगातार चार दिनों से धूप नहीं निकलने और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस पहुंच जाने के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है। सुबह से लेकर शाम तक आसमान में कोहरा और ओस का प्रकोप बना हुआ है।

ठंड और शीतलहर के कारण आम लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है, वहीं सड़कों और बाजारों में भी पहले जैसी चहल-पहल नजर नहीं आ रही है।

सुबह के समय कोहरा इतना घना होता है कि कुछ ही मीटर की दूरी पर देख पाना कठिन हो जाता है। इससे न केवल आम लोगों को परेशानी हो रही है, बल्कि वाहन चालकों को भी खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वाहनों की रफ्तार काफी धीमी हो गई है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है।भीषण ठंड से बचने के लिए लोग अपने-अपने स्तर पर इंतजाम करते नजर आ रहे हैं। शहर के चौक-चौराहों, चाय की दुकानों और बाजारों में लोग लकड़ी, कचरा या पुआल जलाकर खुद को गर्म रखने की कोशिश कर रहे हैं। सुबह और शाम के समय चाय की दुकानों पर लोगों की भीड़ पहले से ज्यादा दिखाई दे रही है। ठंड के कारण गर्म कपड़ों, कंबलों और अलाव की मांग भी बढ़ गई है। सरकारी स्तर पर शहर के कुछ प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था जरूर की गई है, लेकिन यह व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है।खासकर ग्रामीण तथा प्रखंड मुख्यालय और छोटे बाजारों में अलाव का कोई समुचित इंतजाम नहीं है। जिससे लोगों को ज्यादा परेशानी हो रही है। ग्रामीण इलाकों में खेतों में काम करने वाले मजदूर,छोटे दुकानदार और राहगीर ठंड से सबसे अधिक प्रभावित हैं।

इस भीषण ठंड में सबसे खराब स्थिति फुटपाथ और रैन बसेरा में जीवन यापन करने वाले लोगों की है। खुले आसमान के नीचे रहने वाले लोगों के पास ठंड से बचने के लिए न तो पर्याप्त कपड़े हैं और न ही गर्म रहने के साधन। कई जगहों पर लोग कंबल के अभाव में आग के सहारे रात गुजारने को मजबूर हैं।

सामाजिक संगठनों द्वारा कुछ स्थानों पर कंबल वितरण किया गया है, लेकिन जरूरत के मुकाबले यह प्रयास बहुत कम है।

## विद्यालय में कमजोर बच्चों की होगी निगरानी

**पटना**। प्रदेश के सभी 71,863 प्रारंभिक विद्यालयों में कमजोर बच्चों की विशेष निगरानी होगी। इसके लिए हर विद्यालय प्रखंड शिक्षा कार्यालय के साथ समन्वय कायम करेगा। 24 दिसंबर को प्रत्येक विद्यालय में हर बच्चा श्रेष्ठ थीम पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया है। शिक्षा विभाग का यह मानना है कि हर बच्चा विशेष है, उसमें प्रतिभा है और उसमें श्रेष्ठ बनने की क्षमता है। इसके मद्देनजर इस बार होने वाले अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का थीम भी यही रखा गया है। यह थीम इसलिए रखा गया है, ताकि प्रत्येक बच्चे के सीखने की क्षमता और प्रगति को उसकी अपनी गति के अनुसार पहचाना और सराहा जा सके। सभी प्रारंभिक विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन को लेकर प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम विरकर ने जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (एसएसए) को निर्देश दिया है।

# परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने बस स्टैंड का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। बिहार सरकार के परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने सोमवार सुबह नालंदा जिले के बिहारशरीफ स्थित मुख्य सरकारी बस स्टैंड का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड की जर्जर स्थिति को देखते हुए मंत्री ने इसके शीघ्र जीर्णोद्धार और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार का आश्वासन दिया।

डिपो इंचार्ज और जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) नालंदा की मौजूदगी में किए गए निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कार्यालय सहित पूरे परिसर का जायजा लिया। बस स्टैंड की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि यहां फिलहाल केवल 41 बसों का ही परिचालन हो रहा है और स्टाफ की भारी कमी बनी हुई है।




उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह बस स्टैंड खंडहर की तरह नहीं रहेगा। इसका पुनर्निर्माण कराया जाएगा, नया कार्यालय भवन बनाया जाएगा और आवश्यकता के अनुरूप सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार और मुख्यमंत्री का लक्ष्य है कि परिवहन विभाग की सुविधाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री परिवहन योजना के तहत प्रखंड से जिला स्तर तक सातझसात बसें उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत से प्रखंड तक आवागमन के लिए भी बड़े पैमाने पर लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। परिवहन मंत्री ने दो नए बस मार्गों के संचालन की घोषणा की। पहला मार्ग पटना से दनियावां होते हुए बिहारशरीफ और राजगीर तक होगा, जबकि दूसरा मार्ग पटना से हिलसा, इस्लामपुर, राजगीर होते हुए हिसुआ से रजौली तक संचालित किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि इन मार्गों का वर्कआउट पूरा हो चुका है और जल्द ही बसों का संचालन शुरू किया जाएगा।

मंत्री ने बताया कि राज्य के सभी मार्गों, विशेषकर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के पथों पर पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर बसों का परिचालन किया जाएगा। जहां बिहार राज्य सड़क परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) स्वयं बसें चला सकेगा, वहां निगम द्वारा ही संचालन किया जाएगा।

राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों की किफायती दरों का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि निगम की बसों का किराया टेम्पो से भी कम है, जबकि यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

बिहारशरीफ से दिल्ली के लिए पूर्व में संचालित बस सेवा, जो फिलहाल बंद है, उसे पुनः शुरू करने को लेकर भी विचार-विमर्श किया जा रहा है।

मंत्री ने निरीक्षण के बाद भरोसा दिलाया कि बस स्टैंड की स्थिति की समीक्षा कर इसे दुरुस्त करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भले ही परिवहन विभाग की व्यवस्था में कुछ कमी आई हो, लेकिन सरकार इसे सुधारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# संपादकीय


## प्रदूषण पर पक्ष-विपक्ष एकमत, फिर भी संसद में क्यों नहीं हुई चर्चा?

संसद का शीतकालीन सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया, जिससे दिगी-एनसीआर के प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दे पर चर्चा अधूरी रह गई। राजनीतिक मतभेदों के कारण करोड़ों लोगों के जीवन पर जहरीली हवा के असर को लेकर कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया। इस समस्या से निपटने के लिए पूरे साल की कार्ययोजना और दृढ़ राजनीतिक इ%छाशक्ति की आवश्यकता है। संसद का शीतकालीन सत्र जिस अंदाज में शुरू हुआ था, खत्म भी उसी तरह हुआ। नारेबाजी और शोर-शराबे की वजह वजह से से कई का चर्चाएं अधूरी रह गई, और दिगी-ह्ष्ट्रक्र के प्रदूषण पर तो सत्ता पक्ष और विपक्ष में सहमति के बावजूद बात नहीं हो पाई। सहमति तक सीमित । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पिछले हफ्ते प्रदूषण को हेल्थ इमरजेंसी बताते हुए व्यवस्थित बहस की जरूरत बताई थी। विपक्ष के दूसरे नेता भी इससे सहमत थे और सरकार ने भी हामी भरी थी। लेकिन, गुरुवार को जब लोकसभा में चर्चा की बारी आई तो मनरेगा की जगह लेने वाले विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) को लेकर चले हंगामे की वजह से सदन में कामकाज नहीं हो पाया। अब सरकार कह रही है कि वह तो तैयार थी, जबकि कांग्रेस सवाल पूछ रही है कि चर्चा क्यों नहीं हो पाई। जिस समय सदन में हंगामा हो रहा था, दिगी में कई जगह एक्यूआई 400 के आसपास था यानी बेहद गंभीर स्थिति है। नवंबर से लेकर अभी तक राजधानी के हालात कमोबेश ऐसे ही रहे हैं। पिछले महीने 24 दिनों तक एक्यूआई 300 के ऊपर रहा। दिसंबर में स्थिति और खराब हो गई। जीआरएपी -4 लागू होने के बावजूद वायु प्रदूषण का लेवल 350-400 के बीच बना हुआ है। दिगी-एनसीआर का प्रदूषण कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। पार्टी और विचारधारा से अलग, इस इलाके में रहने वाले करोड़ों लोगों के जीवन पर जहरीली हवा एक जैसा असर डाल रही है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर का अनुमान है कि साल 2023 में केवल वायु प्रदूषण की वजह से दिगी में 17,200 लोगों को जान गंवानी पड़ी। सड़क हादसों, आपराधिक वारदात या किसी भी दूसरी बीमारी की तुलना में यह आंकड़ा बहुत बड़ा है। बने पूरे साल का प्लान । वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सार्थक चर्चा के साथ गंभीर उपायों की भी जरूरत है। जीआरएपी समस्या शुरू होने के बाद का कदम है, बचाव का उपाय नहीं। इस समस्या से निपटने के लिए मौसमी के बजाय पूरे साल का एक्शन प्लान चाहिए। स्पष्ट गाइडलाइन, नियमों का सख्ती से पालन, एनसीआर में शामिल रा%यों के बीच तालमेल और जागरूकता के बिना यह काम नहीं हो सकता। वायु प्रदूषण की चुनौती से निपटने के लिए दृढ़ राजनीतिक इ%छाशक्ति की जरूरत है।

**प्रकृति का क्रूरता से दोहन, मानवता का निष्ठुरता से शोषण और वर्चस्व की बढती जंग में आतंक का ठहाका निरंतर तेज होता जा रहा है। ऐसे में संकेतों की बानगी रह-रहकर मिल रही है परन्तु आंख के अंधे का नाम नयनसुख रखने वालों की कमी नहीं है। यांत्रिकीय वर्षा, यांत्रिकीय ठंडक, यांत्रिकीय गर्मी पैदा करने वाले स्वयं को पराशक्ति मान बैठे हैं। ऐसे में तुर्किये के कोन्या मैदान ने एक बार फिर संसार को आइना दिखा दिया है। वहां के लगभग 2.6 मिलियन हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में 100 फुट से अधिक चौडे करीब 684 गड्ढे बन गये हैं जिसके लिए भूर्गभीय जल के मनमाने उपयोग को उत्तरदायी ठहराया जा रहा है। केवल लाल सागर में ही हजारों सकिंग होलों की जानकारी मिली है। आसमान में तो ओजोन की परत में छेद होने के प्रमाण बहुत पहले ही मिल चुके थे। देश के अन्दरूनी हालात तो बद से बदतर होते जा रहे हैं।**

# प्राकृतिक प्रकोप के मुहाने पर खडा संसार

**(डा. रवीन्द्र अरजरिया)**



देश, काल और परिस्थितियों के अनुरूप व्यवस्थाओं को बदलना नितांत आवश्यक होता है। इसी आवश्यकता के आधार पर अविष्कारों को नई उडानें दी जा रहीं हैं। नवीन शोधों के नाम पर शासकीय संरक्षण, निजी सुविधायें और संसाधनों का अम्बार लगा दिया जाता है। विभिन्न क्षेत्र के नये उपकरणों को दूरगामी सोच के बिना ही भडकीले विज्ञापनों से आकर्षित होकर स्वीकारा जा रहा है, भले ही वह जीव और प्रकृति के विपरीत ही क्यों न हो। आधुनिक मोबाइल ने फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, आडियो रिकार्डिंग, पत्राचार, वीडियो कालिंग, कान्फ्रेंसिंग, टाइपिंग, एडीटिंग जैसे सैकडों रोजगारों को समाप्त कर दिया है। कम्प्यूटर ने टाइपिंग, डिजाइनिंग सहित हजारों कामगारों को बेरोजगारों की लाइन में खडा कर दिया है। भूसा न निकालने के कारण हार्वेस्टर पर पशुओं की हत्या, पराली जलाने से उठने वाले प्रदूषण और फसल काटने वाले मजदूरों के मुंह से निवाला छीनने जैसे आरोप लग रहे हैं। बोरिंग मशीनों ने हजारों फुट गहराई से पानी निकालकर भूगर्भीय परतों का संतुलन बिगाड दिया है। सेटलाइट के माध्यम से अफवाहों को हवा देकर दंगे करने वालों के षडयंत्र सात समुन्दर पार तक दस्तक देने लगे हैं। वातानुकूलित यंत्रों से तापमान में वृद्धि सहित दर्जनों कुप्रभाव सामने आ रहे हैं। साइबर से लेकर तरंग आधारित उपकरणों से उत्पन्न होने वाला रेडिएशन जानलेवा साबित हो रहा है। बीमारियों के निदान हेतु दी जाने वाली एलोपैथिक दवाओं का प्रतिकूल प्रभाव अनेक रोगों का जन्मदाता बना बैठा है। नई पीढी को आश्रित बनाकर गुलामी का पट्टा पहनाने वाले षडयंत्रकारियों की जमातें नित नये उपकरणों के साथ मैदान में कूद रहे हैं। वर्तमान में बिना कैल्कुलेटर के हिसाब लगाने, बिना वाहन के दुकान तक जाने, बिना मोबाइल के अधूरा महसूस करने, बिना एसी के कमरे में काम करने, बिना मिक्सी के मसाले पीसने, बिना गैस के भोजन पकाने, बिना मशीन के कपडे धोने जैसे रोजमर्रा के सभी जरूरी काम करने की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अविष्कारों को सकारात्मक दिशा में उपयोगी बनाने की आवश्यकता है जबकि उनको नकारात्मकता से साथ परोसा जा रहा है। वहीं देश में जरूरतमंदों की सहायता हेतु प्रारम्भ हुई योजनायें अब जबरन वसूलने का अधिकार बन गई हैं। मुफ्तखोरी के इस फैशन में कामचोरी की आदत सुरसा की तरह बढती ही है। इसके लिए नागरिकों का एक बडा समूह विधायिका से जुडे राजनैतिक दलों की सत्ता लोलुपता यानी वोटबैंक की बढोत्तरी, कार्यपालिका से जुडे अधिकांश उत्तरदायी लोगों की स्वार्थपरिता यानी अतिरिक्त लाभ कमाने और न्यायपालिका के विवादास्पद रहे निर्णयों को उत्तरदायी मानता है। प्रकृति का क्रूरता से दोहन, मानवता का निष्ठुरता से शोषण और वर्चस्व की बढती जंग में आतंक का ठहाका निरंतर तेज होता जा रहा है। ऐसे में संकेतों की बानगी रह-रहकर मिल रही है परन्तु आंख के अंधे का नाम नयनसुख रखने वालों की कमी नहीं है। यांत्रिकीय वर्षा, यांत्रिकीय ठंडक, यांत्रिकीय गर्मी पैदा करने वाले स्वयं को पराशक्ति मान बैठे हैं। ऐसे में तुर्किये के कोन्या मैदान ने एक बार फिर संसार को आइना दिखा दिया है। वहां के लगभग 2.6 मिलियन हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में 100 फुट से अधिक चौडे करीब 684 गड्ढे बन गये हैं जिसके लिए भूर्गभीय जल के मनमाने उपयोग को उत्तरदायी ठहराया जा रहा है। केवल लाल सागर में ही हजारों सकिंग होलों की जानकारी मिली है। आसमान में तो ओजोन की परत में छेद होने के प्रमाण बहुत पहले ही मिल चुके थे। देश के अन्दरूनी हालात तो बद से बदतर होते जा रहे हैं। पहाडों पर विकास ने नाम पर हो रहे मनमाने कार्यो से भूस्खलन, हिमस्खलन और आपदाओं के नये अध्याय लिखे जा रहे हैं। प्रकृति के संतुलन केन्द्रों को पर्यटन स्थलों के रूप में परिवर्तित करने की होड लगी है। महानगरों में जलापूर्ति के लिए सैकडों मील दूर के स्रोतों को तलाशा जा रहा है। नदियों की धारायें निरंतर पतली होती जा रहीं हैं। हिमशिखर निरंतर दूर होते जा रहे हैं। मकानों से अधिक वाहनों की भीड बढ रही है। पर्यावरणीय असंतुलन से स्वनिर्मित रोगजनित कीटाणु आकार ले रहे हैं। वहीं दुनिया के स्वयंभू ठेकेदार अपनी दादागिरी को कायम रखने हेतु निरंतर परमाणु विस्फोट करने में लगे हैं ताकि उन्नत किस्म के हथियार तैयार करके लाचार देशों को भयाक्रान्त कर गुलाम बनाया जा सके। इन विस्फोटों से उत्पन्न होने वाली तरंगों का विश्व व्यापी घातक प्रभाव निरंतर सामने आ रहा है। वर्चस्व की जंग में आग्नेय शस्त्रों के अनियंत्रित प्रयोग, पर्यावरण प्रदूषण की कीमत पर विलासता के उपकरणों का उपयोग और शारीरिक सुख की मृगमारीचिका के पीछे दौडते लोगों के जीव-प्रकृति विरोधी कृत्य ही वर्तमान समस्याओं और उनके विकराल होते स्वरूप के लिए उत्तरदायी हैं। ऐसे में जनसंख्या की विस्फोटक होती स्थिति, हरामखोरी की आदत, अकर्मण्य होती काया, नकारात्मकता का साम्रा%य और कट्टरता की जहरीली मानसिकता ने समूचे संसार को ही प्राकृतिक प्रकोप और मानवीय संघर्ष के मुहाने पर खडा कर दिया है। हालत यह हैं कि संसार में शान्ति कायम करने वाली उत्तरदायी संस्थायें अब स्वयं स्वार्थ के दलदल में डूबी नजर आ रहीं हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसे संस्थानों के चेहरों से तो कोरोना काल में भी नकाब उतर चुका था। संयुक्त राष्ट संघ जैसे मंच अब अप्रासांगिक हो चुके हैं। हकीकत तो यह है कि आज चारों ओर लाठी और बैल की कहावत चरितार्थ हो रही हैं। शक्ति का परचम फहराने के लिए नीतियां, रीतियां या सिद्धान्तों की कसौटी को कैद करके आतंक, भय और षडयंत्र ने संसार भर में अपने पैर फैलाने शुरू कर दिये हैं। इन परिस्थितियों को नियंत्रित करने हेतु केवल आम आवाम की वैचारिक सकारत्मकता ही एकमात्र विकल्प है। एकल नागरिक की निजी पहल ही सामाजिक पहल, क्षेत्रीय पहल, प्रादेशिक पहल, राष्टीय पहल और फिर अन्तर्राष्टीय पहल में परिवर्तित हो सकती है। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# भारत के पांच हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में 'जीरो नामांकन',

**(भरत सिंह दिवाकर)**

देश की सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को लेकर एक गंभीर और चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। संसद में पेश किए गए आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, भारत में 5,149 सरकारी स्कूल ऐसे हैं जिनमें शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान एक भी छात्र नामांकित नहीं है। यह संख्या देशभर के कुल 10.13 लाख सरकारी स्कूलों का हिस्सा है, जो यह दर्शाती है कि बड़ी संख्या में स्कूल सिर्फ कागजों पर मौजूद हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर शिक्षा नहीं दे रहे।

तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा 'जीरो एनरोलमेंट' स्कूल

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 70 प्रतिशत से अधिक शून्य नामांकन वाले सरकारी स्कूल सिर्फ दो राज्यों तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में स्थित हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो देश में हर 10 ऐसे स्कूलों में से 7 इन्हीं दो राज्यों में पाए गए हैं।

यह स्थिति न केवल क्षेत्रीय शिक्षा नीतियों पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी इशारा करती है कि इन इलाकों में स्कूलों का नेटवर्क, जनसंख्या बदलाव और शिक्षा विकल्पों का स्वरूप तेजी से बदल रहा है।

**संसद में कैसे सामने आया यह आंकड़ा? :** यह जानकारी लोकसभा के स्टार्ड प्रश्न संख्या 15 के लिखित उत्तर में साझा की गई, जिसका जवाब 1 दिसंबर 2025 को दिया गया। यह प्रश्न सांसद कार्ति पी. चिदंबरम और अमरिंदर सिंह राजा वारिंग द्वारा पूछा गया था, जिसमें विशेष रूप से शून्य छात्र नामांकन वाले स्कूलों पर सरकार से जानकारी मांगी गई थी। जिसके जवाब में सरकार ने आंकड़े तो साझा किए, लेकिन इन स्कूलों के खाली होने के ठोस कारणों का स्पष्ट उगेख नहीं किया।

**आखिर क्यों खाली हो रहे हैं सरकारी स्कूल? :** हालांकि डेटा वजह नहीं बताता, लेकिन शिक्षा विशेषज्ञों और नीतिगत रिपोर्टों के आधार पर इसके पीछे कई संभावित कारण माने जा रहे हैं, जो इस प्रकार हैं।

*निजी स्कूलों की बढ़ती संख्या और आकर्षण

*ग्रामीण इलाकों से शहरों की ओर पलायन

*स्कूलों का आपस में विलय

*कम छात्र संख्या के कारण अभिभावकों का भरोसा कम होना

*शिक्षकों और बुनियादी सुविधाओं की कमी

*कई मामलों में यह भी देखा गया है कि स्कूल तकनीकी रूप से सक्रिय दिखाए जाते हैं, लेकिन वास्तव में वहां न शिक्षक होते हैं और न ही छात्र।

**शिक्षा व्यवस्था पर क्या पड़ेगा असर? :** विशेषज्ञों का मानना है कि अगर समय रहते इन स्कूलों की स्थिति की समीक्षा नहीं की गई, तो भविष्य में इस प्रकार के परिणाम देखने को मिलेंगे।

*सरकारी शिक्षा ढांचे पर विश्वसनीयता का संकट बढ़ेगा

*शिक्षा पर खर्च होने वाला सार्वजनिक धन अप्रभावी साबित हो सकता है

*ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में शिक्षा की पहुंच और कमजोर होगी

**आगे क्या होगा? :** नीति आयोग और शिक्षा मंत्रालय पहले ही स्कूल री-मैपिंग, डिजिटल शिक्षा और क्लस्टर स्कूल मॉडल जैसे विकल्पों पर विचार कर चुके हैं। अब इस ताजा आंकड़े के बाद उम्मीद की जा रही है कि, ग्राउंड लेवल ऑडिट कराया जाएगा, गैर-कार्यात्मक स्कूलों पर स्पष्ट नीति बनेगी और शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच दोनों पर दोबारा फोकस होगा

5,000 से ज्यादा सरकारी स्कूलों में छात्रों का न होना केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था के लिए चेतावनी की घंटी है। यह मुद्दा सिर्फ स्कूलों का नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों और समान शिक्षा के अधिकार से भी जुड़ा हुआ है।

(यह लेखक के अपने विचार हैं)

# वेनेजुएला का आखिर क्या है विवाद, दक्षिण अमेरिकी देश के पीछे क्यों पड़े हैं राष्ट्रपति ट्रंप?

**साल 2013 में चावेज की मृत्यु के बाद राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने कुर्सी संभाली और फिर अमेरिका के साथ तनाव धीरे-धीरे और बढ़ने लगे। इधर ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान यह तनाव और तेजी से बढ़ा क्योंकि अमेरिका ने 2018 के वेनेजुएला में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर हुए विवाद में मादुरो के प्रतिद्वंद्वी जुआन गुआइदो का समर्थन किया, जो 2023 तक चला। इधर 2024 में मादुरो एक बार फिर वेनेजुएला के राष्ट्रपति चुने गए। उन्होंने स्वतंत्र उम्मीदवार एडमंडो गोंजालेज को हराया। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि यह चुनाव परिणाम संदेहपूर्ण था और इसे लेकर तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका को इस बात की गंभीर चिंता है।**

**(शैलेंद्र तिवारी)**

अमेरिका ने वेनेजुएला से आने-जाने वाले सभी तेल टैकरों के रास्ते ब्लॉक कर दिए है। इसकी जानकारी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर दी उन्होंने लिखा कि वेनेजुएला पूरी तरह से अब तक के सबसे बड़े नौसैनिक बेड़े से घिरा हुआ है। यह बेड़ा और भी बड़ा होता जाएगा और उन्हें ऐसा झटका लगेगा जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा जब तक कि वे अमेरिका को वह सारा तेल, जमीन और अन्य संपत्ति वापस नहीं कर देते जो उन्होंने पहले हमसे चुराई थी।ट्रम्प ने आगे लिखा मादुरो सरकार इन चुराए गए तेल क्षेत्रों से मिले तेल का इस्तेमाल खुद को वित्त पोषित करने, मादक पदार्थों के आतंकवाद, मानव तस्करी, हत्या और अपहरण के लिए कर रहा है। इन कारणों से वेनेजुएला सरकार को एक विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है, इसलिए मैं वेनेजुएला में आने-जाने वाले सभी प्रतिबंधित तेल टैंकरों की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश देता हूं। जवाब में वेनेजुएला की सरकार ने ट्रम्प के इस आदेश की निंदा की है और उन्होंने इस कदम को युद्ध भड़काने वाली धमकी बताया। बता दें कि पिछले सप्ताह अमेरिका ने वेनेजुएला के तट पर उनका एक तेल टैंकर को जब्त कर लिया, अमेरिका इस कार्रवाई को वेनेजुएला की तेल पर निर्भरता को देखते हुए अहम मान रहा है।

**अब तक 87 लोगों की मौत :** ट्रम्प ने हाल ही में वेनेजुएला में सीआईए के एजेंटो को लगाया है कि क्योंकि अमेरिका दावा कर रहा कि उनके देश में वेनेजुएला से बड़े पैमाने पर ड्रग तस्करी हो रही है। इसे लेकर अमेरिका ने दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर दक्षिणी अमेरिकी देश की ओर भेज दिया और साथ ही 15,000 जवानों को तैनात कर दिया। अमेरिका की कार्रवाई में अबतक 87 लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसे में आइए समझते हैं कि आखिर अमेरिका और वेनेजुएला के बीच किस बात को लेकर विवाद है?

**क्यों है दोनों देशों में विवाद? :** दोनों देशों के बीच संबंध 1999 से तनावपूर्ण हैं क्योंकि इसी वर्ष वामपंथी नेता ह्यूगो चावेज़ वेनेजुएला के राष्टपति बने। साल 2002 में चावेज की तख्तापलट की कोशिश हुई, जिसका आरोप उन्होंने अमेरिका पर लगाया और इसी वर्ष वेनेजुएला अमेरिकी राजदूत को अपने देश से बाहर का रास्ता दिखा दिया।



**निकोलस मादुरो ने संभाली कुर्सी :** साल 2013 में चावेज की मृत्यु के बाद राष्टपति निकोलस मादुरो ने कुर्सी संभाली और फिर अमेरिका के साथ तनाव धीरे-धीरे और बढ़ने लगे। इधर ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान यह तनाव और तेजी से बढ़ा क्योंकि अमेरिका ने 2018 के वेनेजुएला में राष्टपति चुनाव को लेकर हुए विवाद में मादुरो के प्रतिद्वंद्वी जुआन गुआइदो का समर्थन किया, जो 2023 तक चला।

इधर 2024 में मादुरो एक बार फिर वेनेजुएला के राष्टपति चुने गए। उन्होंने स्वतंत्र उम्मीदवार एडमंडो गोंजालेज को हराया। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि यह चुनाव परिणाम संदेहपूर्ण था और इसे लेकर तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका को इस बात की गंभीर चिंता है।

**मारिया कोरिना मचाडो हैं मुख्य प्रतिद्वंद्वी :** अक्टूबर 2025 में राष्टपति की मुख्य प्रतिद्वंद्वी मारिया कोरिना मचाडो को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया। बता दें कि साल 2024 में मारिया कोरिना मचाडो को वेनेजुएला के सर्वो%च न्यायालय ने गुआइदो के साथ भ्रष्टाचार की साजिश में शामिल होने का दोषी पाए जाने के बाद राष्टपति चुनाव लड़ने से रोक दिया था।

राष्टपति मादुरो ने सितंबर में अमेरिका पर आरोप लगाया कि वे उन्हें सत्ता से बाहर करना चाहते हैं और वेनेजुएला में अपनी पसंद की सरकार बनाना चाहते हैं। हालांकि ट्रम्प ने इस झूठा और भद्दा मजाक बता दिया।

**वेनेजुएला से क्या चाहता है अमेरिका? :**कई विद्वानों का मानना है वेनेजुएला के पास विशाल तेल का भंडार है और इसे ट्रम्प प्रशासन पाना चाहता है, मादुरो भी यही आरोप ट्रम्प प्रशासन पर लगाते रहे हैं। हालांकि व्हाइट हाउस ने इस बात इनकार किया है।

कुछ समय पहले अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन ने बताया था कि वेनेजुएला के पास विशाल तेल का भंडार मौजूदा है, जो वैश्विक भंडार के करीबन पांचवें हिस्से के बराबर है।अमेरिकी विदेश विभाग की मानें तो वेनेजुएला में ट्रंप की रुचि मादक पदार्थों की तस्करी को खत्म करने की है। विभाग का कहना है कि वेनेजुएला कैरिबाई क्षेत्र में मादुरो शासन के नीचे ड्रग्स की तस्करी कर रहा है, इसी कारण अमेरिका ड्रग तस्करों की नौकाओं को निशाना बना रहा है।बता दें कि अमेरिका ने वेनेजुएला के ऊपर तेल से जुड़े कई प्रतिबंध लगाए हैं, जिस कारण वह चीन को बहुत कम कीमत पर तेल बेचने को मजबूर है।

# पंचायत समिति की बैठक में जन समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधि मुखर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी/कटिहार।** सोमवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत समिति की सामान्य परिषद की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनिता देवी ने की। बैठक में विभिन्न पंचायतों से आये जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड स्तरीय विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने शिरकत की।



पंचायत समिति सदस्य संजय मंडल ने दिलारपुर क्षेत्र में सडकों के अतिक्रमण, बढते बिजली उपभोक्ताओ के मद्देनजर अधिक शक्ति का ट्रांसफार्मर लगाये जाने, जन वितरण प्रणाली के माध्यम मे उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा से कम अनाज दिये जाने का मुद्दा उठाया.पंचायत समिति सदस्य कुंदन पासवान ने भी दिलारपुर में सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने. नवाबगंज से हरिगंज चौक तक ग्रामीण कार्य के माध्यम से कराये जा रहे पथ निर्माण की गुणवत्ता की निगरानी की मांग की। बौलिया पंचायत के मुखिया जार्जिस आलम ने बौलिया में सरकारी भूमि उपलब्ध रहने और उस पर अवैध कब्जा के कारण पंचायत सरकार भवन बनने मे आ रही बाधा का मुद्दा उठाया. बघार पंचायत के मुखिया पिंटु यादव ने पंचायत सरकार भवन बनने की दिशा में आ रही गतिरोध को दूर करने मे स्थानी प्रशासन की हीलहवाला का मुद्दा उठाया। दक्षिणी काटाकोश के मुखिया सहित मुखिया कामता प्रसाद सिंह ने भी मनरेगा अब विकसित भारत जी राम जी के किये गये कार्य की राशि भुगतान नही होने का मामला उठाया और लम्बी अवधि की बकाये राशि के भुगतान की मांग की। पंचायत समिति सदस्य मुन्ना रजक ने केलावा स्थित प्राथमिक विद्यालय दोगच्छी केवाला के अतिक्रमित भू भाग से अतिक्रमण हटाये जाने, हाल ही गली गली हडक किनारे लगाये गये सोलर लाईट के बंद रहने की जांच की मांग की।डीसीएलआर का रिक्त रहने से तत संवंधी कार्य मे आमजन को होनेवाली परेशानी को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था किये जाने की मांग जनप्रतिनिधियों ने की। इस बैठक में प्रखंड प्रमुख अनिता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सनत कुमार, अंचलाधिकारी मो. स्माईल, विकसित भारत जी राम जी मनरेगा परियोजना पदाधिकारी अलेंदू सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंहा, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चन्द्रशेखर, प्रखंड कृषि पदाधिकारी गौरव कुमार, कनीय अभियंता विद्यूत विभाग अभिजीत कुमार, सेन्ट्रल बैंक मनिहारी शाखा के शाखा प्रबंधक संजीव कुमार सिंह,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, मनिहारी थाना के एसआई श्री निराला, सहित अन्य विभाग के अधिकारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद थे। धूरीयाही मुखिया राजकुमार मंडल ने अधिकारीयों से विकास कार्यो में जनप्रतिनिधियों का सहयोग करने व परस्पर समन्वय बनाकर जनता की सेवा में सहयोग की अपेक्षा की।

## मनिहारी में मतदाता सूची शुद्धिकरण पर प्रशासन सख्त



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी /कटिहार।** प्रखंड सभागार में मतदाता सूची को पूरी तरह त्रुटिमुक्त और पारदर्शी बनाने को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम त्रिलोकी नाथ सिंह ने की। इस दौरान बीडीओ सनत कुमार, बीपीआरओ सोनू गुप्ता समेत निर्वाचन विभाग के सभी संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।बैठक में स्पष्ट किया गया कि मतदाता सूची से धुंधली फोटो, गैर-मानव अमान्य तस्वीरें, आयामविहीन फोटो और अतार्किक प्रविष्टियाँ किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं होंगी।

एसडीएम ने सख्त लहजे में निर्देश देते हुए कहा कि सभी बीएलओ और मास्टर ट्रेनर मिशन मोड में काम करें, ताकि कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं और कोई भी फर्जी नाम सूची में न रहे।उन्होंने जोर देकर कहा कि डेटा सत्यापन,स्पष्ट फोटो, सही नाम-पता और दस्तावेजों की जांच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। मतदाता सूची की शुद्धता ही निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की बुनियाद है। बैठक में अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। प्रशासन की इस सख्ती से साफ है कि आने वाले चुनाव से पहले मतदाता सूची को पूरी तरह दुरुस्त किया जाएगा। ताकि आम जनता का लोकतांत्रिक अधिकार पूरी मजबूती से सुरक्षित रहे।

## मुख्यमंत्री मांगें सार्वजनिक माफी : सांसद तारिक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** स्थानीय सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर अपने दो दिवसीय दौरे पर गृह जिला पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सोमवार को प्रेस वार्ता कर हिजाब प्रकरण और बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति सहित कई ज्वलंत मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान देश भर में चर्चा का विषय बने हिजाब प्रकरण पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सांसद ने इसे भारतीय संस्कृति का अपमान करार दिया।



उन्होंने कहा कि इस तरह के विवादों से प्रदेश की छवि खराब हुई है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य की बदनामी हुई है। उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि यह मामला बेहद संवेदनशील है और मुख्यमंत्री को इस पूरे प्रकरण पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। साथ ही बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या पर चिंता जताते हुए कहाकि पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं की 'टारगेट किलिंग' और उन पर हो रहे हमले अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि जिस बांग्लादेश के निर्माण और जन्म में हिंदुस्तान का अहम योगदान रहा हो। वहां इस तरह की सांप्रदायिक घटनाएं होना बेहद शर्मनाक है।उन्होने इस मामले में भारत सरकार और विदेश मंत्रालय के हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को चुप नहीं बैठना चाहिए और कूटनीतिक स्तर पर बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर वहां के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। सांसद ने जोर देकर कहा कि पड़ोसी मुल्क में हो रही हिंसा को रोकने के लिए भारत को सख्त रुख अख्तियार करने की जरूरत है। इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव कांग्रेस नेता पंकज तंबाकूवाला सहित कई लोग मौजूद रहे।

## महापौर ने जनता दरबार में सुनीं जनसमस्या



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम के महापौर ऊषा देवी अग्रवाल ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। महापौर ने नगर निगम स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आये सभी 22 फरियादियों की समस्या सुनी। महापौर के द्वारा सभी फरियादियों की समस्या सुन त्वरित कारवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिया गया।

जनता दरबार में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, सड़क व नाला निर्माण, बिजली पोल एवं लाइट, रास्ते एवं अतिक्रमण से जुड़े विवाद,नालों की साफ-सफाई, सड़क अतिक्रमण करने वाले पर होगी करवाई एवं अन्य मामलों से संबंधित मामले आये । महापौर के द्वारा पिछले जनता दरबार में आये सभी आवेदनों की समीक्षा भी की गई। इस मौके पर वार्ड पार्षद सलीम अंसारी मुर्तजा, नितेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## महर्षि मेंही संतमत सत्संग आश्रम में महर्षि संतसेवी परमहंस जी महाराज की मनाई गई 106वीं जयंती



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के प्रताप चंद्र शर्मा जयंती देवी महर्षि मेंही संतमत सत्संग आश्रम मरंगी में महर्षि संतसेवी परमहंस जी महाराज की 106 वीं पावन जयंती के शुभ अवसर पर सत्संग मंदिर में महर्षि मेंही परम हंस जी महाराज के तेल चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

इस मौके पर प्रताप चंद्र शर्मा, जयंती देवी महर्षि मेंही संतमत सत्संग आश्रम के अध्यक्ष गुड़िया देवी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी महर्षि संतसेवी परमहंस जी महाराज का 106वीं जयंती के शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में प्रातः कालीन सत्संग का आयोजन किया गया। एवं दोपहर में सत्संग भजन स्तुति विनती के साथ भंडारा का भी आयोजन किया गया, जिसमें दूर दराज से आए साधु महात्मा एवं परिक्षेत्र से आए सत्संग प्रेमियों ने सत्संग सुनकर लाभ उठाया एवं भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रताप चंद्र शर्मा जयंती देवी महर्षि मेंही संतमत सत्संग आश्रम मरंगी के अध्यक्ष गुड़िया देवी, सचिव उत्तम शर्मा, सदस्य बाल किशोर शर्मा, सुबोध शर्मा, राजेश शर्मा,अनिल शर्मा, विभाष शर्मा, प्रमोद रजक, तूफानी साह, सोहन शर्मा, कृष्णा शर्मा, मुन्ना शर्मा, बजरंगी यादव उर्फ गुड्डू, किशोर शर्मा, भूमेश्वर शर्मा, अशोक यादव, रंजीत साह, रमेश परिहार, विक्रम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सेवा, संस्कार व पर्यावरण के संदेश के साथ मनाया गया विधायक मनोज का जन्मदिन

### हवन-पूजन, कंबल वितरण और पौधारोपण कर दीघार्यु की कामना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** बरही विधायक मनोज कुमार यादव का 69वां जन्मदिन उनके आवास पर सामाजिक सरोकार, सेवा भाव और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के नेतृत्व में विधिवत गायत्री हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार एवं यज्ञ आहुतियों के माध्यम से विधायक के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई।



हवन-पूजन के उपरांत विधायक मनोज कुमार यादव ने गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही जनप्रतिनिधि की सच्ची जिम्मेदारी है। सेवा, संवेदना और समर्पण से ही एक सशक्त समाज का निर्माण संभव है। इसके बाद विधायक आवास परिसर में फलदार पौधों का पौधारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि पौधारोपण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक आवश्यक कदम है। उन्होंने आमजनों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण की अपील की। पौधारोपण कार्यक्रम के पश्चात विधायक मनोज कुमार यादव ने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी और उनके नेतृत्व को क्षेत्र के विकास का मजबूत आधार बताया। उपस्थित लोगों ने कहा कि विधायक मनोज यादव सादगी, सेवा और विकास की राजनीति के प्रतीक हैं, जिनके नेतृत्व में बरही विधानसभा निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम में जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, सांसद प्रतिनिधि बंटी मोदी, मुखिया संघ अध्यक्ष बरही विजय यादव, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, राजसिंह चौहान, दिनेश सिंह राठौड़, हरीश श्रीवास्तव, राजदेव यादव, नारायण यादव, लक्ष्मण यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, पार्टी कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे।

## पलमो पंचायत में कंबल वितरण का हुआ कार्यक्रम

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज पलमो पंचायत की मुखिया किनी देवी ने अपने पंचायत में कंबल वितरण का कार्यक्रम किया वैसे जरूरतमंद महिला और पुरुषों को कंबल वितरण किया गया ठण्ड को देखते हुए जरूरी लग रहा था जिसको देना चाहिए अपने लोगों का कंबल वितरण किया गया करीब 275 कंबल वितरण किया गया पलमो पंचायत मे कंबल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित व्यक्ति मुखिया- किनी देवी समिति सदस्य प्रतिनिधि- अनित कुमार साहू वार्ड सदस रेशमी देवी 04 वार्ड सदस्य- अशोक सिंह-5 वार्ड सदश्य- प्रभाकर पाण्डेय -07 वार्ड सदस्य- वाले मण्डल 03 वार्ड सदस्य - पाछू साव-02 वार्ड सदस्य- बद्री मण्डल-01 वार्ड सदस्य - जय नारयण सिंह 06 वार्ड सदस्य - बालीका देवी-10 वार्ड सदस्य - शामेल हांसदा-1 1 वार्ड सदास - सुरेश राय - 08 और ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्राथमिकी के आरोपी गिरफ्तार

**मनिहारी /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के नयाटोला बस स्टैंड के पास दो पक्षों में विवाद हो गया था। इस संदर्भ में एक पक्ष ने मनिहारी थाना में लिखित शिकायत 21.12.2025 को दर्ज करायी थी। मिली शिकायत के आलोक मे मनिहारी थानाकांड संख्या 319/25 दर्ज कर पुलिस ने प्राथमिकी आरोपी सुग्रीव महतो एवं शक्ति कुमार महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इस अभियान में पीएसआई सत्यम कुमार सिंह की सक्रिय भूमिका रही।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में राष्ट्रीय गणित दिवस सह मेला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में राष्ट्रीय गणित दिवस सह गणित मेला का आयोजन हुआ।डॉ अनिल कुशवाहा, प्राचार्य, जी डी बगड़िया शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, प्रधानाचार्य आनंद कमल,प्रमुख कोकिल चंद एवं अजीत मिश्रा ने रामानुजन के समक्ष दीप जलाकर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया।




मौके पर बच्चों ने गणित के विभिन्न आयामों पर अलग-अलग मॉडल बनाए एवं रामानुजन के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालाल्लडॉट्ट अनिल कुशवाहा ने कहा कि हमें गणित के प्रश्नों से घबराना नहीं चाहिए बल्कि सरलता से उसे हल करना चाहिए।मात्र 33 वर्षों की अल्पायु में श्रीनिवास रामानुजन ने सीमित संसाधनों के बावजूद इन्होंने गणित में ऐसे सूत्र और सिद्धांत दिए जो आज भी विश्व भर में पढ़ाए जाते हैं। राष्ट्रीय गणित दिवस पर हमें उनके योगदान को याद करते हुए गणित को अपने और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षा तकनीक, अंतरिक्ष, अर्थव्यवस्था और रोजमर्रा की जिंदगी में गणित की भूमिका बेहद अहम है वहीं दूसरी ओर 36वाँ प्रांतीय खेलकूद समारोह, रतनपुर टुंडी में विद्यालय के शिशु वर्ग की बहनों ने कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर विजेता बहनों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।प्रधानाचार्य आनंद कमल ने कहा कि यह श्रेय बहनों की कड़ी मेहनत और कोच अनिता कुमारी का उचित मार्गदर्शन का परिणाम है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज कुमार चौधरी, अनिल कुमार, राजेंद्र लाल बरनवाल, सुमन मंडल, मोनालिसा, आनंद पाठक का सराहनीय योगदान रहा।

## खंडोली पर्यटन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी : एसपी ने किया निरीक्षण, शराब पर सख्त पाबंदी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने सोमवार को खंडोली पर्यटन स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यटन स्थल में सैलानियों की सुरक्षा, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, बोटिंग संचालन समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एसपी ने खंडोली जलाशय में क्षमता से अधिक सैलानियों को बैठाकर बोटिंग कराने पर सख्त पाबंदी लगा दी है।



उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में एक बोट पर छह से अधिक सैलानियों को नहीं बैठाया जाएगा। इसके साथ ही बोटिंग से पूर्व सभी सैलानियों को अनिवार्य रूप से लाइफ जैकेट पहनाने तथा केवल कुशल चालकों द्वारा ही बोटिंग कराने का निर्देश दिया गया। बोटिंग के दौरान सैलानियों को सेल्फी लेने से भी मना किया गया है। एसपी ने चेतावनी दी कि बोटिंग के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में बोट संचालक को ही मुख्य रूप से जिम्मेदार माना जाएगा पिकनिक स्पॉट में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध एसपी डॉ. विमल कुमार ने खंडोली पिकनिक स्पॉट में शराब सेवन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने कहा कि चोरी-छिपे शराब लेकर खंडोली में प्रवेश करने या पकड़े जाने की स्थिति में शराब की बोतल तत्काल नष्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी हाल में पर्यटन स्थल पर शराब पीने की अनुमति नहीं होगी उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि सूर्यास्त के बाद भी तब तक पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जब तक पर्यटन स्थल से सभी वाहन अपने गंतव्य की ओर रवाना न हो जाएं। सभी वाहनों के निकलने के बाद ही पुलिस बल हटाया जाएगा। सुरक्षा के मद्देनजर महिला पुलिसकर्मियों सहित पर्याप्त संख्या में जवानों की चाक-चौबंद व्यवस्था रखने का भी निर्देश दिया गया है। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त बल की तैनाती की बात भी कही गई एसपी ने सैलानियों से खंडोली की हसीन वादियों को स्वच्छ रखने, कचरा इधर-उधर न फैलाने तथा साथ आए बच्चों पर विशेष ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एसपी ने खुद लिया बोटिंग का आनंद निरीक्षण के दौरान एसपी डॉ. विमल कुमार ने स्वयं लाइफ जैकेट पहनकर बोटिंग का आनंद लिया। उनके साथ एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, कमाल खान, श्याम किशोर महतो सहित अन्य अधिकारी भी एक ही बोट पर सवार होकर खंडोली जलाशय की सैर करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने बोट चालक की कुशलता का भी अवलोकन किया। बोटिंग से लौटने के बाद एसपी ने बोट मालिक को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मौके पर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, कमाल खान, श्याम किशोर महतो, बीडीओ सुनील कुमार मुर्मू, जिला खेल पदाधिकारी अर्जुन बारला, थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह, एसआई सुरेंद्र सिंह, खुर्शीद अनवर हादी सहित कई अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर बरमसिया में भारतीय सप्तशक्ति संगम सह वार्षिकोत्सव का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** विद्या भारती विद्यालय लोक शिक्षा समिति बिहार की इकाई अरुण चौधरी सरस्वती शिशु मंदिर बरमसिया परिसर में भारतीय संस्कृति जागरण के उद्देश्य से सप्तशक्ति संगम सह वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद, प्रांत कार्यवाहक अभय गर्ग, प्रदेश सचिव रामलाल सिंह, विभाग प्रचारक मनुशेखर जी, पूर्व केंद्रीय मंत्री निखिल कुमार चौधरी,जगदीश साह, अजय कुमार सिंह, वीरेंद्र मेहता एवं विद्यालय के सचिव अमित कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया।



कार्यक्रम में विद्या भारती के भैया बहनों द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसका मुख्य अतिथि सहित सभी अभिभावकों ने प्रशंसा की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री प्रसाद ने विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर भारतीय संस्कृति और मूल्यो पर आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए जाना जाता है। यहां बच्चों को ज्ञान के साथ-साथ चरित्र निर्माण , देशभक्ति और जीवन मूल्यों की शिक्षा भी दी जाती है ।उन्होंने शिशु मंदिर के शिक्षकों कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार देने की बात कही। जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम में सरोज एवं मेनका जी के द्वारा महारानी अहिल्याबाई होल्कर, महारानी लक्ष्मीबाई एवं वीर बलिदानी बालक बालिकाओं की जीवनी पर प्रकाश डाला गया तथा अभिभावकों को अपने बच्चों को उसी अनुरूप ढालने का आग्रह किया। विद्या भारती के प्रदेश सचिव रामलाल सिंह ने विद्या भारती के पूर्व छात्र-छात्राओं की उपलब्धि पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि आज हमारे पूर्व छात्र भारत सरकार एवं राज्य सरकार के विशिष्ट पदों पर सेवा देकर देश को दिशा दे रहे हैं ।विशिष्ट अतिथि मनुशेखर जी ने संयुक्त परिवार एवं पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। अध्यक्षीय उद्बोधन प्रियंका सिंह ने एवं धन्यवाद ज्ञापन सचिव अमित कुमार गुप्ता उर्फ बबलू के द्वारा दिया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं आगंतुकों का परिचय प्रधानाचार्य रमन कुमार झा के द्वारा कराया गया। इस अवसर पर निगम पार्षद भद्रासन देवी, प्रमोद महतो, मनीष घोष उर्फ बिट्टू, रीना झा, बब्बन झा, प्रकाश रंजन, चंद्रशेखर जायसवाल, नेहा कुमारी, प्रिया कुमारी, अंशु सिंह एवं गुंजा सिंह सहित सैकड़ो छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे ।

## स्वदेशी मेला में संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** शहर के माहेश्वरी एके-डमी खेल मैदान में स्वदेशी मेला क मंच पर संस्कृति सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में भारत में जन्मे सभी मतपंथ के प्रमुख उपस्थित होकर अपने अपने सम्बोधन में सर्वपंथ सम्भाव के उद्घोष से उपस्थित सज्जनों को अवगत कराते हुए भारत माता की जय कारा लगवाया।



मंच संचालन करते हुए स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक विनय भूषण ने सबसे पहले भारत सेवाश्रम संघ के धर्म प्रचारक पुज्य स्वामी तत्वज्ञानानंद जी महराज को मंचासीन कराया। महर्षि मेही के स्वामी निरंजनानंद महराज, निरंकारी मिशन के ब्रजेश कुमार झा, आनंद मार्ग के एसके भारती एवं ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बहन सुनिता को मंचासीन कराया। कार्यक्रम में मंचासीन होते हुए पंथ प्रमूखो ने एक स्वर में भारत माता कि जय का उद्घोष कराया। फिर हनुमान चालीसा पाठ सामुहिक हुआ सबो ने भारत माता पूजन, आरती और स्वदेशी अपनाने का संकल्प कराते हुए प्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सत्यनारायण, अवधेश, महेन्द्र, जयप्रकाश बारीक, महेश,बीयर, नंदकिशोर, योगेश,डीपी राय बहन नेहा, पूजा, प्रभा, रिया राउत, बबीता मिश्रा, विभा झा, इन्द्रजीत सिंह, दयाशंकर राय,अरुण कुमार चौधरी, स्वराज पाल आदि सभी कार्यकर्ता तन मन से लगे रहे।

## विजय केडिया के पास हैं कंपनी के 10 लाख शेयर, एक ही दिन में 16 प्रतिशत चढ़ गया भाव

नई दिल्ली, एजेंसी। कैमशाफ्ट बनाने वाली दिग्गज कंपनी प्रेसिजन कैमशाफ्ट लिमिटेड इन दिनों शेयर बाजार में चर्चा का केंद्र बनी हुई है। कंपनी के शेयरों में आज करीब 16 प्रतिशत की जोरदार तेजी देखने को मिली और भाव 170 तक पहुंच गया। ट्रेडिंग के दौरान शेयर ने 173.60 का हाई भी छुआ, जबकि पिछला बंद भाव 149.35 था। करीब 1,617 करोड़ के मार्केट कैप वाली इस कंपनी में यह उछाल सोलापुर में सोलर पावर क्षमता बढ़ाने की खबर के बाद आया है, जिससे निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ है। बता दें कि विजय केडिया के पास कंपनी के 1000000 शेयर हैं। यह 1.05 पर्सेंट स्टेक के बराबर है। कंपनी ने महाराष्ट्र के मंगलवेढ़ा (सोलापुर) में अपनी कैप्टिव सोलर पावर परियोजना का विस्तार करते हुए 14 एमडब्लू का नया सोलर प्लांट शुरू किया है। यह प्लांट 19 दिसंबर 2025 से चालू हो गया है। इससे पहले यहां 15 एमडब्लू की सोलर क्षमता पहले से मौजूद थी। नए प्लांट के जुड़ने से अब कंपनी की कुल कैप्टिव सोलर क्षमता बढ़कर 29 एमडब्लू हो गई है। इस कदम को कंपनी की लागत घटाने और भविष्य की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। कंपनी के मुताबिक, इस सोलर पावर विस्तार से उत्पादन से जुड़ी बिजली लागत में बड़ी बचत होने की उम्मीद है। साथ ही, यह कदम कंपनी की ग्रीन और सस्टेनेबल एनर्जी रणनीति को भी मजबूत करता है। सोलर ऊर्जा के ज्यादा इस्तेमाल से प्रेसिजन कैमशाफ्ट का कार्बन फुटप्रिंट कम होगा, जो पर्यावरण के लिहाज से भी एक सकारात्मक संकेत है। यही वजह है कि बाजार ने इस खबर को हाथों-हाथ लिया और शेयरों में तेजी देखने को मिली। प्रेसिजन कैमशाफ्ट लिमिटेड भारत और वैश्विक स्तर पर 150 से ज्यादा तरह के कैमशाफ्ट बनाती और सप्लाई करती है। इसके उत्पाद पैसेंजर व्हीकल, ट्रैक्टर, लाइट कमर्शियल व्हीकल और लोकोमोटिव इंजन में इस्तेमाल होते हैं। भारत के अलावा कंपनी की ओवरसीज मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स भी हैं और यह कई ग्लोबल [illegible] को सप्लाई करती है। टेक्नोलॉजी, ऑपरेशनल एफिशिएंसी और टिकाऊ मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस के चलते कंपनी को ऑटो सेक्टर की मजबूत प्लेयर माना जाता है, और सोलर निवेश ने इसकी छवि को और मजबूत किया है।

## रुपये की कीमत में गिरावट से घबराएं नहीं, बदलें निवेश की रणनीति ; बनाएं डॉलर फ्रेंडली पोर्टफोलियो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2025 भारतीय रुपये के लिए भारी उथल-पुथल भरा रहा है। विदेशी निवेशकों की रिकॉर्ड बिकवाली और वैश्विक अनिश्चितता के बीच रुपया 91 रुपये प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिर गया। लेकिन एक निवेशक के तौर पर यह घबराने का नहीं, बल्कि अपनी निवेश रणनीति को बदलने का समय है। गिरता रुपया सिर्फ महंगाई नहीं लाता, बल्कि समझदार निवेशकों के लिए डॉलर से कमाई के दरवाजे भी खोलता है। बस जरूरत है सही सेक्टर चुनने की। रुपया पहली बार 91 के पार, शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव। टीवी पर ब्रेकिंग न्यूज देखकर मोहित के पसीने छूट गए। मोहित को लगा बरसों की बचत कहीं डूब न जाए। अपने वित्तीय सलाहकार को तुरंत फोन लगाया और पूछा, पोर्टफोलियो लाल निशान में है। क्या मुझे अपना सारा पैसा निकाल लेना चाहिए मोहित की तरह यह सवाल तमाम निवेशकों के मन में है। बाजार की इस अस्थिरता को डर नहीं, बल्कि अवसर की तरह देखना चाहिए। पिछले एक साल में भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले 6.86 फीसदी कमजोर हुआ है। 19 दिसंबर, 2024 को रुपया 85.09 के स्तर पर था। 16 दिसंबर को रुपये ने पहली बार डॉलर के मुकाबले 91.19 का स्तर छुआ।

**इस कमजोरी के पीछे मुख्य कारण :**

विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली (दिसंबर में अब तक 18,667 करोड़ रुपये)

अमेरिका-भारत व्यापार तनाव

वैश्विक स्तर पर डॉलर की मजबूती

रुपये में आई कमजोरी ने निवेशकों के सामने बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है- अब निवेश की दिशा क्या हो

जब रुपया कमजोर होता है, तब कुछ सेक्टर 'सुरक्षा कवच' की तरह काम करते हैं :

**आईटी सर्विसेस :** टीसीएस, इंफोसिस जैसी कंपनियों की आय डॉलर में होती है, खर्च रुपये में। रुपया गिरने से इनका मार्जिन अपने आप बढ़ जाता है।

**फार्मा सेक्टर :** सन फार्मा और सिप्ला जैसी कंपनियां अमेरिका और यूरोप को भारी निर्यात करती हैं, जिससे उन्हें मुद्रा लाभ मिलता है।


# भारत-न्यूजीलैंड को अगले पांच साल में व्यापार दोगुना करना चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड को चुनिंदा उत्पादों पर आयात शुल्क में कटौती कर अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसके साथ ही कृषि जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की जरूरत है। यह सुझाव थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने दिया। जीटीआरआई ने कहा कि सेवाओं के व्यापार को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों के बीच अधिक सीधी उड़ानें, सरल वीजा नियम और पेशेवर योग्यताओं की आपसी मान्यता अहम होगी। विशेष रूप से आईटी, स्वास्थ्य सेवा और विमानन क्षेत्रों में इससे अवसर बढ़ सकते हैं।

एजेंसी के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि दोनों देश चुनिंदा उत्पादों पर शुरुआती टैरिफ राहत, व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान और कृषि, वानिकी, फिनटेक व शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सेक्टोरल सहयोग के जरिए अगले पांच वर्षों में दोतरफा व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य तय कर सकते हैं।

**भारत-न्यूजीलैंड के बीच जल्द हो सकता है एफटीए :** भारत और न्यूजीलैंड एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत के समापन की घोषणा करने वाले हैं। इसके लिए बातचीत 2010 में शुरू हुई थी, फिर नौ दौर के बाद 2015 में रुक गई थी और इस साल फिर से शुरू की गई थी।इस वर्ष 5 से 9 मई को वार्ता का पहला दौर आयोजित किया गया था।

**दोनों देशों के लिए क्यों है यह समझौता अहम? :** श्रीवास्तव ने कहा कि यह समझौता वस्तुओं पर शुल्क कम करने, सेवाओं तक पहुंच में सुधार करने और व्यापार सुविधा



को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगा, जबकि राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों, विशेष रूप से डेयरी क्षेत्र में नीतिगत गुंजाइश को बनाए रखेगा।

उन्होंने आगे कहा कि इस समझौते के तहत, औद्योगिक उत्पादों, वस्त्रों, इंजीनियरिंग सामानों, ईंधनों और कुछ कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क समाप्त या काफी कम होने की उम्मीद है। वहीं संवेदनशील कृषि उत्पादों को बहिष्करण सूचियों, शुल्क-दर कोटा और लंबी चरणबद्ध समाप्ति अवधि के माध्यम से संरक्षित किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि सीमा शुल्क सुविधा, मानकों, लघु व मध्यम उद्यमों, स्थिरता और विवाद निपटान संबंधी प्रावधानों के साथ-साथ सेवा प्रतिबद्धताओं से आईटी, व्यावसायिक सेवाओं, शिक्षा और डिजिटल व्यापार में सहयोग गहरा होने की संभावना है।

श्रीवास्तव ने कहा कि भारत के लिए, यह समझौता प्रशांत क्षेत्र के उच्च आय वाले, नियम-आधारित बाजार तक पहुंच को मजबूत करता है और इसकी व्यापक इंडो-पैसिफिक आर्थिक रणनीति का समर्थन करता है। न्यूजीलैंड के लिए, यह वैश्विक व्यापार अनिश्चितता में वृद्धि के बीच दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक में अधिक सुरक्षित प्रवेश प्रदान करता है।

वित्त वर्ष 2025 में द्विपक्षीय व्यापार लगभग 1.3 अरब डॉलर रहा

वित्त वर्ष 2025 में द्विपक्षीय व्यापार लगभग 1.3 अरब डॉलर था (भारत का निर्यात 711.1 मिलियन डॉलर और आयात 587.1 मिलियन डॉलर था)। न्यूजीलैंड का औसत आयात शुल्क केवल 2.3 प्रतिशत है, जबकि भारत का 17.8 प्रतिशत है, और न्यूजीलैंड की 58.3 प्रतिशत टैरिफ लाइनें पहले से ही शुल्क-मुक्त हैं। उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह है कि भारतीय निर्यातकों को पहले से ही पर्याप्त पहुंच प्राप्त है, जबकि भारत शुल्क कटौती के माध्यम से समायोजन का अधिकांश भार वहन करेगा।

**क्या कहते हैं आंकड़े? :** न्यूजीलैंड को भारत का निर्यात व्यापक है, लेकिन इसमें ईंधन, वस्त्र और फार्मास्यूटिकल्स की मात्रा अधिक है। विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) का शिपमेंट 110.8 मिलियन डॉलर के साथ सबसे आगे रहा, इसके बाद कपड़े, फैब्रिक और घरेलू वस्त्रों का शिपमेंट 95.8 मिलियन डॉलर का रहा।

## चांदी काट रही गदर, अब 2.50 लाख पर नजर, आज 2.13 लाख के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चांदी आज भी गदर काट रही है। चांदी की कीमतों ने आज सोमवार को एक नया इतिहास रच दिया है। अमेरिकी ब्याज दरों में और कटौती की संभावना तथा निवेशकों के पनाहगार परिसंपत्तियों में रुचि बने रहने से चांदी और सोने समेत सभी कीमती धातुओं में तेजी देखी गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर, चांदी के मार्च फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट सुबह लगभग 9:15 बजे 2.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,13,412 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गए। इससे पहले, सत्र के दौरान यह 2,13,844 रुपये प्रति किलोग्राम के अपने नए ऑल टाइम हाई को छू चुका था।

सोने के फरवरी फ्यूचर्स भी 0.77 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,35,224 रुपये प्रति 10 ग्राम पर मजबूत बने हुए थे। कई एक्सपर्ट्स ने संभावना जताई है कि चांदी बहुत जल्द 2.50 लाख रुपये प्रति किलो का स्तर भी छू लेगी।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में हालात :** अंतरराष्ट्रीय बाजार में, स्पॉट सिल्वर 2.7 प्रतिशत की छलांग लगाकर 69.23 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के ऐतिहासिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। स्पॉट गोल्ड 1.2 प्रतिशत बढ़कर 4,391.92 अमेरिकी डॉलर



प्रति औंस के नए रिकॉर्ड स्तर पर आ गया।

**अन्य कीमती धातुओं में भी उछाल :** यह रैली अन्य कीमती धातुओं में भी दिखी। प्लैटिनम 4.1 प्रतिशत उछलकर 2,054.25 अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया, जो 17 वर्षों से अधिक समय का उच्चतम स्तर है। वहीं, पैलेडियम 4 प्रतिशत बढ़त के साथ 1,781.32 अमेरिकी डॉलर पर आ गया, जो लगभग तीन वर्ष का सबसे ऊँचा स्तर है।

**चांदी सोने से आगे :** चांदी ने वर्ष की शुरुआत से अब तक 138 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़त दर्ज की है, जो सोने के प्रदर्शन से काफी बेहतर है। इस तेज उछाल को मजबूत निवेश और लगातार बने रहने वाली आपूर्ति की कमी का समर्थन मिल रहा है, जिससे बाजार में कसाव बना हुआ है।

इलेक्ट्रॉनिक्स, एआई और सौर ऊर्जा जैसे उद्योगों की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए विशेषज्ञों का अनुमान है कि चांदी की औद्योगिक मांग अभी और बढ़ने वाली है।

# देश को तरक्की के लिए रिन्यूएबल एनर्जी की जरूरत? लेकिन सामने अभी भी कई चुनौतियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** औद्योगिक विकास के साथ ऊर्जा की जरूरत बढ़ रही है, लेकिन जलवायु परिवर्तन की भी चुनौती है। ऐसे में दुनिया विकास और स्थायित्व के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है। पेरिस समझौते के अनुसार कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए विभिन्न देश रिन्यूएबल एनर्जी में निवेश कर रहे हैं। लेकिन, सौर और पवन ऊर्जा के साथ सबसे बड़ी समस्या अनियमितता की है। ऐसे में परमाणु ऊर्जा भरोसेमंद स्रोत के रूप में उभर रही है। यह कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के साथ रिन्यूबल एनर्जी की पूरक भी है।

परमाणु ऊर्जा मुख्य रूप से विखंडन द्वारा बनाई जाती है। यूरेनियम-235 को विभाजित करके भारी मात्रा में ऊर्जा मुक्त करते हैं। -235 की एक छोटी-सी मात्रा कई हजार टन कोयले के बराबर बिजली पैदा कर सकती है



और इसमें कोई ग्रीन हाउस गैस भी नहीं निकलती। यह लंबे समय तक चलती है, इसके लिए कम जमीन चाहिए और ज्यादा ईंधन की जरूरत नहीं होती। एक बार काम शुरू होने के बाद अनुमान लगाया जा सकता है कि अगले कुछ वर्षों में लागत क्या आएगी। हालांकि अभी तक न्यूक्लियर फ्यूजन व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक नहीं हुआ है, लेकिन दुनियाभर में रिसर्च जारी है।

**एनर्जी अब रणनीति से जुड़ा सवाल :** भारत के लिए यह मुद्दा केवल ऊर्जा का नहीं है। एनर्जी अब रणनीति से जुड़ा सवाल है। टेक्नोलॉजी और एनर्जी के मामले में दूसरे पर निर्भरता आज के दौर में जियो पॉलिटिकल कमजोरी बन जाती है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। ऐसे में मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण और दूसरी जरूरतों के लिए उसे ऊर्जा चाहिए। परमाणु ऊर्जा यह जरूरत पूरी कर सकती है।

1950 के दशक में डॉ. होमी जे. भाभा ने देश की ऊर्जा स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए परमाणु कार्यक्रम बनाया था। इसके तीन चरण थे। पहला चरण था प्राकृतिक यूरेनियम से चलने वाले दाब युक्त भारी जल रिएक्टर बनाना। दूसरे चरण में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर का निर्माण हुआ। वर्तमान में तमिलनाडु के कलपक्कम में प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर काम कर रहा है। तीसरे चरण में थोरियम आधारित प्रणाली की परिकल्पना की गई है। भारत के पास थोरियम का प्रचुर भंडार है।

भारत में अभी 25 परमाणु रिएक्टर चल रहे हैं। इनकी कुल क्षमता 8,780 मेगावाट है। कई दूसरी योजनाओं पर काम चल रहा है। परमाणु विज्ञान ने बिजली उत्पादन के अलावा राष्ट्रीय विकास में भी परिवर्तनकारी भूमिका निभाई है। इसकी मदद से स्वदेशी रेडियोथेरेपी विकसित की गई, कैंसर का इलाज आसान हुआ है, खेती में उत्पादन बढ़ाने में मदद मिली है। उद्योग और पर्यावरण पर भी इसने सकारात्मक असर डाला है।

# बंटवारे के बाद भी डिविडेंड देती रहेगी वेदांता, चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने किया निवेशकों से बड़ा वादा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि डिविडेंड देना उनकी प्राथमिकता में शामिल है और प्रस्तावित विभाजन के बाद भी समूह की कंपनियां नियमित रूप से शेयरधारकों को डिविडेंड देती रहेंगी। अनिल अग्रवाल ने बताया कि समूह अपने विभिन्न कारोबारों में 20 अरब डॉलर के विस्तार कार्यक्रम को जारी रखेगा। धातु से तेल तक के कारोबार वाले वेदांता लिमिटेड का विभाजन प्रत्येक कारोबार को स्वतंत्र पहचान देने, मूल्य उजागर करने और पूंजी निवेश की प्रक्रिया को प्रभावित किए बिना नकद डिविडेंड जारी रखने के लिए किया जा रहा है।

वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि लाभांश देना उनकी प्राथमिकता में शामिल है और प्रस्तावित विभाजन के बाद भी समूह की कंपनियां नियमित रूप से शेयरधारकों को लाभांश देती रहेंगी।

### इस वित्त वर्ष कंपनी ने किया है 23 रुपये के डिविडेंड का ऐलान

उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक प्रति शेयर सात रुपये का पहला अंतरिम लाभांश और 16 रुपये का दूसरा अंतरिम लाभांश घोषित किया गया है। वित्त वर्ष



2023-24 में कुल 29.50 रुपये प्रति शेयर और 2024-25 में लगभग 46 रुपये प्रति शेयर लाभांश वितरित किया।

### 5 अलग कंपनियों में बांटने की मिली मंजूरी

राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को वेदांता को पांच अलग लिस्टेड कंपनियों में विभाजित करने की योजना को मंजूरी दी। विभाजन के बाद आधार मेटल का कारोबार वेदांता लिमिटेड में रहेगा, जबकि वेदांता एल्युमिनियम, तलवंडी साबो पावर, वेदांता स्टील एवं आयरन और माल्को एनर्जी (तेल एवं गैस) अन्य चार लिस्ट कंपनियां होंगी। अग्रवाल ने बताया कि विभाजन मार्च 2026 तक पूरा होने की योजना है।

### 20 अरब डॉलर के निवेश का प्लान

उन्होंने कहा कि अगले चार से पांच वर्षों में वेदांता विभिन्न क्षेत्रों में कुल 20 अरब डॉलर का निवेश करेगी। इसमें तेल एवं गैस और एल्युमिनियम में चार-चार अरब डॉलर, जस्ता और चांदी में दो अरब डॉलर, विद्युत उत्पादन में ढाई अरब डॉलर और शेष निवेश लौह अयस्क, इस्पात और अन्य क्षेत्रों में किया जाएगा।

चांदी के प्रोडक्शन में होगा इजाफा

उन्होंने बताया कि चांदी का उत्पादन मौजूदा लगभग 700 टन से बढ़ाकर 2030 तक 1,500 टन किया जाएगा। इसके साथ ही सीसा उत्पादन को चार लाख टन से बढ़ाकर 20 लाख टन प्रतिवर्ष करने का लक्ष्य है।

हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में जस्ता उत्पादन को वर्तमान 11.3 लाख टन से बढ़ाकर 20 लाख टन किया जाएगा। दक्षिण अफ्रीका में समूह की जिंक कंपनी से अतिरिक्त 10 लाख टन उत्पादन की योजना है, जिससे वेदांता विश्व के प्रमुख उत्पादकों में शामिल होगा।

अग्रवाल ने कहा, वेदांता एक बड़ा बरगद है। हर कारोबार में इतनी क्षमता है कि वह स्वयं में बड़ा समूह बन सकता है। मेरा लक्ष्य है कि प्रत्येक नई कंपनी वेदांता जितनी बड़ी बने।

## जेफ बेजोस की पूर्व पत्नी मैकेंजी स्कॉट ने किया अरबों का डोनेशन

### अमेजन में 43 प्रतिशत घटाई हिस्सेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस की पूर्व पत्नी और अरबपति मैकेंजी स्कॉट 2025 में 7.1 बिलियन डॉलर का डोनेशन किया है। जोकि उनका अबतक का किसी साल में यह सबसे बड़ा योगदान है। उनकी वेबसाइट पर अपडेट की गई जानकारी के अनुसार मैकेंजी स्कॉट ने 186 संस्थाओं को यह दान दिया है। जिसमें विश्वविद्यालय, पर्यावरण और समाज में समानता के लिए काम करने वाली संस्थाएं शामिल हैं।





मैकेंजी स्टॉक अपने पोस्ट में लिखती हैं, पिछले दिसंबर में मेरे पोस्ट के बाद से अबतक मैंने विश्व भर में अलग-अलग संस्थाओं को 7,166,000,000 डॉलर दिए हैं।

### हॉवर्ड के इतिहास में दिया सबसे बड़ा डोनेशन

इस साल की शुरुआत में मैंकेंजी स्कॉट ने 88 मिलियन डॉलर हॉवर्ड यूनिवर्सिटी को डोनेट किया था। जोकि स्कूल के 158 सालों के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा योगदान है। हॉवर्ड के अलावा 55 वर्षीय स्कॉट ने 42 मिलियन डॉलर 10,000 डिग्री को डोनेट किया था। बता दें, फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार मैकेंजी स्कॉट ने को नंबर डोनेशन के मामले में वारेंट बफेट और बिल गेट्स के बाद आता है।

### मैकेंजी स्कॉट का नेटवर्थ

इसी साल सितंबर में मैकेंजी स्कॉट ने दी जानकारी में बताया था कि उन्होंने अमेजन में अपनी हिस्सेदारी को कम किया है। मैकेंजी स्कॉट ने 12.6 बिलियन डॉलर की कीमत के शेयर बेचे हैं। इस समय स्कॉट के पास अमेजन के 81.10 मिलियन शेयर हैं। जोकि पिछले साल की तुलना में 58 मिलियन कम हैं। बता दें, मैकेंजी स्कॉक ने अपनी हिस्सदारी के 42 प्रतिशत शेयरों को बेच दिया है।

फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार मैकेंजी स्कॉट की नेटवर्थ 29.90 बिलियन डॉलर की है। जोकि उन्हें दुनिया की सबसे अमीर महिलाओं में से एक बनाता है। बता दें, जेफ बेजोस और मैकेंजी स्कॉट 2019 में अलग हुए थे।

# अब नॉन-मेट्रो क्षेत्रों में आकार ले रहा क्रिप्टो बाजार, निवेश में यूपी सबसे बड़ा योगदानकर्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कॉइनस्विच की ताजा रिपोर्ट हाउ इंडिया इन्वेस्ट्स 2025 के अनुसार, भारत का क्रिप्टो बाजार अब नॉन-मेट्रो क्षेत्रों से आकार ले रहा है, जिसमें उत्तर प्रदेश निवेश में सबसे बड़ा योगदानकर्ता बनकर उभरा है। यूपी ने महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के परिणाम बताते हैं कि क्रिप्टो निवेश में भागीदारी बड़े महानगरों से हटकर छोटे शहरों और कस्बों की ओर लगातार बढ़ रही है। क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने वाले 45 प्रतिशत लोग युवा हैं, जिनकी उम्र 26 से 35 वर्ष के बीच है। अगर आप भी क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने की सोच रहे हैं, तो उससे पहले इस पर लगने वाले टैक्स के बारे में जरूर जान लें।





माइनिंग, स्टेकिंग, एयरड्रॉप्स या रिवॉर्ड्स के माध्यम से आय के रूप में प्राप्त क्रिप्टो करेंसी को आय माना जा सकता है और निपटान पर फिर से उस पर टैक्स लगना चाहिए।

क्रिप्टो करेंसी उपहारः जब छूट की सीमा से अधिक प्राप्त होते हैं और स्वयं उपहार के रूप में प्राप्त नहीं होते हैं, तो उन पर टैक्स लगता है और बिक्री पर फिर से मूल्यांकन किया जाता है।

क्रिप्टो टैक्स की गणना कैसे करें

मई 2025 में, अनुज ने 1,50,000 रुपये के बिटकॉइन खरीदे। दिसंबर 2025 में, इसे 2,20,000 रुपये में बेच दिया। इससे 70,000 का टैक्सेबल लाभ हुआ। लाभ पर 30 प्रतिशत की दर से टैक्स 21,000 रुपये होगा।

**टीडीएस भी कटेगा :** यदि बिक्री के समय एक्सचेंज क्रिप्टो टीडीएस के लिए 1 प्रतिशत की कटौती करता है, तो 2,20,000 रुपये का 1 प्रतिशत यानी 2,200 रुपये कटौती होगी। नतीजतन, अनुज को 2,17,800 रुपये का शुद्ध भुगतान प्राप्त होगा। आयकर रिटर्न दाखिल करते समय कटौती किए गए टीडीएस को कुल टैक्स देनदारी में से घटा दिया जाएगा और देय टैक्स 18,800 (21,000 - 2,200) रुपये होगा।

## 52 वीक हाई पर टाटा ग्रुप का नया स्टॉक, 3 प्रतिशत चढ़ा भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स (कॉमर्शियल व्हीकल्स) के शेयरों में 3 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों का भाव 407.60 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया। यह कंपनी का बीएसई में नया 52 वीक हाई है। टाटा मोटर्स लिमिटेड के शेयरों के प्रदर्शन को लेकर एक और ब्रोकरेज हाउस ने तेजी की उम्मीद जताई है। ग्लोबल ब्रोकेरेज हाउस नोमुरा ने रेटिंग दी है। बता दें, टाटा मोटर्स (सी वी) के शेयर आज सोमवार को बीएसई में 394.75 रुपये के स्तर पर खुले थे।

नोमुरा ने टाटा मोटर्स सीवी के लिए 481 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। जोकि शुक्रवार की क्लोजिंग की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। नोमुरा ने टाटा मोटर्स सीवी को रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस को उम्मीद है कि कंपनी की भारत में तेजी की वजह से प्रॉफिट बढ़ सकती है। वित्त 2025 के डाटा के अनुसार टाटा मोटर्स सी वी के पास घरेलू मीडियम और हैवी कॉमर्शियल सेगमेंट 46 प्रतिशत मार्केट शेयर है।





### इन दो ब्रोकरेज हाउस को भी तेजी की उम्मीद

नोमुरा को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026 और 2027 में वैल्यूएम में 10 प्रतिशत का इजाफा होगा। बता दें, इससे पहले बोफो सिक्योरिटीज ने भी टाटा मोटर्स सीवी को बाय रेटिंग दी थी। इस ब्रोकरेज हाउस की तरफ से टाटा मोटर्स सीवी के लिए 475 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया गया था। जेपी मॉर्गन ने भी 475 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। इस ब्रोकरेज हाउस ने टाटा मोटर्स को ओवरवेट रेटिंग दी है।

### शेयर बाजार में कैसा प्रदर्शन

पिछले एक हफ्ते में टाटा मोटर्स सीवी के शेयरों की कीमतों में करीब 6 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, दो हफ्ते में इस कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों को 11 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। बता दें, एक महीने में टाटा मोटर्स के शेयरों का भाव 23 प्रतिशत बढ़ा है।

# बीसीसीएल को छह माह में 51 करोड़ का घाटा

## उत्पादन लागत से कम कीमत पर बेचनी पड़ रही है कोयला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

धनबाद। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को कोयला उत्पादन लागत को लेकर गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रबंधन लगातार उत्पादन लागत कम करने के उपायों पर अध्ययन कर रहा है। अप्रैल से नवंबर तक कोयला प्रेषण में कंपनी को लगभग 51 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है।

बताया जाता है कि कोयला उत्पादन की लागत करीब 3150 रुपये प्रति टन पड़ रही है, जबकि कोयले की बिक्री 3125 से 3135 रुपये प्रति टन के बीच हो रही है। इस तरह प्रति टन 15 से 25 रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। अप्रैल से नवंबर तक करीब 175 लाख टन कोयले की बिक्री हुई, जिसमें कंपनी को घाटा सहना पड़ा।

अक्टूबर तक यह घाटा लगभग 42 करोड़ रुपये था, जो बाद में बढ़ गया। अक्टूबर 2023 से कंपनी को लगातार नुकसान हो रहा है। इसका मुख्य कारण एमडीओ व्यवस्था और अधिक ठेका लागत बताया जा रहा है। कंपनी को संचालन के लिए प्रतिमाह औसतन 1600 करोड़ रुपये की आवश्यकता होती है।

कोयला बिक्री से अपेक्षाकृत कम राशि मिलने के कारण कंपनी आर्थिक तंगी से गुजर रही है। वित्त विभाग आंकड़ों का विश्लेषण कर रहा है और फिक्स्ड कॉस्ट घटाने की प्रक्रिया पर काम किया जा रहा है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले कोल इंडिया के प्रभारी चेयरमैन के बीसीसीएल दौरे के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि फिक्स्ड कॉस्ट हर हाल में कम की जाए, तभी कंपनी की आर्थिक स्थिति में सुधार संभव है।

बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल लगातार इस मंथन में लगे हैं कि कंपनी को कैसे फिर से पटरी पर लाया जाए। वे कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया के वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य कर रहे हैं।

कोयले के दाम में 2019 के बाद से कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। केवल प्रीमियम दरों में उतार-चढ़ाव किया गया है, वह भी पावर प्लांटों और सरकारी उपक्रमों के लिए। दूसरी ओर, हर स्तर पर महंगाई बढ़ी है। वेतन में प्रतिवर्ष वृद्धि हो रही है और अन्य खर्च भी बढ़े हैं। ऐसे में कोयले के दाम बढ़ाने की मांग कोल इंडिया स्तर पर उठ रही है।

ई-ऑक्शन के माध्यम से कोयले की बुकिंग में करीब 80 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिससे कंपनी की चिंता बढ़ गई है। बीसीसीएल की आंतरिक रिपोर्ट के अनुसार, चार लाख टन के ऑफर में केवल 60 से 75 हजार टन कोयले की ही बोली लग पा रही है।

इसका मुख्य कारण अवैध खनन से खुले बाजार में सस्ते दामों पर कोयले की उपलब्धता बताया जा रहा है। इसी वजह से बीसीसीएल का कोयला ई-ऑक्शन के माध्यम से नहीं बिक पा रहा है। जब फ्लोर प्राइस 4000 रुपये प्रति टन था, तब बुकिंग बेहतर होती थी। बाद में फ्लोर प्राइस घटाकर 3200 रुपये प्रति टन कर दिया गया, लेकिन इसके बावजूद बुकिंग में सुधार नहीं हुआ। ये आंकड़े बीसीसीएल की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

नवंबर में चार लाख टन कोयले का ऑफर दिया गया था, जिसमें 61 हजार टन की ही बुकिंग हो सकी। दिसंबर में फिर से चार लाख टन कोयले का ऑफर देने की तैयारी है। इधर, स्वयं बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल भी मानते हैं कि कोयला चोरी पर सख्ती से रोक लगाना जरूरी है। उन्होंने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को परियोजना क्षेत्रों में हो रही कोयला चोरी पर कड़ाई से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# स्कूलों में मॉडल टेस्ट आयोजन का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल मैट्रिक एवं इंटर की वार्षिक परीक्षा को लेकर तैयारियां तेज कर दी है। फरवरी 2026 में प्रस्तावित परीक्षा में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं संबंधित मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व विद्यालय प्रबंधकों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

निर्देश में कहा गया है कि जनवरी माह के दौरान सभी विद्यालयों में नियमित रूप से माडल टेस्ट एवं सुधारात्मक कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। सभी शिक्षक पूरे समर्पण और तन्मयता के साथ विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति कराएंगे।

विशेष रूप से उन अध्यायों पर जोर दिया जाएगा, जिनसे परीक्षा में अधिक प्रश्न पूछे जाने की संभावना रहती है। राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा जैक पैटर्न पर आधारित माडल प्रश्न-पत्र गूगल ड्राइव लिंक के माध्यम से उपलब्ध करा दिए गए हैं। विद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि सोमवार से शनिवार प्रतिदिन पूर्वाह्न 10 बजे से 12 बजे तक एक विषय का मॉडल टेस्ट आयोजित किया जाए। इसके बाद 12:00 बजे से कमजोर विद्यार्थियों के लिए विषयवार सुधारात्मक कक्षाएं संचालित होंगी, जिसमें इंग्लिश, साइंस और मैथ्स पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

निदेशों के अनुसार जनवरी माह में सभी शिक्षक विद्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बिना पूर्व अनुमति कोई भी शिक्षक अवकाश पर नहीं जाएंगे और न ही किसी कार्यक्रम में प्रतिनियोजन किया जाएगा।

# बिना लाइसेंस नहीं खुलेगी मीट-मुर्गा की दुकानें

## स्वच्छता और भंडारण पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** धार्मिक नगरी बैद्यनाथधाम पर खुले में और बिना निबंधन के संचालित मीट व मुर्गा दुकानों के खिलाफ जिला खाद्य सुरक्षा विभाग गंभीर हो गई है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और विनियम 2011 के निर्देशों का पालन नहीं करने वाले ऐसे दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। नियमों का पालन करने को लेकर जिला खाद्य पदाधिकारी राजेश कुमार शर्मा द्वारा मीट व मुर्गा दुकान संचालकों को निर्देश जारी किया है।

जारी निर्देशों में भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एवं राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड झारखंड द्वारा मीट व मुर्गा दुकान संचालन के लिए नियमों का पालन करना अनिवार्य बताया है। मीट व मुर्गा दुकान संचालन करने के लिए खाद्य अनुज्ञप्ति या पंजीकरण से पूर्व स्थानीय निकाय एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा। खुले में मांस काटकर या लटकाकर बेचना पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है।

मीट दुकान धार्मिक स्थल से कम से कम 50 मीटर की दूरी पर होगी। यदि दुकान धार्मिक स्थल के मुख्य द्वार के सामने है तो यह दूरी 100 मीटर अनिवार्य होगी। साथ ही मीट की दुकान सब्जी या मछली दुकान के पास नहीं होनी चाहिए। दुकान का दरवाजा स्वतः बंद होने वाला काले शीशे का होना चाहिए। दुकान की ऊंचाई कम से कम तीन मीटर तथा वातानुकूलित दुकान में 2.5 मीटर निर्धारित की गई है। दीवारों पर पांच फीट तक अभेद्य कंक्रीट सामग्री व फर्श पक्का, नान-स्लिपरी और ढलानयुक्त होना अनिवार्य है।

मीट काटने के सभी औजार स्टेनलेस स्टील के होने चाहिए। दुकान में पीने योग्य पानी, उचित ड्रेनेज, ढक्कन युक्त काउंटर टेबल और पशु अपशिष्ट निस्तारण की व्यवस्था अनिवार्य की गई है। 48 घंटे से अधिक मांस भंडारण की स्थिति में चार से आठ डिग्री सेल्सियस तापमान वाला डिस्प्ले या फ्रीजिंग कैबिनेट होना जरूरी होगा। क्रास वेंटीलेशन की सुविधा के साथ स्थान हवादार होना चाहिए।

हर दुकान पर स्पष्ट साइन बोर्ड लगाया जाएगा, जिसमें यह अंकित होगा कि मांस झटका है या हलाल। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने सभी मीट एवं मुर्गा दुकानदारों को नियमों का पूर्ण पालन करते हुए खाद्य अनुज्ञप्ति, पंजीकरण प्राप्त करने के बाद ही व्यवसाय संचालित करें।

# पुलिस ने प्रेमी-प्रेमिका के स्वजनों को हड़काया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** प्यार जब समाज की दीवारों से टकराता है, तो कई बार कहानी थाने की चौखट तक पहुंच जाती है। ऐसा ही एक मामला भाटडीह ओपी क्षेत्र के महुदा 20/21 बस्ती में सामने आया, जहां चांडिल की एक युवती और महुदा के युवक के प्रेम संबंध ने दो परिवारों के बीच जमकर बवाल करा दिया।

महुदा निवासी शकील खान पेशे से वाहन चालक है। रिश्तेदारी के कारण उसका चांडिल स्थित युवती के घर आना-जाना था। इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और पिछले छह माह से दोनों एक-दूसरे से प्रेम करने लगे। शनिवार की रात शकील युवती की सहमति से उसे अपने साथ महुदा ले आया। सुबह होते ही युवती के स्वजन महुदा पहुंच गए और शकील के घर पर हंगामा शुरू कर दिया। धीरे-धीरे विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक और हाथापाई होने लगी।

मामला बिगड़ता देख सभी भाटडीह ओपी पहुंच गए। थाना परिसर में भी कहासुनी जारी रही। प्रेमी पक्ष ने मारपीट का आरोप लगाया, जबकि प्रेमिका के स्वजन युवती को जबरन अपने साथ ले जाने पर अड़े रहे। स्थिति तनावपूर्ण होती देख पुलिस को सख्ती दिखानी पड़ी।

ओपी प्रभारी ने दोनों युवक-युवती के बालिग होने की बात कहते हुए उन्हें कोर्ट के माध्यम से शादी करने की सलाह दी। इसी दौरान युवती के स्वजन जबरन उसे वाहन में बैठाने लगे, जिसका प्रेमी पक्ष ने विरोध किया। हालात बेकाबू होने पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दोनों पक्षों को खदेड़ते हुए शांति बहाल की।

पुलिस ने युवक और युवती को पीआर बांड पर छोड़ दिया। युवती ने स्पष्ट रूप से बयान दिया कि वह अपनी मर्जी से शकील के साथ आई है और उसी के साथ रहना चाहती है। फिलहाल यह प्रेम कहानी कानून और समाज के बीच उलझ गई है।

# 30 दिसम्बर को गुमला आयेंगी राष्ट्रपति, जतरा में लेंगी हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला।** पंखराज साहेब कार्तिक उरांव आदिवासी शक्ति स्वायत्तशासी विश्वविद्यालय निर्माण समिति के तत्वावधान में रायडीह प्रखंड के मांझाटोली में 30 दिसंबर को अंतरराज्यीय जन सांस्कृतिक कार्तिक जतरा का भव्य आयोजन किया जाएगा।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर परिसदन में आयोजन समिति द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

इसमें समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव ने कहा कि लगभग 15 वर्षों के अथक प्रयास के बाद यह ऐतिहासिक अवसर आया है।

देश की प्रथम नागरिक इस जन सांस्कृतिक जतरा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय कार्तिक उरांव के सपनों को साकार करने के उद्देश्य से वर्ष 2010 से निरंतर जन सांस्कृतिक जतरा का आयोजन किया जा रहा है।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण एवं संवर्द्धन करना है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मांझाटोली का यह स्थल झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा तीनों राज्यों का सीमांत क्षेत्र है, जिससे इस आयोजन का अंतरराज्यीय महत्व और भी बढ़ जाता है।

इस वर्ष के कार्यक्रम में झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के मुख्यमंत्री के अलावा कई केंद्रीय मंत्रियों के भी शामिल होने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि इस स्थल पर आदिवासी शक्ति स्वायत्तशासी विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग लंबे समय से की जा रही है, जिसे मूर्त रूप देने की दिशा में यह आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

बताया गया कि 29 दिसंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में तीनों राज्यों से लगभग एक हजार खोड़हा दल भाग लेंगे, जबकि 30 दिसंबर को एक लाख से अधिक लोगों की भीड़ जुटने का अनुमान है। उसी अनुरूप प्रशासनिक एवं आयोजन स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

आयोजन समिति ने यह भी उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति के आगमन के बाद आगामी वर्ष प्रधानमंत्री को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा।

बताया गया कि प्रस्तावित विश्वविद्यालय का निर्माण लगभग ढाई हजार एकड़ भूमि पर किया जाना है। प्रेस वार्ता में संतन भगत, गंगाराम, मीडिया संयोजक देवेंद्र उरांव, सचिव जगनारायण सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# नितिन नवीन का रोड शो आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के प्रस्तावित रोड शो को लेकर पटना पुलिस ने यातायात व्यवस्था में बड़े बदलाव किए हैं। यह रोड शो 23 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक (या वीआईपी कार्यक्रम समाप्ति तक) आयोजित होगा। इस दौरान कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा, जबकि वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। रोड शो पटना एयरपोर्ट से शुरू होकर अरण्य भवन, शेखपुरा मोड़, पटेल भवन, पुनाईचक, हाईकोर्ट, ऊर्जा भवन, आयकर गोलंबर होते हुए भाजपा प्रदेश कार्यालय और मिलर हाई स्कूल तक जाएगा।

अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस, शव वाहन, मरीजों के वाहन, न्यायिक कार्य से जुड़े वाहन और पासधारी वाहनों को प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। जिला परिवहन कार्यालय से एयरपोर्ट की ओर जाने वाले वाहनों को अलग-अलग मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा। पटेल गोलंबर से एयरपोर्ट तक सड़क किनारे पार्किंग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए आने वाले कार्यकर्ताओं को अपने वाहन बाहरी पार्किंग में ही खड़े करने होंगे।

रोड शो के समय (12 से 4 बजे के बीच) उड़ान पकड़ने वाले यात्री कम से कम तीन घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचें। बेली रोड (नेहरू पथ) पर सगुना मोड़, दानापुर, डाकबंगला और आयकर गोलंबर की ओर आने-जाने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। जगदेव पथ और वीरचंद पटेल पथ पर पार्किंग पूरी तरह वर्जित रहेगी।

आर ब्लॉक गोलंबर से आयकर गोलंबर तक वीरचंद पटेल पथ के दोनों लेन में सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा। रोड शो में शामिल होने वाले छोटे वाहनों की पार्किंग जीपीओ गोलंबर से आर ब्लॉक तक निर्धारित की गई है। बड़ी गाड़ियों और बसों की पार्किंग अटल पथ पर एक फ्लैंक में की जाएगी। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि अनावश्यक रूप से इस दौरान मुख्य मार्गों पर जाने से बचें और वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करें, ताकि जाम की समस्या से बचा जा सके।

# नये जिलाध्यक्षों के नाम तय

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने अपने संगठन के 27 जिलों में नए अध्यक्षों की घोषणा करने से पूर्व सभी के नाम तय कर लिए हैं।

सोमवार को भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी और राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने प्रदेश कार्यालय में जिलों के चुनाव पर्यवेक्षकों के एक-एक कर मुलाकात की।

इसमें जिलों में विचार विमर्श के दौरान सबसे ज्यादा समर्थन पाने वाले नेता का नाम पूछा गया। पर्यवेक्षकों से उनका निजी मंतव्य भी जाना गया। सभी जिलों से एक नाम तय कर केंद्र से आए दोनों नेता शाम को दिल्ली लौट गए।

बताया गया कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन और संगठन महामंत्री बीएल संतोष को जिलाध्यक्षों के नाम की सूची सौंपने और उनसे सहमति के बाद दिसंबर समाप्त होने से पहले इसे जारी कर दिया जाएगा।

जिलाध्यक्ष के तौर पर जिस नेता का नाम फाइनल किया जाएगा, उनका ही चुनाव के लिए नामांकन कराया जाएगा।

# कड़ाके की ठंड में झाड़ियों में रोती मिली नवजात

## ठंड में रहने से बच्ची की स्थिति काफी गंभीर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टाटीझरिया।** प्रखंड के धरमपुर गांव में मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई। यहां धरमपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र के पीछे झाड़ियों में एक नवजात बच्ची लावारिस हालत में मिली। कड़ाके की ठंड और खुले आसमान के नीचे तड़पती इस मासूम को देखकर इलाके में सनसनी फैल गई। निष्ठुर मां की इस करतूत ने हर किसी की आंखों में आंसू ला दिए।

मिली जानकारी के अनुसार, सुबह जब कुछ ग्रामीण स्वास्थ्य उपकेंद्र के पीछे से गुजर रहे थे, तब उन्हें झाड़ियों में हलचल महसूस हुई। शुरूआत में लोगों को लगा कि कोई मृत नवजात है, लेकिन पास जाने पर बच्ची के धीमे-धीमे रोने की आवाज सुनाई दी। यह खबर आग की तरह फैली और देखते ही देखते ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ में मौजूद धरमपुर निवासी बिरेन्द्र हलवाई (पिता बलराम हलवाई) ने तुरंत बच्ची को अपनी गोद में उठा लिया। रात भर ठंड में रहने के कारण बच्ची की स्थिति काफी गंभीर थी।

बिरेन्द्र के घर पर प्राथमिक देखभाल के बाद धरमपुर मुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव ने सक्रियता दिखाई और बच्ची को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग ले गए, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार चल रहा है।

घटना की सूचना मिलने के बाद टाटीझरिया बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज सदर अस्पताल पहुंचीं और बच्ची का हाल-चाल जाना। प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत बीडीओ ने नवजात को बाल कल्याण समिति, हजारीबाग को सौंप दिया।

मौके पर बिरेन्द्र हलवाई ने बच्ची के पालन-पोषण की इच्छा जताई, जिस पर बीडीओ ने स्पष्ट किया कि सरकारी नियमों के तहत पहले बच्ची समिति के पास जाएगी, उसके बाद कानूनी गोद लेने की प्रक्रिया के जरिए ही उसे किसी को सौंपा जा सकेगा।

फिलहाल प्रशासन मामले की छानबीन कर यह पता लगाने में जुटे हैं कि बच्ची को वहां किसने छोड़ा। इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

# राज्यपाल ने विवि के कुलपतियों पर कसा शिकंजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के विश्वविद्यालयों और अंगीभूत महाविद्यालयों में शिक्षण कार्य को लेकर प्राध्यापकों पर शिकंजा कस गया है। राज्यपाल एवं कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां ने सोमवार को सभी कुलपतियों को आदेश दिया कि प्राध्यापकों द्वारा प्रतिदिन लिये जाने वाले कक्षाओं का ब्योरा अब वेबसाइट पर रहेगा।

इसकी मॉनीटरिंग भी होगी कि प्राध्यापकों ने एक दिन में कितनी कक्षाएं लीं और किन-किन विषयों को पढ़ाया। पढ़ाने वाले प्राध्यापक के नाम का उल्लेख करना आवश्यक है।

प्रत्येक प्राध्यापक द्वारा हर दिन कक्षाओं में पढ़ाये जाने संबंधी ब्योरा उसी दिन वेबसाइट पर अपलोड होगा। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही पर संबंधित विश्वविद्यालय पदाधिकारी जिम्मेदार होंगे और उनके विरुद्ध अनुशासिक कार्रवाई होगी। निर्देश में कुलपतियों से कहा गया है कि इस नई व्यवस्था से यह स्पष्ट होगा कि किस दिन किस कक्षा के पाठ्यक्रम का कितना हिस्सा पूरा हुआ। साथ ही सभी कुलपतियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि विश्वविद्यालयों के शिक्षण कार्यक्रम एवं परीक्षा कार्यक्रम, संकायवार संचालित वर्गों की विवरणी और वार्षिक परीक्षा का कैलेंडर प्रतिदिन अद्यतन करते हुए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करना अनिवार्य है। यह आदेश जिन विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को दिया गया है उनमें पटना विश्वविद्यालय , पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, मगध विश्वविद्यालय , जयप्रकाश विश्वविद्यालय शामिल हैं। इनके अलावा बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, बीएन मंडल विश्वविद्यालय, पूर्णिया विश्वविद्यालय, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, मुंगेर विश्वविद्यालय एवं मौलाना मजहरुल हक अरबी-फारसी विश्वविद्यालय के कुलपति को भी यह निर्देश दिया।

# चौकीदार बहाली मामले में हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने चौकीदार बहाली मामले में स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए उसी बीट का निवासी होना अनिवार्य शर्त नहीं है। अदालत ने गिरिडीह जिले के पवन कुमार राय की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके नामांकन को रद करने के आदेश को निरस्त कर दिया।

मामले के अनुसार प्रार्थी की उम्मीदवारी इस आधार पर खारिज कर दी गई थी कि वह संबंधित बीट क्षेत्र का निवासी नहीं है। राज्य सरकार और गिरिडीह जिला प्रशासन ने भी अपने जवाब में इसी तर्क के आधार पर नियुक्ति से इन्कार किया था।याचिकाकर्ता ने इस आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे पर पहले ही खंडपीठ का स्पष्ट निर्णय दिया जा चुका है। खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा था कि चौकीदार की नियुक्ति जिला स्तरीय प्रक्रिया है और इसमें केवल उसी बीट का निवासी होना अनिवार्य नहीं है। नियुक्ति नियमों के अनुसार पास या आसपास के बीट क्षेत्र के अभ्यर्थियों को भी नियुक्त किया जा सकता है।

कोर्ट ने 13 सितंबर 2025 को पारित आदेश को रद करते हुए मामले को संबंधित अधिकारियों के पास पुनर्विचार के लिए भेज दिया है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वह खंडपीठ के फैसले के आलोक में याचिकाकर्ता के मामले पर चार सप्ताह के भीतर निर्णय लें।

कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि पवन कुमार राय अन्य सभी योग्यता पर खरे उतरते हैं तो उन्हें चौकीदार पद पर नियुक्ति पत्र जारी किया जाए। बता दें कि सरकार ने चौकीदार बहाली के लिए जो नियमावली बनाई गई है, उसमें कहा गया है जो एक बीट क्षेत्र (100 से 120 घर वाले गांव) का होगा, उसी की बहाली होगी।

## बालू माफिया पर नीतीश सरकार सख्त

पटना। बिहार में अवैध जमीन और बालू कारोबार के खिलाफ सरकार ने शिकंजा कसते हुए बड़ी कार्रवाई की है। आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने 19 जमीन व बालू माफियाओं की 55 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्तियां जब्त करने का प्रस्ताव प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भेजा है। सूची में दानापुर के पूर्व राजद विधायक रीतलाल यादव के भाई टिंकू उर्फ पिंकू यादव का नाम भी शामिल है। ईओयू डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लन ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी कि अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आठ भू-माफिया की करीब 40 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त करने का प्रस्ताव ईडी को भेजा गया है। ईओयू ने 11 बालू माफियाओं की भी पहचान की है, जिनकी करीब 15.09 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त करने का प्रस्ताव ईडी को भेजा गया है।

# निकाय चुनाव को ले आरक्षण जारी

गोड्डा। राज्य निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव के लिए यहां वार्ड आरक्षण का गजट जारी कर दिया है। जारी गजट में गोड्डा नगर परिषद के 21 वार्डों में छह वार्ड अनारक्षित, शेष 15 वार्ड अलग-अलग संवर्गों के लिए आरक्षित किया गया है। इसमें बीसी वन के लिए सबसे अधिक सात वार्ड आरक्षित किए गए हैं। इसी तरह महागामा नगर पंचायत के 17 वार्डों में से पांच वार्ड आरक्षित हैं, शेष 12 वार्ड को अलग-अलग संवर्गों के लिए आरक्षित किया गया है।

बता दें कि निकाय चुनाव में वार्डों का आरक्षण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 टी और राज्य नगर पालिका अधिनियमों के प्राविधानों के अनुरूप पूर्व में निकाय स्तर पर किए गए सर्वे व संबंधित संवर्गों की आबादी के अनुसार किया गया है। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा एक-तिहाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। इसमें सामान्य सहित एससी, एसटी और ओबीसी संवर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें शामिल हैं।

# पूर्व सांसद मिले कांग्रेस आलाकमान से

## पार्टी को सशक्त करने पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लोहरदगा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा के पूर्व सदस्य धीरज प्रसाद साहू नई दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से शिष्टाचार मुलाकात की। सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई इस भेंट के दौरान झारखंड प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति, संगठनात्मक ढांचे और आगामी रणनीतियों को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त करने पर विशेष जोर दिया गया।

इस मुलाकात के दौरान डीपी साहू ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को झारखंड में कांग्रेस संगठन की जमीनी स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं में उत्साह है और संगठन विस्तार के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगा।

राज्यसभा के पूर्व सदस्य ने झारखंड में कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका का उल्लेख करते हुए सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में पार्टी के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में कांग्रेस की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। ऐसे में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, ताकि जनता से सीधा संवाद कायम हो सके।

इस अवसर पर धीरज प्रसाद साहू ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खरगे को फरवरी माह में लोहरदगा में आयोजित होने वाले बलदेव साहू मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट में शामिल होने का औपचारिक आमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि यह टूनार्मेंट युवाओं को खेल प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करता है और उन्हें सकारात्मक दिशा देने का सार्थक प्रयास है।

आयोजन का उद्देश्य खेल के साथ-साथ सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। श्री साहू ने कहा कि बलदेव साहू मेमोरियल टी-20 टूनार्मेंट आज न केवल लोहरदगा, बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरव का विषय बन चुका है। देश-प्रदेश की नामी हस्तियों की मौजूदगी से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है और राज्य में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा मिलती है।

## पटना के दानापुर और समनपुरा इलाका सबसे प्रदूषित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


पटना। राज्य में बढ़ते प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए प्रमुख स्थलों की पहचान होगी। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की ओर से अध्ययन आरंभ किया गया है। टीम द्वारा शहरों के प्रदूषित इलाकों का विश्लेषण और व्यापक अध्ययन किया जाएगा। किस शहर के किस जगह पर प्रदूषित हवा के कारण और कारक क्या-क्या है इसका विस्तारपूर्वक अध्ययन होगा। पटना के अलावा अन्य प्रदूषित शहरों का अध्ययन होगा। बीते चार दिनों राज्य में शीत दिवस जैसे हालात बनने के कारण प्रदूषण के स्तर में भी बीते दिनों की तुलना में सुधार देखा गया है। राजधानी के दानापुर और समनपुरा इलाका सबसे प्रदूषित श्रेणी में रहा है। मौसम में बदलाव आने के साथ इन जगहों की वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है। सोमवार को राज्य के दो शहरों के मोतिहारी और मुंगेर की हवा सबसे खराब रही। मोतिहारी का वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआई 218 एवं मुंगेर का 212 दर्ज किया गया। जबकि, बेतिया की हवा 69 एक्यूआई के साथ संतोषजनक रही। राजधानी सहित राज्य के 16 शहरों में मध्यम स्तर का प्रदूषण रहा।

# बैजबॉल की हवा निकली !

● एशेज में करारी हार के बाद इंग्लिश टीम पर बरसे माइकल वॉन

नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लिश टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड टेस्ट मैच में 82 रनों से हार झेलनी पड़ी थी. एडिलेड टेस्ट में हार के साथ ही इंग्लैंड की टीम ने एशेज सीरीज गंवा दिय. इंग्लैंड का ऑस्ट्रेलिया में एशेज जीतने का सूखा अब 15 साल तक पहुंच गया है और आलोचनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं. एशेज सीरीज में महज 11 दिनों के अंदर हार झेलने पर इंग्लिश टीम के कप्तान बेन स्टोक्स और हेड कोच ब्रेंडन मैक्कुलम आलोचकों के निशाने पर हैं. बेन स्टोक्स और ब्रैंडन मैक्कुलम के अंडर इंग्लिश टीम अब तक ऑस्ट्रेलिया और भारत जैसी बड़ी टीमों के खिलाफ एक भी टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाई है. जिस 'बैजबॉल' रणनीति ने कमजोर टीमों के खिलाफ इंग्लैंड को सफलता दिलाई, वही दुनिया की शीर्ष दो टीमों के सामने पूरी तरह नाकाम साबित हुई. एशेज से पहले 'तैयारी की कमी' को लेकर पहले ही आलोचना झेल रही इंग्लैंड टीम पर अब दबाव और बढ़ गया है. इंग्लिश दिग्गज जेफ्री बॉयकॉट तो मैकुलम को हेड कोच पद से हटाने तक की मांग कर चुके हैं.





# विश्व रिकॉर्ड बराबरी के साथ एन से-यंग ने जीता 11वां खिताब

● BWF वर्ल्ड टूर फाइनल ● पुरुषों में पोपोव की जीत

हांग्जो, एजेंसी। साउथ कोरिया की एन से-यंग ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में चीन की वांग झियी को 21-13, 18-21, 21-10 से मात दी। डिफेंडिंग चैंपियन को शिकस्त देकर एन से-यंग ने सीजन का अपना 11वां टाइटल जीत लिया है। इसी के साथ एन से-यंग ने एक सीजन में सर्वाधिक टाइटल जीतने के मामले में जापानी मेंस सिंगल्स लीजेंड केंटो मोमोटा की बराबरी कर ली है। 96 मिनट तक चले इस रोमांचक मैच को जीतने के बाद एन ने कहा, 'मैं सच में बहुत खुश और खुद पर गर्व महसूस कर रही हूं।' वहीं, खिताबी मुकाबले को गंवाने के बाद वांग झियी ने स्वीकारा है कि इस मुकाबले में उनकी ऊर्जा कम हो गई थी, जिसकी वजह से गलतियां हुईं। दूसरी ओर, मेंस सिंगल्स फाइनल में उलटफेर देखने को मिला। फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव ने चीन के नए वर्ल्ड चैंपियन शि यूकी को 21-19, 21-9 से शिकस्त दी। साल 2018 में टूर्नामेंट शुरू होने के बाद से पहली बार किसी फ्रांसीसी खिलाड़ी ने यह खिताब जीता है। 23 वर्षीय पोपोव ने सीजन के आखिर में खेले गए टूर्नामेंट में




शानदार प्रदर्शन किया।

पोपोव ने अपने ग्रुप में टॉप पर रहते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां जापान के कोडाई नाराओका को मात दी। मेंस डबल्स में साउथ कोरिया के डिफेंडिंग चैंपियन किम वोन-हो और सियो सेउंग-जे ने लियांग वेइकेंग और वांग चांग को 21-18, 21-14 से मात दी। वहीं, महिला डबल्स फाइनल में साउथ कोरिया की बाएक हा-ना और ली सो-ही ने जापान की युकी फुकुशिमा और मायू मात्सुमोतो को 21-17, 21-11 से शिकस्त देकर लगातार दूसरी बार खिताब जीता। मिक्स डबल्स में फेंग यानझे-हुआंग डोंगपिंग की जोड़ी ने जियांग झेनबैंग-वेई याक्सिन की जोड़ी के खिलाफ एक ऑल-चाइनीज फाइनल जीतकर खिताब अपने नाम किया। फेंग और हुआंग की जोड़ी ने फाइनल में दबदबा बनाया। इस जोड़ी ने पहला गेम 21-12 से जीतने के बाद दूसरा गेम 21-17 से अपने नाम किया। यह लगातार चौथा साल है जब चीन ने सीजन के आखिर में होने वाले टूर्नामेंट में मिक्स्ड डबल्स इवेंट अपने नाम किया है। इससे पहले ओलंपिक चैंपियन झेंग सिवेई और हुआंग याकिओंग ने तीन बार यह खिताब जीता था।

# सूजी बेट्स 3 महीनों के लिए क्रिकेट मैदान से बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी। न्यूजीलैंड की महिला बल्लेबाज सूजी बेट्स मार्च तक घरेलू समर सीजन से बाहर हो गई हैं। बेट्स को क्वाड्रिसेप्स में चोट लगी है। वह बीते महीने हैलिबर्टन जॉनस्टोन शील्ड मैच के दौरान फील्डिंग करते समय चोटिल हुई थीं। स्कैन के बाद सूजी बेट्स की चोट की गंभीरता का पता चला। उन्हें इससे उबरने के लिए तीन महीने के रिहैबिलिटेशन की जरूरत होगी, जिसका मतलब है कि बेट्स घरेलू समर सीजन के शेष मुकाबलों के लिए ओटागो और फरवरी में जिम्बाब्वे के खिलाफ व्हाइट फर्न्स की घरेलू सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगी। हालांकि, बेट्स ने स्पष्ट कर दिया है कि वह मार्च में साउथ अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड टी20 और वनडे सीरीज में उपलब्ध रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दाएं हाथ की बल्लेबाज ने कहा, 'मैं इस समर सीजन में नहीं खेल पाने से बहुत दुखी हूं। मैं स्पार्क्स के साथ एक और सीजन खेलने का बेसब्री से इंतजार कर रही थी, खासकर सुपर स्मैश में खेलना चाहती थी। मैं मार्च में व्हाइट फर्न्स के साथ मैदान पर वापस आना चाहूंगी, इसलिए अभी मेरा ध्यान इसी पर रहेगा। सुपर स्मैश की शुरुआत 26 दिसंबर से होगी। पहला मुकाबला सेडन पार्क में मेजबान नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स और ऑकलैंड के बीच शुरू होगा। 38 वर्षीय बेट्स राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान हैं, जिन्होंने साल 2013 में 'आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार जीता था।



रोहित शर्मा ने किया खुलासा

# वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में हार के बाद टूट गए थे, बना लिया था रिटायरमेंट का मन

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने एक चौंकाने वाले खुलासा करते हुए कहा कि 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से दिल तोड़ने वाली हार के बाद टूट गए थे और रिटायरमेंट का मन बना लिया था क्योंकि उन्हें 'लगा कि इस खेल ने मुझसे सब कुछ छीन लिया है।' रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने घर पर उस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया और लगातार 9 जीत के साथ फाइनल में पहुंची। हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने सबसे महत्वपूर्ण मैच में उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया जिसमें ट्रैविस हेड ने मैच जिताने वाला शतक बनाया। मास्टर्स यूनियन के एक कार्यक्रम में रोहित ने कहा, '2023 वर्ल्ड कप फाइनल के बाद मैं पूरी तरह से टूट गया था और



मुझे लगा कि मैं अब यह खेल नहीं खेलना चाहता क्योंकि इसने मुझसे सब कुछ छीन लिया था और मुझे लगा कि मेरे पास कुछ नहीं बचा है। इसमें कुछ समय लगा और मैं खुद को याद दिलाता रहा कि यह कुछ ऐसा है जिससे मुझे सच में प्यार है, यह मेरे सामने था, और मैं इसे इतनी आसानी से नहीं छोड़ सकता था। धीरे-धीरे, मैंने अपना रास्ता वापस पाया, एनर्जी वापस पाई और मैदान पर खुद को फिर से आगे बढ़ाया।' पूर्व कप्तान ने आगे कहा, 'हर कोई बहुत निराश था और हमें विश्वास नहीं हो रहा था कि क्या हुआ। यह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत मुश्किल समय था क्योंकि मैंने उस वर्ल्ड कप में सब कुछ लगा दिया था, न सिर्फ दो या तीन महीने पहले, बल्कि जब से मैंने 2022 में कप्तानी संभाली थी।'

रोहित टी20 और टेस्ट से रिटायर हो चुके हैं और इस साल की शुरुआत में उन्हें वनडे कप्तानी से हटा दिया गया था, 50 ओवर का फॉर्मेट खेलना जारी रखे हुए हैं और 2027 वर्ल्ड कप में एक आखिरी कोशिश के साथ अपने करियर को खत्म करना चाहेंगे। रोहित ने कहा, 'मेरा एकमात्र लक्ष्य वर्ल्ड कप जीतना था, चाहे वह टी20 वर्ल्ड कप हो या 2023 वर्ल्ड कप। इसलिए जब ऐसा नहीं हुआ, तो मैं पूरी तरह से टूट गया था। मेरे शरीर में कोई एनर्जी नहीं बची थी।

# भारत ने पहले एशियन लेजेंड्स कप 2026 के लिए टीम की घोषणा की

रायपुर, एजेंसी। बोर्ड फॉर वेटरन क्रिकेट इन इंडिया ने आधिकारिक तौर पर पहले एशियन लेजेंड्स कप 2026 के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है जो 28 जनवरी से 4 फरवरी तक चियांग माई, थाईलैंड में होने वाला है। एशियन लेजेंड्स कप 40 साल और उससे ज़्यादा उम्र के वेटरन क्रिकेटरों के लिए अपनी तरह की पहली कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप है और इसमें छह एशियाई टीमें भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, यूएई और हांगकांग हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है क्योंकि भारत की वेटरन टीम पहली बार एशिया-स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। मनप्रीत गोनी को भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है जबकि जतिन सक्सेना को उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। टीम का चयन हाल ही में हुए इंटर-जोनल वेटरन टूर्नामेंट में प्रदर्शन के आधार पर किया गया है और इसमें देश भर के अनुभवी घरेलू खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण है।



# स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास

इस मुकाम तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनी

विशाखापट्टनम, एजेंसी। विशाखापट्टनम के क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए भारत बनाम श्रीलंका महिला टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने जहां शानदार जीत दर्ज की, वहीं यह मैच स्मृति मंधाना के नाम एक ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए भी यादगार बन गया। बाएं हाथ की इस स्टार ओपनर ने टी20 0 इंटरनेशनल क्रिकेट में 4000 रन पूरे कर इतिहास रच दिया, जिससे वह यह मुकाम हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बन गईं।

## स्मृति मंधाना का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

मैच से पहले स्मृति मंधाना टी20 में 4000 रन पूरे करने से महज 18 रन दूर थीं। उन्होंने पांचवें ओवर में अपने चिर-परिचित कवर ड्राइव के जरिए चौका जड़ते हुए यह ऐतिहासिक रन पूरा किया। 29 वर्षीय स्मृति अब महिला टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। इस सूची में उनसे आगे सिर्फ न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स (4716 रन) हैं। माना जा रहा है कि मौजूदा फॉर्म और फिटनेस को देखते हुए स्मृति आने वाले समय में यह विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम कर सकती हैं।



● **भारत की गेंदबाजी ने रखी जीत की नींव-** इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को बांधकर रखा। दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़ और श्री चरणी ने एक-एक विकेट झटका, जबकि डेब्यू कर रहीं वैष्णवी शर्मा ने चार ओवर में सिर्फ 16 रन देकर प्रभावित किया। श्रीलंकाई बल्लेबाज धीमी पिच पर लय हासिल नहीं कर सकीं और बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रहीं।

## जीत के साथ यादगार शाम

स्मृति मंधाना की ऐतिहासिक उपलब्धि और भारत की आसान जीत ने इस मुकाबले को खास बना दिया। टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है, जबकि स्मृति ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह भारतीय महिला क्रिकेट की सबसे बड़ी मैच-विनर और रिकॉर्ड ब्रेकर खिलाड़ियों में शामिल हैं। अब नजरें अगले मुकाबले पर होंगी, जहां भारत इस लय को बरकरार रखना चाहेगा और स्मृति अपने नए रिकॉर्ड में और रन जोड़ने उतरेंगी।

## भारत की मजबूत शुरुआत

श्रीलंका ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय गेंदबाजों के सामने संघर्ष किया और 20 ओवर में सिर्फ 121/6 रन ही बना सकी। जवाब में भारत को जीत के लिए 122 रनों का आसान लक्ष्य मिला। इसी रनचेज के दौरान स्मृति मंधाना ने वह कारनामा किया, जिसका लंबे समय से इंतजार था।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को तीसरे टेस्ट में 323 रनों से हराया

तीन मैचों की सीरीज 2-0 से जीती

नई दिल्ली, एजेंसी। न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के अंतिम मुकाबले में मेहमान वेस्टइंडीज को बड़े अंतर से हराया। यह मैच टेस्ट सीरीज का न केवल आखिरी बल्कि निर्णायक मुकाबला भी था। माउंट माउंगानुई के बे ओवल मैदान में खेले गए मुकाबले में कीवी टीम ने हर विभाग में शानदार खेल दिखाया और 323 रनों से जीत दर्ज की। मैच में टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने पहली पारी में 8 विकेट पर 575 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। कप्तान टॉम लैथम ने 137 रन की अहम पारी खेली, जबकि उनके साथी ओपनर डेवोन कॉन्वे ने शानदार 227 रन बनाए। कॉनवे ने इस पारी में दोहरा शतक लगाया और टेस्ट क्रिकेट में एक नया रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 420 रन पर सिमट गई। इस दौरान क्वेम हॉज ने शतक लगाकर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन बाकी बल्लेबाज ज्यादा देर टिक नहीं सके। न्यूजीलैंड ने दूसरी



पारी में एक बार फिर अपने ओपनिंग बल्लेबाजों के बेजोड़ प्रदर्शन के चलते 2 विकेट खोकर 306 रन बनाए और पारी घोषित कर दी। इस बार भी कप्तान टॉम लाथम ने 101 रन और डेवोन कॉन्वे ने 100 रन की शतकीय पारी खेली, जिससे वेस्ट इंडीज पर दबाव और बढ़ गया। 462 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी में सिर्फ 138 रन पर ही ढेर हो गई। इस दौरान जैकब डफी ने पांच विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 42 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। एजाज पटेल ने भी अच्छा साथ देते हुए 32 ओवर में 21 मेडन ओवर फेंके और केवल 23 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। मैच की खास बातें यह रहीं कि डेवोन कॉन्वे ने एक ही टेस्ट मैच में दोहरा शतक और शतक दोनों लगाए। टॉम लैथम ने भी दोनों पारियों में शतक जड़कर कप्तानी पारी खेली। डेवोन कॉन्वे को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं, वेस्टइंडीज की ओर से क्वेम हॉज का शतक ही एकमात्र बड़ी उपलब्धि रहा। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने दोनों पारियों में समय पर विकेट लेकर टीम को आसान जीत दिलाई। इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज को 2-0 से अपने नाम कर लिया है। सीरीज का पहला मैच ड्रा रहा था, जिसके बाद मेजबान टीम ने लगातार दो टेस्ट अपने नाम किए और सीरीज को जीत लिया। पूरी सीरीज में शानदार प्रदर्शन के लिए जैकब डफी को प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया।

टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी शुरू


# ट्रेनिंग कैंप के लिए नेपाल ने 24 खिलाड़ियों का ग्रुप बनाया

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल ने टी20 वर्ल्ड कप से पहले ट्रेनिंग कैंप के लिए 24 खिलाड़ियों का ग्रुप बनाया है, जिससे फाइनल टीम तय करने में मदद मिलेगी। ट्रेनिंग कैंप में संदीप लामिछाने, रोहित पौडेल, दीपेंद्र सिंह ऐरी, कुशल मल्ला, आसिफ शेख और करण केसी जैसे स्टार खिलाड़ी शामिल होंगे। इस कैंप में शामिल होने वाले 24 खिलाड़ियों की लिस्ट से टी20 वर्ल्ड कप के लिए नेपाल की फाइनल टीम तय होगी। 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले 20 ओवर के टूर्नामेंट के अगले एडिशन से पहले चयनकर्ता इस ग्रुप को 15 खिलाड़ियों तक सीमित करेंगे।

नेपाल ने उन सभी 16 सदस्यों को टीम में बनाए रखा है, जिन्होंने सितंबर और अक्टूबर में टी20 सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। इस सीरीज को नेपाल ने 2-1 से अपने नाम किया था। कैंप में आठ अन्य ऐसे खिलाड़ियों कों शामिल किया है, जिन्होंने हाल ही में नेपाल प्रीमियर लीग में सभी को प्रभावित किया था।




नेपाल ने आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप एशिया-पैसिफिक रीजनल फाइनल में बगैर कोई मुकाबला गंवाए टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया। नेपाल की टीम लगातार दूसरी बार और कुल तीसरी बार इस टूर्नामेंट में खेलेगी। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में नेपाल को ग्रुप सी में रखा गया है, जिसमें इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और इटली शामिल हैं। 20 टीमों का यह टूर्नामेंट 29 दिनों तक भारत और श्रीलंका में आठ जगहों पर खेला जाएगा।



# गुंथर कौन हैं?: दो दिग्गज रेसलर जॉन सीना और गोल्डबर्ग को WWE से रिटायर कर चुके

क्या अब ब्रॉक लेस्नर की बारी?

नई दिल्ली, एजेंसी। गुंथर आज डब्ल्यूडब्ल्यूई के उन चुनिंदा रेसलरों में हैं, जिन्हें लीजेंड्स के फेयरवेल मोमेंट्स, ऐतिहासिक टाइटल रन और भविष्य की मेन-इवेंट तस्वीर, तीनों से जोड़ा जा रहा है। गोल्डबर्ग का अध्याय बंद हो चुका है, जॉन सीना अपना आखिरी मैच खेल चुके हैं और ब्रॉक लेस्नर का भविष्य अनिश्चित है। इन सबके बीच गुंथर डब्ल्यूडब्ल्यूई के नए युग की ठोस, तथ्यात्मक पहचान बन चुके हैं। गुंथर ऑस्ट्रिया में जन्मे प्रोफेशनल रेसलर हैं, जो वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट यानी डब्ल्यूडब्ल्यूई में अपने सख्त, अनुशासित और पावर रेसलिंग स्टाइल के लिए जाने जाते हैं। उनका असली नाम वॉल्टर हान है। डब्ल्यूडब्ल्यूई में आने से पहले उन्होंने यूरोपियन इंडिपेंडेंट सर्किट और एनएक्सटी यूके में लंबा समय बिताया, जहां उन्होंने खुद को तकनीकी और शारीरिक रूप से मजबूत रेसलर के रूप में स्थापित किया। गुंथर को मौजूदा पीढ़ी के उस रेसलर के रूप में देखा जा रहा है, जिनके खिलाफ मुकाबले डब्ल्यूडब्ल्यूई के दिग्गजों के अंतिम अध्याय का अहम हिस्सा बने। उनकी सख्त इन-रिंग शैली और मजबूत बुकिंग ने उन्हें लीजेंड्स के फाइनल रन से जोड़ दिया।

**डब्ल्यूडब्ल्यूई में 'द रिंग जनरल' के नाम से पहचान-** डब्ल्यूडब्ल्यूई मेन रोस्टर में आने के बाद गुंथर को 'द रिंग जनरल' के नाम से पेश किया गया। उनका कैरेक्टर शो-ऑफ या माइक्रोफोन प्रोमो से ज्यादा रिंग के भीतर कंट्रोल, स्ट्रेंथ और इन-रिंग साइकोलॉजी पर आधारित रहा है।

## गोल्डबर्ग का आखिरी अध्याय

डब्ल्यूडब्ल्यूई इतिहास का एक अहम मोड़ तब आया जब गोल्डबर्ग ने अपना अंतिम डब्ल्यूडब्ल्यूई मुकाबला गुंथर के खिलाफ लड़ा। यह मैच गोल्डबर्ग का आधिकारिक फेयरवेल माना गया और इसके साथ ही गुंथर का नाम उस रेसलर के रूप में दर्ज हुआ, जिसके साथ डब्ल्यूडब्ल्यूई के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक ने अपना करियर समाप्त किया। यह तथ्य डब्ल्यूडब्ल्यूई रिकॉर्ड और ऑन-एयर प्रस्तुति में स्पष्ट रूप से दर्ज है।

## जॉन सीना को भी किया रिटायर

जॉन सीना को अब डब्ल्यूडब्ल्यूई में आधिकारिक रूप से रिटायर कर दिया गया है। उन्होंने अपने फेयरवेल रन के जरिए करियर के अंतिम अध्याय को पूरा किया और रिंग से विदाई ले ली है। जॉन सीना ने अपना आखिरी मैच गुंथर के खिलाफ लड़ा और गुंथर ने उन्हें टैपआउट के जरिये हराया। इस तरह गोल्डबर्ग के बाद गुंथर के नाम जॉन सीना को रिटायर करने की उपलब्धि जुड़ गई। हालांकि, ये फैंस के लिए नगावार गुजरा। मंडे नाइट रॉ में जब गुंथर रिंग में पहुंचे, तो उनके नाम पर हूटिंग हुई। हालांकि, गुंथर ने इसे एंजॉय किया।

## गुरुग्राम में ठंड ने 14 साल का रिकॉर्ड तोड़ा, शिमला और मनाली से भी ज्यादा सर्द रही मिलेनियम सिटी



**गुरुग्राम , एजेंसी।** मिलेनियम सिटी गुरुग्राम का तापमान रविवार को उत्तर भारत के मशहूर हिल स्टेशन कुल्लू-मनाली और शिमला जैसे पहाड़ी पर्यटन स्थलों से भी काफी नीचे दर्ज किया गया। रविवार का दिन पिछले 14 वर्ष में सबसे सर्द रहा। बर्फीली हवा और घने कोहरे के कारण गुरुग्राम का अधिकतम तापमान सामान्य से 10.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा, जिससे पूरा शहर 'कोल्ड डे' की चपेट में आ गया। जहां पहाड़ों पर खिली धूप ने राहत दी, वहीं, गुरुग्राम शीतलहर की चपेट में रहा। रविवार को गुरुग्राम का अधिकतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कुल्लू में अधिकतम 17.6 डिग्री सेल्सियस, शिमला का 17.0 डिग्री सेल्सियस, धर्मशाला का 16.0 डिग्री सेल्सियस, मनाली का 15.0 डिग्री सेल्सियस और धनोल्टी का अधिकतम तापमान 18.0 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को गुरुग्राम का अधिकतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसने पिछले 14 वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। दिनभर 7 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलती रहीं। हालांकि, दोपहर में धूप निकली, लेकिन ठंडी हवा के आगे वह बेअसर साबित हुई। दिल्ली में रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 328 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में बना हुआ है। हालांकि, शनिवार (362) की तुलना में मामूली सुधार दिखा है, लेकिन शहर के कुछ हिस्सों में स्थिति अब अति गंभीर स्तर पर पहुंच गई है। ग्वाल पहाड़ी क्षेत्र में हवा सबसे ज्यादा जहरीली रही, जहां एक्यूआई 410 के खतरनाक स्तर पर दर्ज किया गया। शहर के अन्य हॉटस्पॉट्स का हाल भी बेहाल रहा। इसमें सेक्टर-51 का एक्यूआई 342 (बेहद खराब), टेरीग्राम का एक्यूआई 322 (बेहद खराब), मानेसर का एक्यूआई 199 (मध्यम - यहां शनिवार के 328 के मुकाबले बड़ा सुधार देखा गया। कड़ाके की ठंड और कोहरे का सीधा असर परिवहन सेवाओं पर पड़ा है। दृश्यता कम होने के कारण रेल और सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। गुड़गांव रेलवे स्टेशन पर पहुंचने वाली ट्रेनें अपने निर्धारित समय से तीन घंटे तक की देरी से चलीं। यही हाल रोडवेज बसों का भी रहा। मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग का अनुमान है कि सोमवार को सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा और शीतलहर का प्रकोप जारी रहेगा। प्रशासन ने लोगों को सलाह दी है कि वे कोहरे के दौरान वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें।

## फर्जी पुलिस कमिश्नर बनकर एक करोड़ की ठगी, 4 के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में एक गैस डीलर से फर्जी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बनकर 1 करोड़ रुपए की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस ममाले में शिकायत के आधार पर दिंडोशी पुलिस ने बीएनएस की धारा 308(4), 308(5), 308(6) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह पूरा मामला तब सामने आया जब पीड़ित गैस डीलर को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। जानकारी के अनुसार, मालाड पूर्व निवासी राहुल गुप्ता (39) भारत पेट्रोलियम गैस के बड़े डीलर हैं। 15 दिसंबर को वह बिना किसी सूचना के घर से अचानक लापता हो गए थे। उनकी पत्नी ने दिंडोशी पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने 19 दिसंबर को राहुल को पालघर के दहानू रेलवे स्टेशन से सुरक्षित ढूंढ निकाला। पुलिस पूछताछ के दौरान राहुल ने जो आपबीती सुनाई, उसने सभी को हैरान कर दिया। राहुल ने बताया कि मलाड अप्पा पाड़ा इलाके में उनका गैस गोदाम है, जहां पिछले तीन-चार वर्षों से गणपति मंडल के लिए प्रवीण खेडेकर नाम का व्यक्ति चंदा मांगने आता था। सितंबर में उसने खुद को मुश्किल में बताते हुए राहुल से 2,100 रुपए ट्रांसफर करवाए। इसके बाद सितंबर-अक्टूबर के बीच चार बार में कुल 10,600 रुपए ले लिए। कुछ दिन बाद राहुल को एक अज्ञात नंबर से फोन आया।कॉलर ने

# भाजपा की जीत बढ़ा सकती है एकनाथ शिंदे की टेंशन, विपक्ष और साथी दोनों पर होगा असर

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में स्थानिक निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी गठबंधन 'महायुति' ने 75 प्रतिशत सीटों पर जीत दर्ज की है। महायुति ने कुल 288 में से 215 निकायों में अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। विधानसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी इस चुनाव में भी सबसे बड़े दल के तौर पर उभरकर सामने आई है। पार्टी ने 129 अध्यक्ष की कुर्सी हासिल की हैं। अब कहा जा रहा है कि इस जीत का असर विपक्ष के साथ-साथ राज्य में भाजपा के सहयोगियों पर भी पड़ सकता है।

महाराष्ट्र में 286 नगर पंचायतों और नगर परिषदों के लिए दो चरणों में दो दिसंबर और 20 दिसंबर को मतदान हुआ था। इनमें 246 नगर परिषद और 42 नगर पंचायत शामिल हैं। पहले चरण में 263 निकायों के लिए 67 प्रतिशत, जबकि दूसरे चरण में 23 निकायों के लिए 47 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था। रविवार सुबह से सभी निकायों के लिए मतगणना आरंभ हुई।

देर शाम तक जारी नतीजों में भाजपा, शिवसेना और एनसीपी (अजित पवार) की महायुति 215 निकाय अध्यक्ष पदों पर जीत दर्ज कर चुकी थी। इनमें भारतीय जनता पार्टी ने 129, शिवसेना ने 51 और एनसीपी (अजित पवार) ने 35 अध्यक्ष पद जीते हैं।

**महायुति प्रत्याशियों में कई जगह रही 'फ्रेंडली फाइट':** महायुति के तीनों घटक दलों भाजपा, शिवसेना और एनसीपी के बीच कई निकायों में फ्रेंडली फाइट भी रही। इन स्थानों पर इन दलों ने अपने-अपने अलग प्रत्याशी मैदान में उतारे थे। ऐसे मुकाबलों में कणकवली, दहानू, पालघर में शिवसेना ने भाजपा को हराया। वहीं, लोहा में अजित पवार की एनसीपी ने भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी गजानन सूर्यवंशी और उनके पांच परिजनों को शिकस्त दी। दिलचस्प यह है कि यहां एनसीपी के विजयी अध्यक्ष प्रत्याशी का नाम शरद पवार है। दूसरी ओर, भाजपा ने वडनगर में शिवसेना पर जीत दर्ज की।



- **सहयोगियों के लिए क्या मायने :** लोकसभा या विधानसभा चुनाव की तरह भाजपा ने स्थानीय चुनाव में प्रचार किया। कहा जा रहा है कि इसके जरिए पार्टी के पास यह जानने का मौका था कि वह अपने लक्ष्य 'शत प्रतिशत भाजपा' के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है या नहीं। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह एक राजनीतिक भविष्य है, जहां भाजपा को अपने सहयोगियों की जरूरत नहीं होगी। ऐसे में स्थानीय चुनाव अहम मील का पत्थर साबित हुए। नतीजतन, भाजपा के सहयोगी इस चुनाव को उतने सकारात्मक ढंग से न देखें, जितना पार्टी खुद देखेगी। अखबार से बातचीत में भाजपा के एक नेता ने कहा, 'ये नतीजे 15 जनवरी को होने वाले नगर निगम चुनाव में कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास बढ़ाएंगे।'
- **विपक्ष का क्या :** विधानसभा चुनाव में बड़े झटके के बाद स्थानीय चुनाव में पिछड़ना विपक्ष की मुश्किलें बढ़ा सकता है। खासतौर से तब जब ब्रम्स्ट यानी बृहन्मुंबई महानगरपालिका चुनाव में कुछ हफ्तों का समय बाकी रह गया है। यहां शिवसेना (यूबीटी) 3 दशक के अपने प्रभाव को बनाए रखना चाहेगी। स्थानीय चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) सीटों के दोहरे आंकड़ों को भी नहीं छू पाई। पहले से ही फूट के कारण कमजोर हुए दलों के लिए ये नतीजे चिंता का सबब बन सकते हैं।
- **देवेंद्र फडणवीस का बयान :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा, 'यह संगठन और सरकार दोनों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। हमने विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ा। मैंने सकारात्मक विकास एजेंडे पर आधारित अभियान का नेतृत्व किया और मैंने कभी किसी राजनीतिक नेता या पार्टी की आलोचना नहीं की।' मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने विकास एजेंडा, अब तक किए गए कार्यों और भविष्य की योजनाओं के आधार पर वोट मांगे।

## नौकरी डॉट कॉम और ओएलएक्स के जरिए ठगी, फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 2 महिला समेत 7 गिरफ्तार




**बागपत, एजेंसी।** बागपत की साइबर सेल ने नौकरी दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा करते हुए दो महिलाओं समेत सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह गैंग चार स्थानों पर कॉल सेंटर चलाकर फर्जी इंटरव्यू आयोजित कर लोगों को नौकरी का झांसा देते थे और फिर उनसे ऑनलाइन ठगी करते थे। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से ठगी में इस्तेमाल होने वाले भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अहम दस्तावेज बरामद किए हैं। भारत सरकार के प्रतिबिंब पोर्टल पर जिले के दो मोबाइल नंबरों से साइबर ठगी होने की शिकायत साइबर सेल को मिली तो जांच में साइबर ठगी के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ। रविवार सुबह साइबर सेल ने ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे पर मवीकलां के पास से गैंग के सरगना दिल्ली निवासी अनुज के साथ नोएडा की रहने वाली शिवानी, आशा, मोहित, पुनीत और बागपत निवासी वरदान और अक्षय को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सातों आरोपियों ने बड़ौत, नोएडा, दिल्ली और मुजफ्फरनगर में कॉल सेंटर चलाकर बेरोजगार युवाओं से ठगी करना स्वीकार किया। गिरोह के सदस्यों ने बताया कि वे ऑनलाइन साइट नौकरी डॉट कॉम और ओएलएक्स पर फर्जी विज्ञापन अपलोड कर देते थे। इसके बाद नौकरी के इच्छुक युवाओं की जानकारी मिलने के बाद उन्हें फोन कर संपर्क करते और फिर ऑनलाइन इंटरव्यू लेने से लेकर नियुक्ति पत्र भेजने की प्रक्रिया की जाती थी। इस प्रक्रिया में युवाओं से 20 से 25 हजार रुपये मंगवा लिए जाते थे। बाद में युवाओं का फोन ब्लैकलिस्ट कर देते थे। एसपी सूरज कुमार राय का कहना है कि ठगों के पास से 6450 युवाओं को भेजे गए नौकरी लगने के नियुक्ति पत्र बरामद किए गए है। इनमें से 20 युवाओं से ठगी होने की पुष्टि हुई है।

**स्क्रीप्ट लिखी डायरी मिल-** एसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के पास से एक डायरी बरामद हुई है। जिसमें लोगों से किस तरह बात करनी है। उन्हें किस तरह से अपने झांसे में लेना है, सभी बातें लिखी हुई है।

**कोरोनाकाल में खोले गए थे कॉल सेंटर-** एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि गिरोह का सरगना अनुज है, जो साल 2018 में बागपत और दिल्ली से जेल जा चुका है। कोरोना काल में अनुज ने कॉल सेंटर खोलकर अन्य युवकों को अपने साथ जोड़ा।

## नूंह में 3 लोगों ने किशोरी से खेत में किया गैंगरेप गंदे वीडियो इंटरनेट पर डालने की दी धमकी

**नूंह , एजेंसी।** गुरुग्राम से सटे हरियाणा के नूंह में एक 17 साल की लड़की के साथ उसके ही गांव के तीन लोगों ने कथित तौर पर रात भर गैंगरेप किया। आरोपी लड़की को बहला-फुसलाकर खेत में ले गए थे। आरोपियों ने उसे धमकी दी कि अगर उसने किसी को बताया तो वे घटना के वीडियो ऑनलाइन फैला देंगे। पीड़िता सभी आरोपियों को पहले से जानती थी। इस शर्मनाक घटना के संबंध में सदर तौरू पुलिस थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर शनिवार को तीन नामजद लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के मुताबिक, तीनों आरोपियों की पहचान वसीम, अफरोज और एक और वसीम के रूप में हुई है। उन्होंने कथित तौर पर लड़की पर कई महीनों तक उनके साथ संपर्क बनाए रखने के लिए दबाव डाला था। पीड़ित लड़की पिता ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उसे एक मोबाइल फोन दिया था और उससे उनके साथ संपर्क में रहने का दबाव डाला था।



## स्कूलों को सांप्रदायिक प्रयोगशाला में नहीं बदलने देंगे: केरल सरकार

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल सरकार ने रविवार को उन खबरों की कड़ी निंदा की, जिनमें दावा किया गया था कि कुछ निजी स्कूल प्रबंधनों ने क्रिसमस समारोहों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। छात्रों से इस कार्यक्रम के लिए एकत्र की गई धनराशि वापस कर दी। राज्य सरकार ने यह भी चेतावनी दी कि स्कूलों को सांप्रदायिक प्रयोगशालाओं में बदलने नहीं दिया जाएगा। माकपा के मुखपत्र देशाभिमानी ने एक समाचार प्रकाशित किया, जिसमें दावा किया गया कि संघ परिवार की ओर से संचालित कुछ स्कूलों और हिंदू प्रबंधन द्वारा संचालित एक निजी स्कूल ने क्रिसमस समारोह पर प्रतिबंध लगा दिया। हालांकि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (ऋस्स्) और उक्त स्कूल प्रबंधन ने इसका खंडन किया है। सरकार ने कहा कि केरल जैसे राज्य में ऐसी चीज पहले कभी नहीं देखी गई है, जहां लोकतांत्रिक चेतना का स्तर उच्च है। धर्मनिरपेक्ष परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। उसने कहा कि मामले की तत्काल जांच के आदेश दिए गए हैं। राज्य के सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने यहां पत्रकारों से कहा, 'धर्म या आस्था के आधार पर लोगों को बांटने वाले उत्तर भारतीय मॉडल को केरल के शिक्षा संस्थानों में लागू करने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी।

### तत्काल जांच और रिपोर्ट सौंपने के निर्देश

मंत्री ने कहा कि अधिकारियों को इस मामले की तत्काल जांच करने और रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। संपर्क करने पर आरएसएस के एक पदाधिकारी ने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार, ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने बताया, 'ऐसा फैसला लेने की कोई संभावना नहीं है। हम किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक समारोहों के खिलाफ नहीं हैं।' इस बीच, हिंदू प्रबंधन स्कूल के अधिकारियों ने भी स्पष्ट किया कि उनके संस्थान में क्रिसमस समारोह पर कोई प्रतिबंध नहीं है। मैनेजमेंट की ओर से कहा गया, 'भोजन विषाक्तता की आशंकाओं को देखते हुए उत्सव के दौरान केक काटने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## यूपी में कोहरा फिर बना कहर, बिजनौर में डंपर से टकराई क्रेटा कार, सभी चार लोगों की मौत

**बिजनौर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड के साथ गिर रहे घने कोहरे (स्मॉग) ने एक बार फिर कहर ढाया है। बिजनौर के नांगलसोती थाना क्षेत्र में विजिबिलिटी कम होने के कारण दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार क्रेटा कार सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में प्रसिद्ध हजरत कारी इकबाल भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, रविवार को मंडावली क्षेत्र में एक धार्मिक जलसे का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में नांगलसोती थाने के गांव सराय आलम निवासी हजरत कारी इकबाल मुख्य रूप से शामिल होने गए थे। रात करीब 12 बजे जलसा संपन्न होने के बाद मंडावली थाना क्षेत्र के गांव राहतपुर निवासी सलाउद्दीन, अशफाक और अहतसाम, हजरत कारी इकबाल को उनकी क्रेटा गाड़ी से सराय आलम छोड़ने जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी नांगलसोती थाना क्षेत्र के गांव अभिपुरा के समीप पहुंची, घने कोहरे के कारण चालक को सामने खड़ा खाली डंपर दिखाई नहीं दिया।

# नाइजर में होते हैं सबसे ज्यादा बाल विवाह

**कानो, एजेंसी।** 2025 में भी बाल विवाह दुनिया के सामने खड़ी सबसे गंभीर मानवाधिकार चुनौतियों में से एक बना हुआ है। भले ही कई देशों ने इसे खत्म करने के लिए सख्त कानून और सामाजिक सुधार लागू किए हों, लेकिन इसके बावजूद हर साल लाखों बच्चों की शादी 18 साल की उम्र से पहले कर दी जाती है। सवाल यह है कि आखिर वह कौन सा देश है, जहां आज भी बाल विवाह सबसे ज्यादा होते हैं?



**दुनिया में सबसे ज्यादा बाल विवाह कहां?:** 2025 के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, नाइजर बाल विवाह के मामले में दुनिया में सबसे ऊपर है। यहां करीब 76 प्रतिशत लड़कियों की शादी 18 साल की उम्र से पहले हो जाती है, जबकि लगभग 28 प्रतिशत लड़कियां 15 साल की उम्र से पहले ही विवाह के बंधन में बंध जाती हैं। माराडी जैसे कुछ इलाकों में हालात और भी भयावह हैं, जहां बाल विवाह की दर 89 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। इसकी एक बड़ी वजह देश का कानूनी ढांचा है, जहां लड़कों के लिए शादी की न्यूनतम उम्र 18 साल तय है, जबकि लड़कियों के लिए यह सीमा सिर्फ 15 साल रखी गई है।

**नाइजर में बाल विवाह क्यों है इतनी बड़ी समस्या? :** गहरी गरीबी नाइजर और अन्य कई अफ्रीकी देशों में बाल विवाह को बढ़ावा देने वाला सबसे बड़ा कारण मानी जाती है। जीवनयापन के लिए जूझ रहे परिवार कम उम्र में शादी को आर्थिक बोझ घटाने या दहेज से जुड़े फायदे के रूप में देखते हैं। इसके साथ ही शिक्षा की सीमित पहुंच हालात को और खराब कर देती है, क्योंकि जो लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, उनकी कम उम्र में शादी होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

**नाइजर के बाद कौन से देश हैं आगे? :** नाइजर के अलावा सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, चाड और माली जैसे देशों में भी बाल विवाह की दर बेहद ऊंची है। सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक में यह दर करीब 68त्न है, चाड में 67त्न और माली में लगभग 54त्न तक बताई गई है।

**भारत की स्थिति क्या कहती है? :** जहां नाइजर प्रतिशत के लिहाज से सबसे आगे है, वहीं भारत का रिकॉर्ड अलग लेकिन उतना ही चिंताजनक है। विशाल आबादी के कारण भारत में दुनिया में सबसे ज्यादा बाल वधुएं रहती हैं। 2025 तक अनुमान है कि भारत में करीब 22.24 करोड़ महिलाओं की शादी 18 साल से पहले हो चुकी है। आसान शब्दों में कहें तो दुनिया की हर तीन बाल वधुओं में से एक भारत में रहती है, जो इस समस्या की गंभीरता को साफ दिखाता है।

## नेपाल में विश्व ध्यान दिवस पर विशेष कक्षाएं, 50 हजार लोगों ने किया ध्यान



**काठमांडो, एजेंसी।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर रविवार को नेपाल में विशेष कक्षाएं आयोजित की गईं। आर्ट ऑफ लिविंग की नेपाल इकाई की तरफ से देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में एक सप्ताह तक चले कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक लोगों ने ध्यान अभ्यास किया। संयुक्त राष्ट्र की तरफ से घोषित विश्व ध्यान दिवस हर वर्ष 21 दिसंबर को विश्वभर में मनाया जाता है। इस बार दूसरा विश्व ध्यान दिवस था। आर्ट ऑफ लिविंग नेपाल के अनुसार, देश के विभिन्न विद्यालयों, कॉलेजों, शैक्षिक संस्थानों, सरकारी व निजी कार्यालयों, पुलिस, नेपाली सेना की इकाइयों तथा सामुदायिक केंद्रों में ध्यान सत्र आयोजित किए गए। इसके अलावा, एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने सात दिवसीय विशेष ध्यान अभ्यास पूरा किया।

**ध्यान की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया:** आयोजकों के अनुसार, सभी सत्र प्रशिक्षित शिक्षकों व स्वयंसेवकों के सहयोग से संचालित किए गए। मुख्य कार्यक्रम काठमांडो के शंखमूल स्थित आर्ट ऑफ लिविंग केंद्र में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सुधा शर्मा ने बदलती जीवनशैली, तनाव, चिंता व अवसाद के कारण मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि होने की बात कही। उन्होंने इन समस्याओं की रोकथाम और प्रबंधन में ध्यान की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

## पाकिस्तान को मिला तुर्किये की चापलूसी का इनाम, नौसेना में शामिल हुआ युद्धपोत पीएनएस खैबर



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तानी नौसेना को तुर्किये की चापलूसी का इनाम मिला है। तुर्किये में बनाया गया दूसरा एमआईएलजीईएम श्रेणी का जहाज रविवार को इस्लामाबाद को मिल गया है। यह जहाज दोनों देशों के बीच तकनीक हस्तांतरण समझौते क तहत बनाया गया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने एक बयान में कहा, इस्तांबुल नेवल शिपयार्ड में आयोजित एक समारोह में पीएनएस खैबर को कमीशन किया गया। तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तईब एर्दोआन और पाकिस्तान की नौसेना के प्रमुख एडमिरल नवीद अशरइस समारोह में मौजूद थे। बयान में दावा किया गया कि पीएन एमआईएलजीएम जहाज आधुनिक तकनीक वाले सतह युद्धपोत हैं। ये जहाज नवीनतम कमान एवं नियंत्रण प्रणाली से लैस हैं, जिन्हें आधुनिक हथियारों और सेंसर्स के साथ जोड़ा गया है। पाकिस्तान के लिए चार एमआईएलजीईएम श्रेणी जहाज बनाने का अनुबंध 2018 में किया गया था।

# उत्तर कोरिया में महिलाओं के लाल लिपस्टिक पर सख्त पाबंदी

**प्योंगयांग, एजेंसी।** सोचिए, आप सिर्फ अपनी सुंदरता बढ़ाने के लिए लाल लिपस्टिक लगाना चाहती हैंज्‍ और अचानक आपको लगता है कि ये एक अपराध है! एक ऐसा देश भी मौजूद है, जहां लाल लिपस्टिक सिर्फ फैशन का हिस्सा नहीं, बल्कि कानून के खिलाफ खड़ा होने वाला कदम माना जाता है। यहां आपकी खूबसूरती की आज़ादी भी सरकार की अनुमति पर निर्भर करती है।



**क्यों लाल रंग है प्रतिबंधित?:** उत्तर कोरिया की सरकार लाल लिपस्टिक और गहरे मेकअप को पश्चिमी संस्कृति और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संकेत मानती है। किम जोंग-उन के नेतृत्व वाली सरकार का मानना है कि यह युवाओं में व्यक्तिवाद और व्यक्तिगत ग्लैमर की भावना पैदा करता है, जो राज्य की सामूहिकता और नियंत्रण के सिद्धांतों के खिलाफ है। इसलिए यहां महिलाओं के लिए मेकअप को भी राजनैतिक दृष्टिकोण से परखा जाता है।

**'फैशन पुलिस' रहती है तैनात:** सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, महिलाएं केवल हल्के रंगों की लिपस्टिक और सीमित मेकअप इस्तेमाल कर सकती हैं। स्थानीय तौर पर तैयार कॉस्मेटिक्स की अनुमति है, लेकिन विदेशी ब्रांड और गहरे रंग वाले उत्पाद नियमों के खिलाफ माने जाते हैं। इन नियमों की निगरानी के लिए खास टीमें तैनात हैं, जिन्हें आमतौर पर 'फैशन पुलिस' कहा जाता है। ये टीमें सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों और सड़कों पर महिलाओं के पहनावे और मेकअप की जांच करती हैं।

**उल्लंघन की कीमत :** अगर कोई महिला लाल लिपस्टिक या अन्य प्रतिबंधित मेकअप का इस्तेमाल करती है, तो परिणाम गंभीर हो सकते हैं। मामूली उल्लंघन पर चेतावनी या जुर्माना मिल सकता है, लेकिन बार-बार नियम तोड़ने वालों को सार्वजनिक फटकार, पूछताछ, सुधारात्मक श्रम या अस्थायी हिरासत का सामना करना पड़ सकता है। मानवाधिकार समूहों के अनुसार, इन सजाओं में अक्सर पारदर्शी कानूनी प्रक्रिया का अभाव होता है।

**महिलाओं के हेयरस्टाइल भी सीमित :** उत्तर कोरिया में मेकअप पर पाबंदी केवल सौंदर्य का मामला नहीं है। यह समाज पर सरकार के नियंत्रण का हिस्सा है। जैसे ही महिलाओं के लिए हेयरस्टाइल सीमित हैं, वैसे ही मेकअप भी राज्य द्वारा तय सीमाओं में रहना चाहिए। विशेषज्ञ मानते हैं कि इस तरह के नियम नागरिकों की व्यक्तिगत पहचान पर रोक लगाकर उन्हें सत्ता के अनुकूल बनाने का तरीका हैं।

# जीरो एक्सीडेंट की ओर बढ़े बोकारो, सभी जरूरी कदम उठाएं : उपायुक्त

## समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने की जिला सड़क सुरक्षा की बैठक, संबंधित पदाधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त (डीसी) श्री अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, नगर निगम, पथ निर्माण विभाग, एनएचएआइ सहित अन्य संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सड़क सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और बोकारो जिले को जीरो एक्सीडेंट की दिशा में ले जाने के लिए सभी संबंधित विभागों को गंभीरता, संवेदनशीलता और आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा।

**अवैध एवं बेतरतीब पार्किंग दुर्घटनाओं का बड़ा कारण**

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सड़क किनारे अवैध एवं अनियंत्रित पार्किंग के कारण आवागमन बाधित होता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे स्थलों को चिन्हित कर नियमित एवं विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से पेटरवार चौक-जोधाड़ीह मोड़ तथा बालीडीह-जैनामोड़ क्षेत्र को अत्यधिक संवेदनशील बताते हुए इन स्थानों पर लगातार निगरानी रखने एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जोधाडीह से आइटीआइ मोड़ तक नेशनल हाइवे पर ट्रकों - टेलर की पार्किंग की भी बात सामने आई। जिस पर कहा कि ट्रक चालकों और ट्रांसपोर्टरों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बारझबार अवैध पार्किंग करने वालों - नियम तोड़ने वाले चालकों झ ट्रांसपोर्टरों के लाइसेंस को रद्द करने की कार्रवाई करें। उपायुक्त ने कहा कि नियम तोड़ने वालों में पुलिस-प्रशासन का खौफ दिखना चाहिए, तभी अनुशासन स्थापित होगा।

**बिना हेलमेट और सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई**

उपायुक्त ने हाइवे पर दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट नहीं पहनने तथा चार पहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट नहीं लगाने को गंभीर लापरवाही बताया। उन्होंने परिवहन एवं ट्रैफिक पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि इसके विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकांश गंभीर चोटें एवं मृत्यु हेलमेट और सीट बेल्ट के अभाव में होती हैं, जिसे किसी भी परिस्थिति में नजर अंदाज नहीं किया जा सकता।

**सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान आवश्यक**

उपायुक्त ने कहा कि केवल दंडात्मक कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि नागरिकों को नियमों के प्रति जागरूक करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने विद्यालयों, महाविद्यालयों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, बस स्टैंड, चौक-चौराहों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। इस बाबत महत्वपूर्ण चौक - चौराहों पर होर्डिंग - बैनर लगाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं और वाहन चालकों को यातायात नियमों के महत्व से अवगत कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

**सड़क निर्माण से पहले वैकल्पिक यातायात व्यवस्था अनिवार्य**

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में किसी भी सड़क निर्माण, मरम्मत अथवा चौड़ीकरण कार्य को शुरू करने से पहले वैकल्पिक यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के कारण आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसके लिए संबंधित विभाग पूर्व नियोजन के साथ कार्य करें।

**रात्रि में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश**

रात्रिकालीन दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए उपायुक्त ने रात्रि पुलिस पेट्रोलिंग को और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी थाना प्रभारियों को रैश ड्राइविंग, तेज गति से वाहन चलाने, अनावश्यक बाइक हार्निंग एवं बेवजह रात में घूमने वाले वाहन चालकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा। उपायुक्त ने दो पहिया वाहनों में हर्न मोडिफाइ कराने वाले वाहन चालकों, इसकी बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध भी कार्रवाई करने को कहा।

**अच्छा कार्य करने वालों को प्रोत्साहन देने की पहल**

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी, विभागीय कर्मी, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं आम नागरिकों को मोटिवेट एवं सम्मानित किया जाए। उन्होंने सड़क सुरक्षा से जुड़े बैच तैयार करने एवं सोशल मीडिया पर मैंने यातायात नियमों का पालन किया है, क्या आपने किया है ? जैसे सकारात्मक अभियानों को व्यापक रूप से चलाने पर बल दिया।

**सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने का निर्देश**

बैठक के अंत में उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी संबंधित विभाग नियमित समीक्षा, फील्ड मॉनिटरिंग और आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जिले में सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सके और आम नागरिक सुरक्षित महसूस करें। मौके पर माननीय सांसद धनबाद/गिरिडीह, माननीय विधायक प्रतिनिधि बेरमो-बोकारो - चंदनकियारी - गोमिया, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती मारूति मिंज, ट्रैफिक डीएसपी विद्या शंकर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, उत्पाद निरीक्षक, कार्यपालक अभियंता आरसीडी, प्रतिनिधि राष्ट्रीय राज मार्ग (एनएचआइ), सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## पेंशन कोई उपकार नहीं, बल्कि सेवानिवृत्त कर्मियों का वैधानिक अधिकार: उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में पेंशन से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन एवं सेवानिवृत्त कर्मियों को समय पर लाभ दिलाने के उद्देश्य से सोमवार को सुशासन सप्ताह के तहत समाहरणालय सभागार में पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने की। मौके पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, मुख्यालय डीएसपी श्री अनिमेश गुप्ता, डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रीमती शालिनी खालखो, स्थापना उप समाहर्ता श्री प्रेम चंद सिन्हा, जिला कोषागार पदाधिकारी गुलाब चांद उरांव, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। आयोजित पेंशन अदालत में विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 65 लंबित मामलों पर क्रमवार सुनवाई की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि पेंशन से जुड़े किसी भी लंबित आवेदन को 15 से 30 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत निष्पादित किया जाए। उन्होंने कहा कि पेंशन से संबंधित अनावश्यक देरी से सेवानिवृत्त कर्मियों को मानसिक एवं आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**प्रतिमाह लंबित पेंशन की होगी समीक्षा**

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि पेंशन मामलों की नियमित समीक्षा होगी। प्रत्येक माह पेंशन मामलों की सुनवाई अनिवार्य रूप से किया जाए। इस बाबत जिला पेंशन एवं लेखा पदाधिकारी एवं स्थापना उप समाहर्ता को जरूरी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन होगा तथा सेवानिवृत्त कर्मियों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

**आधार, पैन एवं बैंक विवरण में त्रुटियों को तुरंत दूर करें**

उपायुक्त ने सभी विभागों के स्थापना पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मियों के आधार, पैन एवं बैंक खाते में नाम से संबंधित किसी भी प्रकार की त्रुटि को शीघ्र दुरुस्त कराएं। ताकि पेंशन शुरू करने के समय किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों में छोटी-छोटी त्रुटियां पेंशन भुगतान में अनावश्यक विलंब का बड़ा कारण बनती हैं, जिसे समय रहते ठीक करना आवश्यक है।

**एजी कार्यालय के वरीय लेखा पदाधिकारियों ने दी महत्वपूर्ण जानकारी**

पेंशन अदालत में महालेखाकार (एजी) कार्यालय, रांची से पहुंचे वरीय लेखा पदाधिकारी श्री अजीत राजू राजन मिंज एवं श्रीमती असाई माई परेया ने पेंशन से जुड़े विभिन्न मामलों को केस स्टडी के माध्यम से समझाया और आमतौर पर आने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान की जानकारी दी। उन्होंने पेंशनरों एवं विभागीय पदाधिकारियों को विभाग द्वारा तैयार किए गए शिकायत निवारण पोर्टल 'समाधान' के बारे में विस्तार से बताया और इसके माध्यम से पेंशन संबंधी शिकायतों के ऑनलाइन समाधान की प्रक्रिया समझाई।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच साईबर अपराधियों को पुलिस ने दबोचा



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सुचना के आधार पर धनबाद पुलिस को मिली बड़ी सफलता ।बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के पुराना बाजार स्थित मयहर होटल में छापेमारी कर पांच साईबर अपराधियों को दबोचा गया सीटी एसपी ने प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बतलाया की वरिय पुलिस अधिक्षक को मिली गुप्त सुचना के आधार पर गठित टीम के द्वारा की गयी कार्यवाही में पांच साईबर अपराधियों को पकड़ा गया है ।जिनके पास से दस मोबाइल फोन सोलह सीम कार्ड अड़तीस बैंक खाते एक फिंगरप्रिंट क्लोन पेटीएम कंपनी के पोस मशीन एक महीन्द्रा स्कार्पियो और छह हजार नगदी भी जप्त किया गया । अपराधियों द्वारा फर्जी एपीके फाइल जैसै डीटीओ इ चालान एसबीआई रिवार्ड योनो एसबीआई भेज कर ओटीपी एक्सेस एडमीनप्लान की मदद से खातों से पैसों की निकासी करते थे ।पकड़े गये पांच अपराधियों में दो सुरज चौहान ,साहिल खा,उत्तर प्रदेश का और पिन्टु कुमार मंडल गिरिडीह , बिकू साह रोहतास बिहार ,और एक बसंत कुमार मंडल धनबाद भूली का रहने वाला है । पांचों होटल में रहकर साईबर ठगी का काम करते थे ।

### फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में किया गया। कार्यशाला में सिविल सर्जन द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने इसके सफल क्रियान्वयन के लिए सुक्ष्म कार्य योजना बनाने, फाइलेरिया रागियों के लिए एमएमडीपी कीट का प्रयोग करने, फाइलेरिया क्लिनिक के सफल संचालन, जन-जागरूकता, पर्यवेक्षण, रिपोर्टिंग इत्यादि पर विशेष चर्चा की। सिविल सर्जन द्वारा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी से प्रशिक्षण में बताई गई सूचना को अपने क्षेत्र में अक्षरशः लागू करने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण में जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार, डॉ हासिब क्षेत्रीय समन्वयक नेगलेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज, जिला वीबीडी सलाहकार श्री रमेश कुमार सिंह, पीरामल स्वास्थ्य के जिला प्रतिनिधि आबिद सरदार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टुंडी, तोपचांची एवं निरसा के समुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डीसी ने की पीएम-कुसुम योजना की समीक्षा

**समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में की बैठक, दिया आवश्यक दिशा - निर्देश**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा की अध्यक्षता में पीएम-कुसुम योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) श्रीमती शताब्दी मजूमदार, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह व अन्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान नोडल पदाधिकारी ने जानकारी दी कि जिले के सभी प्रखंडों से कुल 948 आवेदन आनलाइन पीएम-कुसुम योजना अंतर्गत प्राप्त हुए। जिन्हें संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) को भौतिक सत्यापन के लिए भेजा गया। जिसमें से 923 आवेदनों का भौतिक सत्यापन के बाद जिला भेजा गया। जिला स्तर पर कुल 893 आवेदनों को योग्य पाया गया। जिसे जिला स्तरीय समिति की बैठक में अनुमोदित कर जरेडा को भेजने की स्वीकृति दी गई, जबकि शेष आवेदनों को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

## सुशासन सप्ताह : बोकारो में प्रशासन बना जनता का सहभागी

### उपायुक्त अजय नाथ झा के नेतृत्व में जन-केंद्रित, पारदर्शी और जवाबदेह शासन की मिसाल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सुशासन के तहत जिला स्तर के वरीय, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिकारी गांव-गांव जाकर आम लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। इन अभियानों में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे प्रशासन और जनता के बीच संवाद एवं विश्वास को मजबूती मिली है। इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार (हम आपको सुनते हैं...) में नागरिकों की समस्याओं की व्यक्तिगत सुनवाई कर समयबद्ध समाधान किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रखंडों में भी बीडीओ - सीओ द्वारा किया जा रहा है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के संबंधित पोर्टलों के माध्यम से जिले में कुल 1272 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1212 शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर समाधान कर लिया गया है। शेष 60 शिकायतें प्रक्रियाधीन हैं, जिन पर शीघ्र कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार (सेवा का अधिकार सप्ताह) कार्यक्रम के तहत 46,357 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 40,404 आवेदनों का त्वरित एवं पारदर्शी निष्पादन किया गया है। डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बोकारो जिला प्रशासन द्वारा ई-जनसेतू नामक मोबाइल ऐप विकसित किया गया है। इस ऐप के माध्यम से नागरिक घर बैठे अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं और शिकायतों की प्रगति व समाधान की स्थिति की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। यह पहल प्रशासन को अधिक जन-सुलभ और तकनीक-सक्षम बना रही है। उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिले के सभी वरीय अधिकारी प्रत्येक शनिवार को पूरे दिन क्षेत्र भ्रमण (हमारा गांव - हमारे लोग) कर आमजनों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। इन कार्यों की नियमित समीक्षा उपायुक्त स्वयं करते हैं।

## संख्या के जादूगर श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9/डी बोकारो में संख्याओं के जादूगर श्रीनिवास रामानुजन जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के भैया - बहनों के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे - भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, गणितीय दौड़, गणितीय प्रोजेक्ट प्रदर्शन , आदि क्रियाकलाप किए गए। जिसमें भैया - बहनों ने खूब आनंद लिया । सभी ने बढ़ चढ़कर इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया और रामानुजन जी के जीवन से प्रभावित हो उनके जैसे बनने का निश्चय किया । इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों ने रामानुजन जी के विषय में अपनी बातों को रखा । विद्यालय के गणित के आचार्य सुभाष कुमार ने भैया - बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि गणित के क्षेत्र में इनका योगदान अविस्मरणीय है। तमिलनाडु के एक छोटे से गांव से निकालकर पूरे विश्व को संख्या का ज्ञान देने वाला ऐसा बालक इस संसार में अद्वितीय रहा । विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि रामानुजन जी को ऐसे ही संख्या का जादूगर नहीं कहा गया है। उनकी दक्षता संख्या सिद्धांत अनंत श्रेणियां और गणितीय विश्लेषण में उत्कृष्ट थी। उनकी खोजें आधुनिक गणित और विज्ञान की आधारशिला बनी । उन्होंने स्वाध्याय के बल पर गणित सिखा और 3884 प्रमेयों का संकलन किया। जिनमें से अधिकांश को सही सिद्ध किया जा चुका है। गणित को खेल-खेल में और अपने जीवन से जोड़कर सीखने की आवश्यकता है। आज देश की युवा पीढ़ी को चाहिए कि रामानुजन जी के बताएं पथ पर चले देश को विश्व गुरु बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर राम नारायण सिंह, प्रभारी आचार्य चंदन सरकार, नेहा कुमारी, मेघनाथ कुमार, सहित सभी आचार्य दीदी जी एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय गणित दिवस एवं खाद्य मेला का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-3/सी स्थित विद्या भारती विद्यालय, पूज्य तपस्वी जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार, 22 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जी की जयंती श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध डॉ. बी. के. सिंह रहे। विशिष्ट अतिथियों में विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव श्री राजकुमार सिंह जी, कोषाध्यकक्षा स्वाति श्री जी, सेक्टर-2 स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य श्री उपेन्द्र पांडेय जी तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री संजीव कुमार जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीनिवास रामानुजन जी के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में रामानुजन जी के गणितीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को परिश्रम, नवाचार एवं अनुशासन का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा खाद्य मेला का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट एवं स्वदेशी व्यंजनों के स्टॉल लगाए। खाद्य मेले के माध्यम से विद्यार्थियों ने व्यावहारिक ज्ञान, उद्यमशीलता एवं टीमवर्क का उत्कृष्ट परिचय दिया। कार्यक्रम में अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों की अच्छी उपस्थिति रही। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों, आचार्य-आचार्याओं एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## नगर सेवा भवन पर प्रदर्शन

### झुग्गीवासियों और फुटपाथ दुकानदारों का हो पुनर्वास




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झुग्गी-झोंपड़ी वासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ के बैनर तले सोमवार को नगर सेवा भवन बोकारो पर प्रदर्शन किया गया। बोकारो इस्पात प्रबंधन के संपदा न्यायालय के अतिक्रमण हटाओ अभियान के विरोध में किया गया था। प्रदर्शन के माध्यम से महासंघ द्वारा 14 सूत्री मांगपत्र सेल अध्यक्ष के नाम से मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं को सौंपा गया। महासंघ के संरक्षक कुमार राकेश ने मांगपत्र सौंप कर शीघ्र समाधान की मांग की। सौपे गये मांगपत्र में बोकारो इस्पात नगर के सभी झुग्गीवासियों और फुटपाथ दुकानदारों का सर्वे कराने, पथ-विक्रेता अधिनियम 2014 के तहत फुटपाथ दुकानदारों को पुनर्वासित करने, प्रभावित मीट-मुर्गा दुकानदारों को पुनर्वासित करने, प्रभावित अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के झुग्गीवासियों को आवास देने, अतिक्रमण अभियान के दौरान तोड़ी गयी लाइसेंसी दुकान को मुआवजा देने,सेक्टर पांच हटिया में बिना सुविधा प्रदान किये शुल्क वसूली बंद करने, लीज और लाईसेंस के आवासों के अतिरिक्त निर्माण को नियमित करने, ठेका श्रमिकों को खाली ई-टाइप आवास आवंटित करने, सभी खटालवासियों को कामधेनु खटाल की तरह जगह आवंटित करने, वर्ष 1996-97 के ठेला आवेदकों के लाइसेंस निर्गत करने, वर्ष 2011 के नयू-सिटी सेंटर प्लॉट आवेदकों को आवंटन, विस्थापित नन पंचायत गांवों में बिजली-पानी, सड़क, विद्यालय आदि प्रदान करने, नगर के सभी झुग्गियों और फुटपाथ दुकानों में सशुल्क बिजली-पानी का मीटर लगाने तथा केन्द्र और राज्य सरकार की सभी योजनाएँ नगर और नन पंचायत में लागू करने की मांगे शामिल हैं। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए महासंघ के संरक्षक और आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने कहा कि सेल के अन्य कई शहरों में झुग्गीवासियों और फुटपाथ दुकानदारों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएँ लागू हैं। उन्हें यहां भी लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने के बाद की जा रही तार की फेनसिंग हटाई जाये या उसमें रास्ता दिया जाये। मीट दुकानदारों, अन्य दुकानदारों और प्रभावित झुग्गीवासियों का पुनर्वास प्रबंधन की नैतिक जिम्मेवारी है।

प्रदर्शन में महासंघ के जिलाध्यक्ष श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, कार्यकारी अध्यक्ष संजय रजक, उपाध्यक्ष सत्येंद्र ठाकुर, लखन महतो, रघुनंदन वर्णवाल, अमित कुमार आदि ने विचार रखे। मौके पर उपाध्यक्ष गोविंद जायसवाल, स्थानीय कमिटियों के पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य कैलाश महतो, ,संजय कुमार साव, अशोक कुमार, प्रशांत कुमार सिन्हा, अमित वर्णवाल, धर्मपाल कुमार, मो रुस्तम, मुकेश मेहता, इरफान अंसारी,अनिल मुंडा, प्रभात कुमार सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बीएसएल में मेकेनिकल डिकैंटर स्लज चार्जिंग सिस्टम का उद्घाटन







पुरस्कारों से सम्मानित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट ने सतत अपशिष्ट प्रबंधन एवं परिचालन उत्कृष्टता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग के वाई-21 टेल एंड पर नवनिर्मित मेकेनिकल डिकैंटर स्लज चार्जिंग सिस्टम लगाया गया है, जिसका का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री प्रिय रंजन एवं अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन्स) श्री अनुप कुमार दत्त द्वारा किया गया. इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (सीओ & सीसी) श्री भास्कर प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे. यह अत्याधुनिक प्रणाली सर्कुलर इकॉनमी एवं वेस्ट-टू-वेल्थ की अवधारणा का प्रभावशाली उदाहरण है. इसके माध्यम से पूर्व में सुरक्षित लैंडफिल में निस्तारित किए जाने वाले खतरनाक टार डिकैंटर स्लज को अब सुरक्षित, नियंत्रित एवं वैज्ञानिक पद्धति से कोक निर्माण प्रक्रिया में कोयला मिश्रण के रूप में पुनः उपयोग में लाया जा रहा है. इस पहल से न केवल वर्जिन कोयले पर निर्भरता में कमी आएगी, बल्कि लैंडफिल निस्तारण की आवश्यकता भी समाप्त हो जाएगी. इस प्रणाली के क्रियान्वयन से मिट्टी प्रदूषण, स्लज परिवहन से होने वाले उत्सर्जन तथा असुरक्षित मैनुअल हैंडलिंग जैसे पर्यावरणीय एवं व्यावसायिक जोखिमों में उल्लेखनीय कमी आएगी. पूर्णतः

**सर्कुलर इकॉनमी एवं ईएसजी प्रतिबद्धताओं को मजबूती**

यांत्रिक एवं इन-हाउस अभिकल्पित यह प्रणाली परिचालन दक्षता में वृद्धि, कार्यस्थल सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा प्रक्रिया गवर्नेंस को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी, साथ ही इसके माध्यम से महत्वपूर्ण लागत बचत भी सुनिश्चित होगी. कोयले की खपत में कमी तथा स्लज परिवहन के उन्मूलन से कार्बन फुटप्रिंट में कमी आएगी, जिससे भविष्य में कार्बन क्रेडिट अर्जन की संभावनाएं भी सृजित होंगी. समग्र रूप से यह परियोजना पर्यावरण, सामाजिक एवं शासन (ईएसजी) सिद्धांतों के प्रति बीएसएल की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दशार्ती है, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षित कार्यस्थल के माध्यम से सामाजिक उत्तरदायित्व तथा सतत अनुपालन-आधारित एवं आर्थिक रूप से व्यवहार्य अपशिष्ट प्रबंधन को प्राथमिकता दी गई है. इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने इस अभिनव एवं सराहनीय पहल के लिए परियोजना से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयासों की प्रशंसा की तथा भविष्य में भी इस प्रकार की नवाचारी एवं पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया.

**सेल संचार उत्कृष्टता के लिए आठ प्रतिष्ठित पीआरसीआई राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित**

देश की सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी इस्पात उत्पादक कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) द्वारा आठ प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है. ये पुरस्कार देहरादून में 13 से 15 दिसंबर, 2025 तक आयोजित 47वें ऑल इण्डिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदान किए गए. ये सम्मान कॉर्पोरेट संचार के क्षेत्र में सेल के अभिनव दृष्टिकोण, विशेष रूप से अत्याधुनिक तकनीक के सफल एकीकरण और राष्ट्रीय विकास के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को मान्यता देते हुए प्रदान किए गए. सेल ने विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष सम्मान हासिल किए हैं, जो इसकी बहुआयामी संचार रणनीति को दशार्ते हैं: जनसंपर्क अभियान में एआई का सर्वश्रेष्ठ उपयोग: सेल द्वारा निर्मित एआई - संचालित न्यूज बुलेटिन, एआई सेल ट्रैक के लिए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145865 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com